* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

02 सितंबर, 2024
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 313

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


गृह मंत्रालय ने गुजरात में नुकसान आकलन के लिए अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल बनाया









FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
M.Sc. Nursing
Post Basic B. Sc. Nursing
B.Sc. Nursing
GNM (General Nursing And Midwifery)
ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
BMLT
DMLT
OT ASSISTANT
ECG
OPHTHALMIC ASST.
CRITICAL CARE (ICU)
RADIO-IMAGING
ANESTHESIA TECH.
DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


## थम नहीं रहा उत्पाद सिपाही बहाली टेस्ट में मौत का सिलसिला

# साहिबगंज में रांची के युवक की मौत, 18 बेहोश

● नामकुम थाना के रामपुर गांव का रहनेवाला था युवक

कार्तिक कुमार

**साहिबगंज (आजाद सिपाही)।** उत्पाद सिपाही बहाली की शारीरिक जांच परीक्षा के दौरान मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पलामू और हजारीबाग के बाद साहिबगंज में रविवार को एक अभ्यर्थी की मौत हो गयी। रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के रामपुर गांव का विकास लिंडा शनिवार को दौड़ के दौरान बेहोश हो गया था। उसके बाद उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां रविवार को उसने दम तोड़ दिया। जैप-09 परिसर में आयोजित इस परीक्षा में एक दर्जन से अधिक अभ्यर्थी बेहोश हो गये थे। उन सभी को पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष राम प्रसाद, उपाध्यक्ष मंटू कुमार पासवान, मंत्री नवीन मुर्मू और केंद्रीय सदस्य मनीष कुमार मानवेल ने सदर अस्पताल भेजा था। बेहोश हुए अभ्यर्थियों में अरवल के विपिन कुमार, गढ़वा के मनीष तिवारी, जयपुर के मेलप्रेम, कुसमा के रविशंकर साह, गिरिडीह के गौतम यादव, रांची के कौशिक राही, रोहतास के बलवंत कुमार, लातेहार के रमेश खलखो, चतरा के पंकज कुमार और रांची की आरती कुमारी सहित अन्य शामिल हैं। वहीं रविवार को हुई दौड़ में छह अभ्यर्थियों की तबीयत बिगड़ गयी, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राज्य के सात केंद्रों पर चल रही शारीरिक जांच परीक्षा के दौरान अब तक 10 से अधिक अभ्यर्थियों की मौत हो चुकी है और सौ से अधिक बेहोश हुए हैं। उनमें से कइयों का इलाज अब भी चल रहा है।

**रविवार को छह अभ्यर्थी की तबीयत बिगड़ी :** इधर रविवार को दौड़ के दौरान फिर छह अभ्यर्थियों की हालत बिगड़ गयी। सभी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें बोधगया के राकेश कुमार, सरायकेला के कर्मवीर महतो, राजन मेहता, धनबाद के कुमार आंशु, गोड्डा के कमलेश मालतो और पश्चिमी सिंहभूम के महेंद्र सिंह शामिल हैं।

**उत्पाद मंत्री वैद्यनाथ राम ने सचिव से मांगी रिपोर्ट :** अभ्यर्थियों की मौत की घटनाओं ने राज्य मुख्यालय में भी खलबली मचा दी है। उत्पाद मंत्री बैद्यनाथ राम ने इस बारे में विभागीय सचिव से पूरी जानकारी ली है। हालांकि यह परीक्षा पुलिस विभाग द्वारा ली जा रही है और इसमें उत्पाद विभाग का सीधा हस्तक्षेप नहीं है। फिर भी मंत्री ने घटनाक्रम पर रिपोर्ट मांगी है।


विकास लिंडा

### मांडू के तालो हांसदा के इलाज के लिए सीएम ने की पहल

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हजारीबाग में दौड़ परीक्षा में बेहोश हुए मांडू, रंगुबेरा के तालो हांसदा के समुचित इलाज का निर्देश रामगढ़ के उपायुक्त को दिया है। अस्पताल में भर्ती तालो की हालत नाजुक थी। सोशल मीडिया पर तालो की तस्वीर के साथ सीएम को इस आशय का संदेश भेजा गया था। इस पर सीएम ने तत्काल डीसी को निर्देश दिया। रविवार को डीसी ने सीएम को सूचित किया कि तालो हांसदा की हालत अब काफी अच्छी है। वह हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल में भर्ती है और 24 घंटे के अंदर डिस्चार्ज भी हो जायेगा। डीसी चंदन कुमार ने सीएम को सूचित किया है कि प्रशासन परिजनों से संपर्क में है।

### सभी केंद्रों पर की गयी मेडिकल टीम तैनात

इधर झारखंड पुलिस ने उत्पाद सिपाही बहाली की शारीरिक परीक्षा के लिए बनाये गये केंद्रों पर मेडिकल टीम की तैनाती की है। यह परीक्षा स्मार्ट सिटी क्षेत्र धुर्वा, झारखंड जगुआर टेंडर ग्राम, पुलिस केंद्र गिरिडीह, जेएपीटीसी पदमा हजारीबाग, चियांकी हवाई अड्डा मेदिनीनगर पलामू, सीटीसी स्वासपुर मुसाबनी और जैप 9 कैंपस साहिबगंज में हो रही है। पुलिस मुख्यालय ने बताया है कि अभ्यर्थियों की मौत के मामलों में यूडी केस दर्ज किया गया है। मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए सभी केंद्रों पर मेडिकल टीम की तैनाती की गयी है। वहां दवा के अलावा एंबुलेंस की भी व्यवस्था है। इसके अलावा सभी सेंटरों पर पीने का पानी, ओआरएस पैकेट, स्ट्रेचर और मेडिकल बेड की भी व्यवस्था की गयी है। कोशिश की जा रही है की दौड़ का आयोजन धूप निकलने से पहले हो जाये। सभी केंद्रों पर चलंत शौचालय की भी व्यवस्था की गयी है। आइजी अभियान अमोल होमकर ने कहा कि अभ्यर्थियों के लिए कई सुविधाओं की व्यवस्था की गयी है। सभी केंद्रों पर अभ्यर्थियों की पारदर्शी चयन प्रक्रिया और उनके सहयोग और सुविधा के लिए बहुत सारी व्यवस्था की गयी है। ऐसा देखा जा रहा है कि बेहोश होने वाले अपना नाम-पता भूल रहे हैं। हो सकता है कि उन्होंने कोई क्षमतावर्द्धक दवा ली हो। इस बीच विभाग की ओर से अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि शारीरिक दक्षता परीक्षा में पारदर्शिता बरती जाये और परीक्षा में शामिल होनेवाले अभ्यर्थियों के लिए सभी तरह की सुविधा उपलब्ध करायी जाये।

### जान गंवाने वाले छात्रों के मामलों की जांच हो: सुदेश



आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़ में इतनी बड़ी संख्या में मौत होना चिंताजनक है। केंद्रों पर बुनियादी व्यवस्था मुहैया कराने की आवश्यकता थी, वह भी नहीं करायी गयी। अभ्यर्थी रात भर जाग रहे थे। सुबह कड़ी धूप में छात्रों को दौड़ लगाने के लिए कहा जा रहा। यह अमानवीय है। इसे तत्काल रोका जाना चाहिए। साथ ही मौत की जांच होनी चाहिए।

### बाबूलाल मरांडी ने फिर सरकार को घेरा



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस मुद्दे को लेकर एक बार फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने दुमका में रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि उत्पाद सिपाही भर्ती की अधिसूचना 8 अगस्त को निकली और 14 अगस्त को एडमिट कार्ड दिया गया। शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए 22 अगस्त से दौड़ का आयोजन शुरू किया गया। ऐसे में महज 15 दिनों में अभ्यर्थी दौड़ की क्या तैयारी करेंगे? उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की ओर से आपाधापी में भादो की उमस भरी गर्मी में दौड़ आयोजित कराने के कारण ही इतने युवक मौत के मुंह में समा गये। हेमंत सरकार ने भर्ती केंद्रों पर ना तो पीने के पानी की व्यवस्था की है, ना शौचालय की और ना ही छोटे बच्चों को स्तनपान कराने की कोई व्यवस्था है। ऐसी कुव्यवस्था से तो बेरोजगार युवा मरेंगे ही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन युवकों की मौत की न्यायिक जांच कराये और मृत युवकों के आश्रितों को उचित मुआवजा तथा सरकारी नौकरी उपलब्ध कराये।

## मंईयां सम्मान योजना का दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम 4 को नामकुम में

# सीएम हेमंत देंगे पांच जिलों की तीन लाख से अधिक लाभुकों को सौगात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 4 सितंबर को नामकुम खोजाटोली आर्मी कैंप स्थित कुटियातु चौक के पास आर्मी ट्रेनिंग ग्राउंड में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री द्वारा लाभुकों के बीच योजना के स्वीकृति पत्र का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम में अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के पांच जिलों रांची, सिमडेगा, गुमला, खूंटी एवं लोहरदगा से लाभुक शामिल होंगे। कार्यक्रम के संचालन हेतु निर्धारित कार्य एवं दायित्वों के ससमय निर्वहन हेतु पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति का आदेश उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा दिया गया है। कार्यक्रम में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के पांच जिलों रांची, सिमडेगा, गुमला, खूंटी एवं लोहरदगा से तीन लाख से अधिक लाभुक शामिल होंगे।



# झारखंड में घुसपैठ से बर्बादी पर चिंतित हैं चंपाई सोरेन: शिवराज

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। केंद्रीय मंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाजपा में आने पर फिर एक बार प्रतिक्रिया दी है। वह रविवार को मध्यप्रदेश में अपने लोकसभा क्षेत्र विदिशा के दौरे पर थे। उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन सच में झारखंड के टाइगर हैं। आंदोलन की भट्ठी में तप कर निकले ऐसे नेता हैं, जिन्होंने झामुमो को खड़ा किया और अलग झारखंड बनने में भी उनकी उल्लेखनीय भूमिका है। जनता में उनका आदर है। वह झारखंड को बचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी में आये हैं। चौहान ने कहा कि जिस ढंग से विदेशी घुसपैठ के कारण झारखंड तबाह और बर्बाद हो रहा है, बेटियों से शादी करके उनके नाम पर जमीन खरीदी जा रही है, चंपाई उससे चिंतित हैं। जिस ढंग से नोटों के पहाड़ बरामद हो रहे हैं, भ्रष्टाचार चरम पर है, उससे वह चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि जिस ढंग से उन्हें अपमानित किया गया, मुख्यमंत्री होते हुए भी नियुक्ति पत्र नहीं बांटने दिया गया, कार्यक्रम नहीं करने दिया गया, वह अभूतपूर्व था। झामुमो अब पति-पत्नी की पार्टी बन कर रह गयी है। इसलिए चंपाई ने झारखंड को बचाने के लिए भाजपा का दामन थामा है। ठगबंधन की सरकार जाना अब तय है। भारतीय जनता पार्टी अब सरकार बनायेगी। उन्होंने कहा कि मेरे मन में चंपाई सोरेन के लिए आदर और बढ़ गया है।



## न्यूज रील्स

### केसी त्यागी ने पद से इस्तीफा दिया

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद उनके अगले कदम को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म हो गया है, लेकिन केसी त्यागी ने मीडिया में दावा किया कि वह नीतीश कुमार और जदयू का साथ कभी नहीं छोड़ेंगे। वह पार्टी में बने रहेंगे और पार्टी के मुख्य प्रवक्ता की तरह नहीं, लेकिन एक कार्यकर्ता के तौर पर अपनी बात मजबूती से रखते रहेंगे। उनके पास अभी भी पार्टी के सलाहकार का पद है और वे इस पद पर काम करते रहेंगे। दरअसल, केसी त्यागी समाजवादी विचारधारा के राजनीतिज्ञ रहे हैं। उनकी पूरी राजनीति समाजवादी विचारधारा से प्रेरित नेताओं और राजनीतिक दलों के आसपास रही है।

### असम के टीएमसी अध्यक्ष रिपुन बोरा ने पार्टी छोड़ी

गुवाहाटी (आजाद सिपाही )। असम तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के अध्यक्ष रिपुन बोरा ने रविवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने दावा किया कि पूर्वोत्तर राज्य के लोग टीएमसी को पश्चिम बंगाल की क्षेत्रीय पार्टी मानते हैं और इसे अपना मानने को तैयार नहीं हैं। रिपुन बोरा ने टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी को लिखे पत्र में कहा कि उन्होंने पार्टी सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को असम में टीएमसी को स्वीकार्य बनाने के लिए कई सुझाव दिये थे, लेकिन उन सुझावों को लागू ही नहीं किया गया। पूर्व राज्यसभा सदस्य रिपुन बोरा ने अपने भावी कदम की जानकारी नहीं दी है।

# बंगाल में फिर यौन उत्पीड़न, उत्तर 24 परगना में बवाल

बीरभूम के अस्पताल में नर्स से भी छेड़छाड़

आजाद सिपाही संवाददाता


**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर से दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है कि उत्तर 24 परगना में एक नाबालिग से छेड़छाड़ की घटना से तनाव हो गया है। हालात इस कदर बिगड़ गये कि गुस्साई भीड़ ने कथित आरोपी के घर और उसके रिश्तेदार की दुकान पर हमला कर दिया। स्थिति को देखते हुए रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती कर दी गयी है। वहीं बीरभूम जिले में भी एक अस्पताल में नर्स से छेड़छाड़ की घटना सामने आयी है।

खबर के अनुसार, उत्तर 24 परगना के राजबाड़ी इलाके में एक व्यक्ति ने नौ साल की बच्ची का यौन उत्पीड़न किया। जैसे ही लोगों को इसके बारे में पता चला, तो उन्होंने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना को लेकर लोगों का गुस्सा उस वक्त भड़क गया, जब कथित तौर पर स्थानीय टीएमसी नेता ने पीड़ित के परिवार से मामले को सेटल करने के लिए कहा। गुस्साये लोगों ने टीएमसी नेता के घर पर हमला कर दिया। इसके बाद आरएएफ ने हालात को नियंत्रण करने के लिए बल का प्रयोग किया। इस दौरान आंसू गैस के गोले भी छोड़े गये। पीड़िता के पिता का कहना है कि आरोपी उनके गांव का ही निवासी है। मैं इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता कि वह ऐसा कर सकता है। मेरी बेटी नौ साल की है और वह घर से मेरी दुकान पर आयी थी। उसी दौरान आरोपी ने उसका यौन उत्पीड़न किया। मेरी मांग है कि उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाये। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



### बीरभूम जिले में नर्स से छेड़छाड़

एक अन्य घटना में बीरभूम जिले के इल्लमबाजार इलाके में स्थित एक अस्पताल में नर्स के साथ छेड़छाड़ होने की घटना सामने आयी है। नर्स का आरोप है कि रूटीन के तहत जब वह मरीजों की जांच कर रही थी, उसी दौरान एक मरीज ने उसे गलत तरीके से छुआ। जब नर्स ने इसका विरोध किया, तो आरोपी मरीज ने नर्स के साथ गाली-गलौज की। नर्स की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी मरीज को गिरफ्तार कर लिया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 86,000 रु./प्रति किलो |



# 2019 के विस चुनाव की गलतियों में छिपा है भाजपा के लिए मंत्र

## ■ गंभीरता से आकलन करने पर पता चलता है, अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारना किसे कहते हैं

## ■ 20 सीटें कह रही हैं खुद अपनी गाथा, दिल लगाया किसी और से, ब्याह हो गया कहीं और

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड में आसन्न विधानसभा चुनाव के बीच जिस तरह के सियासी घटनाक्रम घट रहे हैं, उनसे यह तो साफ हो गया है कि यह चुनाव बेहद रोमांचक होने के साथ कई नये समीकरणों को आकार देगा। आम तौर पर चुनावी संभावनाओं का आकलन पिछले चुनाव परिणामों को ध्यान में रख कर किया जाता है, तो इस बार झारखंड में होनेवाला विधानसभा चुनाव भी अप्रत्याशित परिणामों की तरफ बढ़ता दिखाई दे रहा है। यदि 2019 और 2024 में हुए लोकसभा चुनावों के परिणामों का विश्लेषण किया जाये, तो साफ हो जाता है कि झारखंड के मतदाता बेहद सुलझे हुए हैं। लोकसभा चुनाव में वे देश को ध्यान में रख कर वोट करते हैं, तो विधानसभा चुनाव में स्थानीय मुद्दों पर। दो लोकसभा चुनाव और 2019 के विधानसभा चुनाव के परिणाम बताते हैं कि भाजपा-आजसू का गठबंधन अब भी झारखंड में अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे है। हालांकि 2019 के विधानसभा चुनाव में यह गठबंधन टूट गया था, इसलिए इसका नुकसान दोनों ही दलों को उठाना पड़ा था। करीब 20 ऐसी सीटें हैं, जो अपना हाल खुद बयां कर रही हैं। करना था लव मैरिज, हो गया अरेंज। यानी दिल लगाया किसी और से, ब्याह हो गया कहीं और। वहीं हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव के परिणाम से साफ हो जाता है कि झारखंड में भाजपा-आजसू की जोड़ी को मतदाताओं का समर्थन हासिल है, लेकिन झामुमो-कांग्रेस-राजद-माले का इंडी अलायंस भी पीछे नहीं है। उसकी ताकत, यानी आदिवासी और अल्पसंख्यक मतों का ध्रुवीकरण रोकने का कोई तरीका फिलहाल नजर नहीं आ रहा है। झारखंड में यह भी देखा जा रहा है कि साढ़े चार साल तक सरकार चलाने के बाद भी हेमंत सोरेन के खिलाफ खासकर आदिवासी मतदाताओं में एंटी इंकंबैंसी नहीं है। ऐसे में सबकी नजर घूम जाती है कुर्मी मतदाताओं की ओर। इस विधानसभा चुनाव में कर्मी मतदाता बड़ा फैक्टर बनेंगे, इसमें कोई दो राय नहीं है। इन तमाम समीकरणों के आधार पर कहा जा सकता है कि झारखंड विधानसभा का चुनाव बेहद रोमांचक होने जा रहा है। आखिर कैसे 2019 के विधानसभा चुनाव की गलतियों में छिपा है, एनडीए की जीत का मंत्र, ऐसा क्या था 2019 के लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के परिणामों में और 2024 का लोकसभा चुनाव का परिणाम क्या संकेत दे रहा है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड 2024 के विधानसभा चुनाव की गणित अगर समझने की कोशिश की जाये, तो 2019 के लोकसभा चुनाव की तह में जाना होगा। बात 2019 के विधानसभा चुनाव के सात महीने पहले की है। मई महीने में जब लोकसभा चुनाव के नतीजे आये थे, तो उस चुनाव में भाजपा ने 51 प्रतिशत वोट हासिल किया और उसने 63 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त बनायी थी। इसमें 35 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा की लीड 50 हजार से अधिक थी। यहां तक कि 16 विधानसभा क्षेत्रों में लीड का मार्जिन 90 हजार से ज्यादा थी। उस लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य की 14 में से 11 लोकसभा सीटों पर अपना परचम बुलंद किया था। आजसू को भी एक सीट मिली थी और उसने वह सीट जीती भी। यानी एनडीए के खाते में कुल 12 सीटें थीं। लेकिन इस चुनाव परिणाम से तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास अतिआत्मविश्वास के शिकार हो गये। बस यही वो घड़ी थी, जिसने भाजपा की जड़ों को कमजोर करना शुरू किया। रघुवर दास को लगने लगा था कि उनकी वाणी से जो भी शब्द निकल रहे हैं, या जो भी फैसले वह ले रहे हैं, सब ईश्वरीय शक्ति का प्रताप है। जैसे-जैसे 2019 के विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही थी, रघुवर दास दनादन फैसले ले रहे थे। उनका ध्यान इस ओर बिल्कुल नहीं था कि कौन फैसला पार्टी पक्ष में है और किस फैसले का असर नकारात्मक पड़ रहा है। उस समय चंद अधिकारियों ने रघुवर दास के सामने एक ऐसा सीन प्रस्तुत कर दिया था, जिसके अलग वह कुछ देखने की कोशिश ही नहीं कर रहे थे। परिणाम हुआ कि रघुवर दास जमीनी सच्चाई से दूर होते चले गये। लोकसभा चुनाव में आये परिणाम को वह अपनी उपलब्धि मान बैठे और उसी को आधार बना कर उन्होंने भाजपा की ओर से नारा दे दिया- अबकी बार 65 पार। एक बार फिर झारखंड में डबल इंजन की सरकार। 65 पार के नारे के चक्कर में भाजपा से आजसू छिटक गया। उसी दौरान एक ऐसी घटना घटी, जिसका अनुमान रघुवर दास को भी नहीं था कि जिसे वह तिनका समझ रहे थे, वही उनके झारखंड के राजनीतिक कैरियर पर ब्रेक लगाने का कारण बनेगा। हुआ भी वही। रघुवर ने जैसे ही सरयू का टिकट काटा, सरयू में उफान आ गया। जो रघुवर खुद को राम जैसा ताकतवर समझने की भूल कर रहे थे, वह सरयू के मामूली वेग भी न सह सके और अपनी सबसे सुरक्षित सीट से वह हार गये।

खैर 2019 के लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर भाजपा को उम्मीद थी कि वह फिर से झारखंड की सत्ता हासिल कर लेगी। झारखंड का ट्रेंड रहा है कि लोकसभा चुनाव की तुलना में विधानसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर लगभग 10% गिरता है। अगर वही ट्रेंड रहता तो इस हिसाब से भाजपा का वोट शेयर 51% से घट कर 41% पर टिकता, तो भी वह सत्ता में वापसी कर लेती। लेकिन जैसे ही आजसू उससे छिटकी, एक बड़ा वोट बैंक एनडीए से छिटक गया। यानी भाजपा और आजसू में बंट गया। गठबंधन हुआ नहीं। एनडीए का कोई वजूद रहा नहीं। विधानसभा चुनाव में आजसू को कुल 8% वोट मिले थे। नतीजा यह हुआ कि भाजपा का वोट शेयर भी अनुमानित 41% से 8 फीसदी और कम होकर 33% पर रह गया। चाहे वह गांडेय हो, घाटशिला हो, गुमला हो, नाला हो, जामा हो, जरमुंडी हो, खिजरी हो, सिमडेगा हो, बड़कागांव, बरकट्ठा, चक्रधरपुर, डुमरी, इचागढ़, जगन्नाथपुर, जरमुंडी, जुगसलाई, लोहरदगा, या मधुपुर हो। ये ऐसी सीटें हैं, जहां भाजपा बहुत ही मामूली अंतर से हारी, इनमे कई सीटें ऐसी हैं, जहां भाजपा-आजसू के वोटों को जोड़ लिया जाये तो नंबर वन पर एनडीए रहता। कुछ सीटों पर बाबूलाल की जेवीएम का भी जनाधार ठीक-ठाक रहा था। ये ऐसी सीटें हैं, जहां भाजपा उम्मीद कर सकती है। अगर भाजपा या यूं कहे एनडीए ठीक से रणनीति बना कर फोकस कर ले, तो इन सीटों पर लड़ाई कांटे की हो जायेगी और परिणाम उसके पक्ष में भी जा सकता है। वैसे बाबूलाल मरांडी अब भाजपा में हैं, प्रदेश अध्यक्ष हैं, तो इसका लाभ भी बीजेपी को जरूर मिलेगा। बाबूलाल मरांडी अकेले दम पर 2 से 3 फीसदी वोट शेयर को प्रभावित करने का माद्दा रखते हैं। 2019 के चुनाव में लगभग 20 सीटें ऐसी थीं, जो भाजपा-आजसू-सरयू के आपसी मनमुटाव के कारण एनडीए ने खो दी।

वैसे 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का कुल वोट शेयर घटा है। इस बार सभी 14 संसदीय सीटों में पड़े मतों में इसकी हिस्सेदारी 44.60 प्रतिशत ही रही, जबकि वर्ष 2019 के चुनाव में इस पार्टी को 51.6 प्रतिशत वोट मिले थे। दूसरी तरफ, झामुमो और कांग्रेस के वोट शेयर बढ़े हैं। इस बार दोनों का वोट शेयर 14.60 तथा 19.19 प्रतिशत रहा है। पिछले चुनाव में दोनों का वोट शेयर क्रमशः 11.7 तथा 15.8 प्रतिशत ही रहा था। इस चुनाव में आजसू का भी वोट शेयर घट कर 2.62 हो गया। हालांकि वोट शेयर गिरने के बावजूद 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को कुल 52 सीटों पर लीड मिली है। इसी को आधार मान कर भाजपा अपनी तैयारी भी कर रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ बहुत सारी परिस्थितियां विपरीत थीं। शायद उन परिस्थितियों से भाजपा ने सबक लिया है और अब उन्हें सुलझा रही है। जिस तरीके से भाजपा ने चंपाई सोरेन और लोबिन हेंब्रम को अपने पाले में किया है, उससे कोल्हान और संथाल की कुछ सीटों पर असर पड़ सकता है।

भाजपा इस विधानसभा चुनाव में एक अलग रणनीति के तहत चुनावी मैदान में उतरेगी। भाजपा जान चुकी है कि शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन के खिलाफ उसका कोई भी व्यक्तिगत हमला आदिवासी मतदाताओं में असर नहीं करनेवाला। भाजपा यह भी जानती है कि आज की तारीख में आदिवासियों का बड़ा वर्ग हेमंत सोरेन के साथ है, इसे असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा भी स्वीकारते हैं। भाजपा को यह भी आभास हो गया है कि इस चुनाव में हेमंत सोरेन के ऊपर भ्रष्टाचार का अस्त्र कोई काम नहीं करेगा। लिहाजा उसने अपनी रणनीति बदल ली है। यही कारण है कि भाजपा कांग्रेस पर हमला करने की पूरी तैयारी में है। भाजपा की उसी रणनीति का हिस्सा रहा चंपाई सोरेन का वह भाषण, जिसमें उन्होंने गुरुजी के खिलाफ कुछ नहीं कहा। हेमंत सोरेन का नाम तक नहीं लिया। झामुमो पर भी उन्होंने निशाना नहीं साधा, बल्कि उससे पहले उन्होंने यहां तक कहा कि हम जिस घर को छोड़ कर आये हैं, वहां की एक ईंट भी नहीं लायेंगे। भाजपा की सदस्यता लेते ही उन्होंने कांग्रेस पर गोला दाग दिया। कह दिया कि कांग्रेस पार्टी ने ही आदिवासियों पर सबसे ज्यादा गोलियां चलवायी हैं। उन्होंने गुवा गोलीकांड का ठीकरा भी कांग्रेस पर फोड़ा। कहा, कांग्रेस के कारण ही संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों ने पैर पसारा है। वे घुसपैठिये आदिवासियों का अस्तित्व मिटाने पर तुल गये हैं। आदिवासी बहन-बेटियों की इज्जत पर खतरा बढ़ गया है। उनकी जमीनें छीनी जा रही हैं। सीता सोरेन को भाजपा में लेते वक्त जो गलती हुई है, वह गलती को भाजपा दुहराना नहीं चाहती थी। याद रहे सीता सोरेन भाजपा ज्वाइन करते समय अपना सारा गुस्सा सोरेन परिवार पर उतारा था। पार्टी पर हमला बोला था। जिसे संथाल के मतदाताओं ने घर-परिवार की लड़ाई समझ कर बिल्कुल नजरअंदाज कर दिया। उस चुनाव में सीता सोरेन को सबसे ज्यादा नुकसान सोरेन परिवार के खिलाफ भ्रष्टाचार के मुद्दे को सामने लाना पड़ गया। दूसरी तरफ कल्पना सोरेन ने बहुत ही प्रभावशाली तरीके से हेमंत की गिरफ्तारी को अपना हथियार बनाया और भावनात्मक अपील के साथ वह मैदान में उतरीं। चुनाव में कल्पना की पीड़ा को आदिवासी मतदाताओं ने गंभीरता से लिया।

इस चुनाव में भाजपा ने अपनी रणनीति बदली है। उसे पता है कि वह जेएमएम को बहुत अधिक नुकसान नहीं पहुंचा सकती है। लेकिन अगर भाजपा कांग्रेस से आधी सीटें भी झटक लेती है, चंपाई फैक्टर कोल्हान में अपना थोड़ा भी कमाल दिखा दे, आजसू और जेडीयू उम्मीद के मुताबिक परफॉर्म कर दें, तो भाजपा इस विधानसभा चुनाव में भारी पड़ सकती है। जो गलती भाजपा ने 2019 के विधानसभा से पूर्व की थी, वह इस बार नहीं दिख रहा है। कुल मिला कर कहा जा सकता है कि 2019 के विधानसभा चुनाव की तुलना में भाजपा इस चुनाव में बेहतर करती दिख रही है। वैसे इस चुनाव में जयराम फैक्टर भी है। लेकिन इसका असर सिर्फ एनडीए पर नहीं सभी पार्टियों पर पड़ेगा। अगर जयराम महतो अच्छा परफार्म करते हैं, तो डुमरी, बेरमो और टुंडी में महागठबंधन को ज्यादा नुकसान होगा, क्योंकि ये सीटें अभी गठबंधन के पास हैं। अगर मांडू और बड़कागांव में भी जयराम प्रभावी रहे, तो नुकसान गठबंधन को ही होगा, क्योंकि अब जेपी भाई पटेल कांग्रेस में और अंबा प्रसाद भी कांग्रेस विधायक हैं। संभव है, जयराम के अच्छा परफार्म करने पर आजसू वहां से बाजी मार जाये।



# उत्पाद सिपाही भर्ती में हो रही छात्रों की मौतों को लेकर राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ उग्र, आंदोलन की चेतावनी

## जान गंवानेवाले अभ्यर्थियों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये मुआवजा दिया जाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उत्पाद सिपाही भर्ती में हो रही छात्रों की मौतों को लेकर राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ ने आक्रोश जताया है। संघ ने इस बाबत राज्य सरकार से कई मांगें की हैं, जिनसे मौतों पर रोक लगायी जा सके। संघ ने कहा है कि उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया के दौरान 100 से अधिक छात्र बेहोश हो गये हैं। 10 अभ्यर्थियों की मौत हो चुकी है। इन दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के प्रमुख कारणों में भर्ती प्रक्रिया की अनुचित व्यवस्था और सरकारी तंत्र की लापरवाही शामिल है। संघ निम्नलिखित बिंदुओं पर अपने विचार और मांगें प्रस्तुत करता है:

**रात 12:00 बजे लाइन में लगाना अनुचित और अमानवीय :** अभ्यर्थियों को रात के समय 12:00 बजे लाइन में खड़ा करना अत्यधिक तनावपूर्ण और अमानवीय है। इस प्रक्रिया के कारण अभ्यर्थियों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है।

**दोपहर में दौड़ का समय अत्यधिक जोखिमपूर्ण :** दौड़ के लिए अभ्यर्थियों को दोपहर 12- 01 बजे के आसपास दौड़ने के लिए मजबूर किया जाता है। इस समय तक, वे पूरी तरह से भूखे-प्यासे और थके होते हैं, जो उनकी जान के लिए खतरा बन जाता है।

**खराब मौसम और चिलचिलाती धूप :** अत्यधिक गर्मी और खराब मौसम में दौड़ लगवाना अभ्यर्थियों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। कई छात्रों की मौत का प्रमुख कारण यही असंवेदनशील व्यवस्था है।

**दौड़ का समय सुबह के लिए तय किया जाये :** राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ सरकार से यह मांग करता है कि दौड़ का समय सुबह 9:00 बजे तक सीमित किया जाये, ताकि अभ्यर्थियों को कम से कम खतरे का सामना करना पड़े और वे शारीरिक रूप से सक्षम हों।



### मृत छात्रों के परिवारों को मुआवजा नौकरी दें

संघ मांग करता है कि जिन छात्रों ने इस भर्ती प्रक्रिया में अपनी जान गंवाई है, उनके परिवार को 25-25 लाख रुपये का मुआवजा प्रदान किया जाये। साथ ही, एक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी भी दी जाये। झारखंड पुलिस सिपाही की अगामी परीक्षा पूर्व की तरह प्रथम लिखित परीक्षा होनी चाहिए। उसके बाद दौड़, मेडिकल। इससे अभ्यर्थी को उतना ज्यादा प्रेशर नहीं होता। दौड़ अभ्यास का समय भी मिल जाता है। सरकार की गलत नीति के चलते छात्रों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है।

### सरकार की विफलता

हेमंत सोरेन की सरकार पिछले 4.5 सालों से छात्रों को धोखा देती आ रही है। युवाओं की बेरोजगारी की समस्या को हल करने में इस सरकार की विफलता अब इतनी गंभीर हो चुकी है कि युवा अपनी जान गंवा रहे हैं। राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ हेमंत सोरेन सरकार को पूरी तरह से इन मौतों के लिए जिम्मेदार ठहराता है और उनसे तत्काल उचित कार्रवाई की मांग करता है। यदि सरकार हमारी मांगों को नजरअंदाज करती है, तो हम उग्र आंदोलन का सहारा लेने के लिए बाध्य होंगे। इस बाबात राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष संगम उरांव ने पत्र जारी किया है।

# विधानसभा चुनाव को लेकर अंतरराज्यीय और अंतर जिला पुलिस पदाधिकारियों की हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए शनिवार देर रात सिल्ली थाना अंतर्गत फारेस्ट गेस्ट हाउस में अंतरराज्यीय और अंतर जिला पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति में विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने लिए बैठक की गयी। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने रविवार को बताया कि इस दौरान अंतरराज्यीय एवं अंतर जिला अंतर्गत पड़ने वाले आपराधिक गिरोह, जेल से छूटे अपराधी, नक्सल, अंतरराज्यीय सीमा पर होनेवाले विभिन्न प्रकार के अवैध कारोबार से संबंधित अपराधियों की सूची का अदान प्रदान किया गया। साथ ही आपराधिक गिरोह एवं अपराधकर्मी पर कड़ाई से कार्रवाई करने के लिए विचार-विमर्श कर रणनीति तैयार की गयी।

बैठक में सिल्ली पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह, झालदा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरव घोष, बुंडू पुलिस उपाधीक्षक रतिभान सिंह, रामगढ़ पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद, रामगढ़ गोला अंचल निरीक्षक पंकज कुमार, अनगड़ा अंचल पुलिस निरीक्षक हांसे उरांव, सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर, मुरी ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह, सोनाहातू थाना प्रभारी चंदन कुमार, तुलिन प्रभारी और तप्पन गोराई उपस्थित थे।

# नौकरी देने के नाम पर युवती को ठगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बेरोजगार युवक युवतियों को नौकरी देने के नाम पर नेटवर्किंग के जरिये उन्हें जोड़ कर उनसे पैसे ठगे जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जगन्नाथपुर थाना में दर्ज हुआ है। पश्चिमी सिंहभूम के सराईकेला की रहनेवाली नियति प्रधान नाम की युवती ने आरएचआइ नाम की कंपनी और उसके तीन कर्मियों के विरुद्ध दवा पैकिंग की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का मामला दर्ज कराया है। जिन कर्मियों के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ है, उनमें उर्मिला कुमारी, अंजू कुमारी और सुनील कुमार वर्मा शामिल हैं। डॉक्यूमेंट के नाम पर 20 हजार रुपये ले लिये। नियति प्रधान से पैसे वापस मांगने पर मारपीट की गयी। बोला गया कि तुम्हे पैसा नहीं मिलेगा। जहां जाना है जाओ। इसके बाद नियति ने थाने में आकर प्राथमिकी दर्ज करायी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.2 °c | 23.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.06 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.30 बजे | |



# बाबूलाल का सीएम को सुझाव, शराब दुकानों का लाइसेंस देने में आदिवासी महिलाओं और सेवानिवृत्त जवानों को दें प्राथमिकता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में नयी शराब नीति लागू करने को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर सुझाव दिया। उन्होंने पत्र में कहा कि झारखंड की सामाजिक संरचना में हजारों गरीब, दलित और आदिवासी महिलाएं हैं, जो सड़क किनारे हड़िया, दारू बेच कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती हैं। आप भी उसी समाज से आते हैं, इसलिए आप खुद भी आदिवासी महिलाओं की स्थिति से अवगत होंगे। बाबूलाल ने सीएम से आग्रह किया कि जिस प्रकार केंद्र सरकार पेट्रोल पंप और गैस एजेंसी के लाइसेंस इश्यू करने



में दलित, आदिवासी, महिला, दिव्यांगों और सेना से सेवानिवृत्त जवानों को प्राथमिकता देती है, उसी प्रकार राज्य सरकार भी देशी-विदेशी शराब दुकानों का लाइसेंस जारी करने में गरीब आदिवासी महिलाओं और सेना से सेवानिवृत्त जवानों को प्राथमिकता दे। उन्होंने पत्र में लिखा है कि चूंकि शराब नीति का निर्धारण पंचायती राज विभाग और ग्रामसभा का विषय है, इसलिए सरकार से आग्रह है कि वह इन विभागों की मदद से ऐसी नीति तैयार करे, जो अदिवासी महिलाओं के हित में हो।

**पिछली दो नीतियां जनता के शोषण और राजस्व नुकसान का कारण बनी**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मरांडी ने पत्र के जरिये सीएम को बताया कि इससे पहले आपके नेतृत्व में दो बार शराब नीति लागू की जा चुकी है, लेकिन वह राज्य हित में नहीं थी। दोनों शराब नीतियां राज्य की जनता के शोषण और सरकारी राजस्व के नुकसान का करण बनीं। निर्धारित मूल्य से अधिक दरों पर शराब बेचने के कारण जनता से अवैध वसूली की गयी, जिससे सिर्फ शराब माफिया और दलालों को लाभ हुआ।

# कोल्हान विश्वविद्यालय के नव नियुक्त प्राध्यापकों ने बाबूलाल मरांडी से मिल कर जताया आभार

**प्राध्यापकों को मिल गया नियुक्ति पत्र, बाबूलाल मरांडी ने की थी पहल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में विगत दिनों कोल्हान विश्वविद्यालय के लिए जेपीएससी परीक्षा द्वारा चयनित 17 इतिहास विषय के शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन जाकर महामहिम राज्यपाल से मुलाकात की थी। जिस पर महामहिम राज्यपाल ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया था।

शनिवार को इतिहास विभाग के सभी चयनित प्राध्यापकों को विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्ति पत्र प्राप्त हो गया, जिससे प्राध्यापकों में खुशी है।

नव नियुक्त प्राध्यापकों में विनोद कुमार लोहरा, हेमा लकड़ा, मैरी नीला हांसदा, कविता कुमारी, अरविंद कुमार साहू, साकेत बिहारी, प्रदीप झा, पंकज श्रीवास्तव, स्वीकृति, अमृता जायसवाल, नूपुर,नितिन नीरज शामिल हैं।

कोल्हान विश्वविद्यालय के लिए वर्ष 2018 में विज्ञापन द्वारा इतिहास विषय के 17 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हुई थी। 31 अक्टूबर 2023 को जेपीएससी द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए उम्मीदवारों के नामों की अनुशंसा की गयी। कोल्हान विश्वविद्यालय के सिंडिकेट द्वारा भी 2 फरवरी 2024 को नियुक्ति की अनुशंसा की जा चुकी थी, परंतु विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति के नही होने के कारण अनुमोदन की संचिका कुलाधिपति कार्यालय में लंबित थी। रविवार को नव नियुक्त प्राध्यापकों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर उनके सार्थक प्रयासों के लिए आभार प्रकट किया। प्राध्यापकों ने महामहिम राज्यपाल महोदय का भी आभार जताया है।

# भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त लॉफ्टर चैनल के कैरेक्टर हैं: सुप्रियो भट्टाचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएमएम प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस कर हरियाण में विधानसभा चुनाव की तिथियों को बदले जाने पर प्रतिक्रिया दी है। सुप्रियो ने कहा कि मुझे इस बात की आशंका पहले से थी। कहा कि तिथि को बदलने के लिए हरियाणा के बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली ने भी आयोग को पत्र लिखा था। बता दें कि हरियाणा में जहां पहले 1अक्टूबर को चुनाव होना था, वहीं अब मतदान 5 अक्टूबर को होगा। चुनाव आयोग के अनुसार, मतगणना 8 अक्टूबर को होगी।



इस पर सुप्रियो ने आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त लॉफ्टर चैनल के कैरेक्टर हैं, अपने तर्कों के कारण। उन्होंने कहा था कि लेवल प्लेइंग ग्राउंड देंगे। कहा कि हरियाणा में चुनाव की तिथियों को बीजेपी के इशारे पर तय किया गया था, जिसे अब बदलना पड़ा।

सुप्रियो ने कहा कि हरियाणा में चुनाव की तिथियों का निर्धारण और फिर इसे बदला जाना चुनाव आयोग की निष्पक्षता और गंभीरता पर सवाल खड़ा करता है। कहा, चुनाव आयोग बीजेपी के डिक्टेशन के अनुसार चलता है। उन्होंने कहा कि आयोग का यही रवैया तीनों चुनावों के समय दिखायी देता है। चाहे वह लोकसभा का चुनाव हो। राज्यसभा का चुनाव हो या विधानसभा का चुनाव हो। कहा कि झारखंड के बीजेपी चुनाव सह प्रभारी ने कहा कि सितंबर के बाद आचार संहिता लागू हो जायेगी।

जेएमएम नेता ने आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी अपनी गलत मंशा से चुनाव को प्रभावित और करप्ट करना चाहती है। कहा कि ये एक गंभीर समस्या है। मुझे आशंका थी कि ये होगा, क्योंकि चुनाव आयोग की नस-नस पकड़ में आ चुकी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले इस राज्य का दौरा तक चुनाव आयुक्त ने नहीं किया। भीषण गर्मी में चार चरण में लोकसभा चुनाव कराया गया। इसके बाद माफी मांगी गयी। कहा कि एडीआर की रिपोर्ट है कि पोल वोट से अधिक काउंट वोट है। जांच कराने के लिए कहा गया, लेकिन इस पर भी चुप्पी साध ली गयी।

# हार के भय से मानसिक संतुलन खो बैठा है झामुमो : आदित्य साहू

## अपनी स्मरण शक्ति को ठीक करें झामुमो नेता

**चुनाव को पैसा और पावर से कौन प्रभावित करता है यह झामुमो से ज्यादा कोई नहीं जानता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने रविवार को झामुमो पर बड़ा निशाना साधा। श्री साहू झामुमो की प्रेसवार्ता पर पलटवार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झामुमो को आसन्न विधानसभा चुनाव में होने वाली पराजय का भय साफ झलक रहा है। इन्हें राज्य की समस्याओं से ज्यादा पड़ोसी राज्य दिखायी पड़ रहे। टूटते बिखरते झामुमो की पीड़ा का ठीकरा झामुमो के नेता चुनाव आयोग पर फोड़कर मन को शांत करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा हरियाणा चुनाव की तिथियों में परिवर्तन संवैधानिक प्रक्रिया के तहत हुआ है। चुनाव आयोग चुनाव प्रक्रिया पर निर्णय करने के लिए स्वतंत्र होता है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं पर हमला बोलने वालों के साथ सत्ता की मलाई खाने वाले झामुमो की मजबूरी हो जाती है चुनाव आयोग के खिलाफ बोलना। उन्होंने कहा कि हरियाणा में चुनाव की तिथि वहां होने वाले सांस्कृतिक उत्सव



के कारण परिवर्तित किये गये हैं। बिश्नोई समाज जिनके गुरु जंभेश्वर की याद में बड़ा उत्सव मनाया जाता है। उस उत्सव में हरियाणा से बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। इसलिए भाजपा सहित हरियाणा की राष्ट्रीय लोकदल पार्टी ने भी चुनाव आयोग से तिथियों में पुनर्विचार का लिखित अनुरोध किया था।

कहा कि सुप्रियो भट्टाचार्य को अपनी स्मरण शक्ति मजबूत करनी चाहिए। पता करना चाहिए की कहीं कोई साइड इफेक्ट तो नहीं हो रहा। श्री साहू ने याद दिलाया कि चुनाव आयोग की टीम के झारखंड दौरे पर यही झामुमो नेता दशहरा, दीपावली छठ, जैसे पर्व का उदाहरण देकर निर्धारित समय पर ही झारखंड में चुनाव कराने की मांग कर रहे थे।

कहा कि सुप्रियो भट्टाचार्य को बताना चाहिए कि झारखंड के लोगों के लिए अगर पर्व, त्योहार महत्वपूर्ण हैं तो फिर हरियाणा में अगर चुनाव आयोग ने उत्सव के कारण थोड़े परिवर्तन किये तो उन्हें क्यों आपत्ति है?

उन्होंने कहा कि सुप्रियो को पता होना चाहिए कि तिथियों में यदि एक्सटेंशन हुआ है तो सभी दलों को ज्यादा प्रचार का मौका मिलेगा न कि सिर्फ भाजपा को।

उन्होंने कहा कि पैसा और पावर से चुनाव कौन प्रभावित करता है, कौन पैसा बांटता है ये तो झामुमो नेता, विधायक समीर मोहंती के पत्र में सार्वजनिक हो गया था। भले दबाव में उसे वापस लेने का नाटक किया गया हो। कहा कि सुप्रियो राज्य और अपने दल की चिंता करें तो ज्यादा भला होगा।

केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री का नागरिक अभिनंदन करेगा झारखंड नागरिक परिसंघ

# स्वागत समिति के संयोजक चुने गये अखिलेश पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अगले 7 सितंबर को केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे की रांची यात्रा के दौरान उनका नागरिक अभिनंदन किया जायेगा। इस संदर्भ में रविवार को अशोकनगर में झारखंड नागरिक परिसंघ की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि केंद्रीय खनन योजना एवं डिजाइन संस्थान (सीएमपीडीआइ) के मयूरी प्रेक्षागृह में आयोजित इस अभिनंदन समारोह में शहर के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जायेगा। शिव शंकर उरांव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में समाजसेवी अखिलेश पांडेय को स्वागत समिति का संयोजक चुना गया। बैठक में परिसंघ के सदस्य धर्मेंद्र तिवारी, सुमन सिंह, डॉ.



प्रणव कुमार बब्बू, रमेश पुष्कर, संतोष दीपक, आशुतोष पांडेय, गोपाल प्रताप सिंह, देवी कुमारी भूमिज सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि झारखंड के प्रति समर्पण की दिशा में अपने नीतिगत निर्णय के तहत बैठक की निरंतर जारी रहेगी। इसी के तहत केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री को 7 सितंबर को एक विशेष आवेदन देकर उनसे इस बात का अनुरोध किया जायेगा कि कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत सीसीएल, बीसीसीएल, सीएनपीडीआइ एवं अन्य संबंधित संस्थाओं की सहभागिता को झारखंड के विकास के संदर्भ में बढ़ाने का अनुरोध किया जायेगा।

# मृत अभ्यर्थियों का पोस्टमार्टम क्यों नहीं कराया : अमर बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष ने उत्पाद सिपाही बहाली की प्रक्रिया पर सवाल उठाया है। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन से सवाल किया है कि जिन अभ्यर्थियों की मृत्यु हुई है, उनका पोस्टमार्टम क्यों नहीं कराया गया। नवंबर से फरवरी के बीच के उपयुक्त मौसम को नजर अंदाज करते हुए चुनाव के कुछ दिन पूर्व भादो की प्रचंड गर्मी में यह दौड़ करना क्या सिर्फ सरकार की जिद व नाकामी नहीं है। क्या अभी तक राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजा और सरकारी नौकरी की घोषणा की है।

**चिकित्सा सुविधा के पर्याप्त इंतजाम नहीं :** युवाओं की मौत की वजह बताते हुए युवाओं व स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन सेंटरों में शारीरिक दक्षता परीक्षा ली जा रही है, वहां चिकित्सा सुविधा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किये गये हैं। क्या सरकार इस पर अपना



स्पष्टीकरण देगी कि आखिर युवाओं की जिंदगी से क्यों खेला जा रहा है। 5 साल के कार्यकाल में अब तक एक बार भी यह नियुक्ति प्रक्रिया नहीं की गयी, क्या सरकार की मंशा सिर्फ आखिरी कुछ दिनों में अव्यवस्था और अनियमितताओं के बीच यह मौत की दौड़ करा कर युवाओं के भविष्य से खेलना ही है, मतलब अगर युवा मुर्गी पालन के बजाय नौकरियों के लिए आवेदन दें तो झारखंड में उन्हें अपनी जान की बाजी लगानी होगी। उत्पाद सिपाही नियुक्ति प्रक्रिया में अब तक 11 मौतें हो चुकी हैं।

# चंपाई के स्वागत में उमड़ा समर्थकों का सैलाब

## भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार कोल्हान पहुंचे चंपाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** भाजपा में विधिवत शामिल होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और कोल्हान टाइगर के नाम से ख्यात चंपाई सोरेन का कोल्हान की धरती पर रविवार को शानदार स्वागत हुआ। कांड्रा से ही पूर्व मुख्यमंत्री के समर्थक और भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। हजारों दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों के काफिले के साथ ढोल-नगाड़े और आतिशबाजी के बीच पूर्व मुख्यमंत्री का काफिला



गम्हरिया, आदित्यपुर जमशेदपुर होते हुए उनके पैतृक आवास जिलिंगगोड़ा की ओर रवाना हुआ। इस दौरान जगह-जगह पूर्व मुख्यमंत्री का उनके समर्थकों एवं भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वहीं अपने स्वागत से अभिभूत पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने समर्थकों का इस्तकबाल किया।

# दुमका में बाबूलाल ने छात्र-छात्राओं के साथ सीधा संवाद किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को दुमका के कन्वेंशन सेंटर में संथाल परगना के सभी महाविद्यालय के छात्रावास से आये छात्र-छात्राओं के साथ भाजपा के घोषणा पत्र सुझाव अभियान के निमित्त सीधा संवाद किया। इस बैठक का उद्देश्य भाजपा के आगामी विधानसभा चुनाव संकल्प घोषणापत्र के लिए युवाओं के विचार और सुझाव प्राप्त करना था। संताल परगना के सभी छात्रावास के छात्र नायक/नायिका ने अंगवस्त्र देकर बाबूलाल मरांडी का स्वागत किया। छात्र नेता स्यामदेव हेंब्रम ने बाबूलाल मरांडी को आदिवासी परंपरा से पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड के विकास में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। भाजपा का संकल्प घोषणापत्र केवल एक राजनीतिक दस्तावेज नहीं, बल्कि झारखंड के हर नागरिक के सपनों और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। हम




चाहते हैं कि आपके विचार और सुझाव इसमें सम्मिलित हों, ताकि इसे और अधिक प्रभावी और प्रासंगिक बनाया जा सके। छात्रों ने उत्साहपूर्वक सुझाव और विचार साझा किये, जिनमें शिक्षा प्रणाली को सशक्त बनाने, रोजगार के अवसर बढ़ाने, और सामाजिक विकास के लिए नयी योजनाओं की मांग शामिल थी। श्री मरांडी ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुना और उन्हें भाजपा के घोषणापत्र में समाहित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आपके सुझाव हमें झारखंड के भविष्य को और उज्जवल बनाने में मदद करेंगे।

हम एक ऐसा प्रदेश बनाना चाहते हैं, जहां हर युवा को अपनी क्षमताओं को पूर्ण रूप से विकसित करने का अवसर मिले। श्री मरांडी ने भाजपा की नीतियों और योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया, जिससे छात्रों को पार्टी के विजन और मिशन की गहरी समझ मिली। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में झारखंड में विकास की गति को नयी दिशा मिलेगी और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे।

यह संवाद सत्र न केवल भाजपा के घोषणापत्र को समृद्ध करेगा, बल्कि युवाओं को भी प्रदेश के विकास में सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रेरित करेगा।

उक्त कार्यक्रम में विधायक अनंत ओझा, विधायक अमित मंडल, प्रदेश उपाध्यक्ष लुइस मरांडी, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी, मुन्ना मिश्रा, पूर्व सांसद सुनील सोरेन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# दुमका में भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** भाजपा दुमका जिला की जिला कार्यसमिति की बैठक रविवार को अग्रसेन भवन में बड़े उत्साह और ऊर्जा के साथ संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गौरवकांत ने की। कार्यक्रम में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मुख्य अतिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही दुमका की पूर्व विधायक और प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. लुइस मरांडी ने भी इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

बाबूलाल मरांडी ने कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावी चुनौतियों के लिए तैयार रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने झारखंड में भाजपा के अभूतपूर्व विकास कार्यों और समाज के हर वर्ग के लिए किये गये कल्याणकारी उपायों की सराहना की। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के सिद्धांतों और आदर्शों के प्रति समर्पित रहकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाये। श्री मरांडी ने दुमका को भाजपा का महत्वपूर्ण गढ़ बताते हुए कहा कि हमें एकजुट होकर इस गढ़ को और सशक्त करना है, ताकि यहां से जनसेवा के नए मानक स्थापित किये जा सकें।

प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने संगठन की मजबूती और एकता पर जोर दिया। कहा कि दुमका भाजपा ने हमेशा जनहित के मुद्दों पर सशक्त आवाज उठाई है, और इसे आगे भी जारी रखना आवश्यक है।

बैठक में पूर्व सांसद सुनील सोरेन, विधायक अनंत ओझा, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, दुमका जिला प्रभारी सत्येंद्र सिंह, दुमका विधानसभा प्रभारी सजीव जजवाड़े, रविकांत मिश्रा, सीताराम पाठक, देवेंद्र कुंवर, सुरेश मुर्मू ,अंजुला मुर्मू, मनोज पांडे, पवन केसरी, विवेकानंद राय, धर्मेंद्र सिंह बिट्टू, पिंटू साह, बबलू मंडल, मार्शल ऋषिराज टुडू, सोनी हेंब्रम,पूनम देवी, कालेश्वर लायक, गुंजन मरांडी, नवल किस्कू, अमित रक्षित, गणपति पाल, मणिलाल गिरी, अमिता रक्षित, रूपेश मंडल, मनोज साह, फारूख अनवर, ममता साह, श्रीधर दास, रमेश मुर्मू, भृगुणाथ यादव सहित सहित मंडलों के अध्यक्ष, जिले के पदाधिकारी, जिले के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के शिवपुर पंचायत के उत्कर्मित मध्य विद्यालय सिहास में रविवार को आपके योजना आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सौरव कुमार ने ग्रामीणों को राज्य द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में जेएलपीएस द्वारा सखी मंडल की दीदियों को सामुदायिक निवेश निधी का चार लाख चेक दिया गया, दीदियों को बैंक लिंकेज पर 19 लाख 50 हजार का चेक दिया गाया और सभी विभाग का स्टॉल लगाया गया। मौके पर प्रभारी चिकिस्ता पदाधिकारी डाक्टर आशीष कुमार यादव, पशु चिकित्सा प्राधिकारी रविकांत कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह, अंचल निरक्षक सुमीत कुमार शर्मा, जन सेवक सर्वेश कुमार, प्रवेक्षिका मीणा केसरी, जेई संदीप कुमार, ऑपरेटर शैलेंद्र कुमार, बिपुल कुमार, दीपक कुमार, सुधीर कुमार, शशी कुमार, आरटी सुजीत कुमार, पंचायत समिति सदस्य ज्योति कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि शैलेंद्र कुमार, जे एम एम युवा प्रखंड अध्यक्ष निशांत कुमार आदि उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिलान्तर्गत सड़क सुरक्षा के मद्देनजर जोहार ड्राइवर महासंघ और कोडरमा जिला वाहन चालक संघ के तत्वावधान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जितवाहन उरांव द्वारा वाहन चालकों के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, ओवरस्पीडिंग नहीं करने, सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने साथ ही पर्याप्त नींद लेने के बाद ही वाहन चलाने और बस चालकों को विशेष रूप से जागरूक किया गया। कहा कि चालक के साथ बहुत लोग बस में सवार होते हैं जिनकी सुरक्षा चालक के हाथ मे होती है। इसलिए वाहन चालक यातायात और सड़क सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करते हुए वाहन चलायें जिससे सड़क दुर्घटना में कमी लायी जा सकती है।

## स्वरोजगार प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** दीनमठ सारथी ट्रस्ट ने लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर 40 से अधिक महिला पुरुषों को सर्फ बनाने प्रशिक्षण दिया। समारोह के मुख्य अतिथि उप प्रमुख सह झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष सरयू साव ने कहा कि दीनमठ सारथी ट्रस्ट का प्रशिक्षण कार्यक्रम क्षेत्र में स्वरोजगार की दिशा में अच्छी पहल है। प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार कर आप इसका लाभ ले, आत्मनिर्भर बने। पूर्व जिला परिषद सदस्य यशोदा देवी ने कहा कि इस स्वरोजगार प्रशिक्षण से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होंगी। मुख्य रूप से प्रशिक्षक सह दीनमठ सारथी के कोडरमा सदस्य राजेश कुमार, डुमरचंद महतो, विनय कुमार, दीनमठ सारथी ट्रस्ट के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद महतो, सचिव दीपक तिवारी, कोषाध्यक्ष नंदन ठाकुर, आलोक कुमार, किशोर लंबो, साथ ही राजेश कुमार विष्णुगढ़ अस्पताल ने यक्ष्मा उन्मूलन के बारे में प्रशिक्षुओं को जानकारी दी। इस अवसर पर नंदनी कुमारी, शान्ति देवी, रंजन, बिनोद कुमार, डीलोचंद महतो, प्रदीप कुमार, पूजा कुमारी, कल्याणी कुमारी, सोनिया कुमारी, राखी देवी, अंशु वर्मा, रिंकू देवी, ईशा कुमारी, सुमन कुमारी, काजल कुमारी, रूपा कुमारी, विद्या देवी, रूबी कुमारी, किरण देवी, सोनिया कुमारी, पूजा कुमारी, मंजू देवी, मुन्नी देवी, ममता कुमारी, पियासू देवी, गिरजा देवी, रोहित महतो, सुनीता देवी, किरण कुमारी, उर्मिला पटेल, राजेश कुमार, अंकित राज शामिल थे।

## बड़कागांव में नि: शुल्क कराटे प्रशिक्षण शुरू



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के नेतृत्व में बालिकाओं को आत्म सुरक्षा करने के लिए नि:शुल्क कराटे क्लास शुरू हुई है। इसका उद्घाटन विहिप के महामंत्री पिंटू गुप्ता ने किया। इसमें दुर्गा वाहिनी के बच्चियों को करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पिंटू कुमार गुप्ता ने कहा कि देश में जिस तरह से बालिकाओं पर हमला हो रहा है, उन घटनाओं से सुरक्षा के लिए बच्चियों को नि:शुल्क कराटे सिखाया जा रहा है। ताकि आने वाले दिनों में हर समस्याओं का स्वयं सामना कर सके। जो लोग अपने बेटियों को सुरक्षा हेतु कराटे का प्रशिक्षण दिलाना चाहते हैं वे भेज सकते हैं। बड़कागांव के बारे का उच्च विद्यालय के खेल मैदान में सोतो कान कराटे सिखाया जाता है। प्रशिक्षण सिंहान प्रदीप हंसदा, मार्शल टुडू, कुलेश्वर महतो द्वारा क्लास लिया जाता है। कराटे सीखाने में विहिप जिला समन्वयक प्रमुख इंग्लेश सोनी, जिला उपाध्यक्ष प्रो लालदेव महतो, प्रखंड अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता, प्रखंड उपाध्यक्ष रामचरित, भोला प्रसाद दांगी, रामचरित्र प्रसाद, महामंत्री पिंटू गुप्ता, उप महामंत्री संतोष ठाकुर अवध किशोर, बजरंग दल प्रथम संयोजक दिनेश कुमार, विकास कुमार सिंह उर्फ पप्पू, सहसंयोजक हुलास प्रसाद, सत्यजीत विद्या अलंकार आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

## सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खैरा पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत रविवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख संतोष मंडल, बीस सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह, बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, सीओ नीलू टुडू, पंसस विनय दास और अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पंचायत के खैरा, करमा, चेंगरा, सिमराढाब, बेडमक्का, नारायणपुर, सिझुआ समेत अन्य गांव के ग्रामीण उपस्थित हुए। इस दौरान अतिथियों ने 18 सखी मंडल के बीच 53 लाख रुपये का डमी चेक, एक केसीसी, 5 जाति प्रमाण पत्र, दो साईकिल, एक मृदा स्वास्थ्य कार्ड, 3 जन्म प्रमाणपत्र, 2 मृत्यु प्रमाणपत्र, 5 मंईयां सम्मान निधि स्वीकृति पत्र लाभुकों को प्रदान किया। शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बिजली, अंचल, मंईयां योजना, आवास, पेंशन, खाद्य आपूर्ति, जेएसएलपीएस, आत्मा, राजस्व समेत विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये थे। शिविर में बीएओ सुधीर राय, सुनिल कुमार, सोबरन महतो, अरविंद केसरी, सौरव सिंह, सोबरन महतो, उमेश कुमार, रिंकू रविदास, श्याम यादव, अमित मोहन, नवनीत कुमार, दयाल प्रसाद, नागेश्वर राम, राजकुमार सिंह, विजय पांडेय व अन्य उपस्थित रहे।

### कोडरमा के स्पाइसी होटल में पुलिस ने की छापेमारी

# देह व्यापार के आरोप में एक महिला सहित दस गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** कोडरमा पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्यवायी करते कोडरमा थाना अंतर्गत बाघीटांड के स्पाइसी होटल में छापेमारी की और देह व्यापार के आरोप में एक महिला सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया। रविवार को सभी को कोडरमा जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार सभी युवती, महिला व पुरुष बिहार के नवादा के निवासी बताये जा रहे हैं। बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत बाघीटांड स्थित स्पाइसी हाउस होटल देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर बीती रात कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने छापेमारी कर संदिग्ध हालात में 4 युवती, एक महिला, होटल मैनेजर सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया। प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार के नेतृत्व में देह व्यापार की सूचना पर कार्रवाई की गयी। होटल संचालक द्वारा होटल के बेसमेंट में बाहर से युवतियों को बुलाकर देह व्यापार का धंधा कराया जा रहा था। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गये 5 लोगों में दो पुलिस वाले भी शामिल हैं जो बिहार से शराब के साथ वेश्यावृत्ति के लिए कोडरमा पहुंचे थे। मौके से अवैध शराब और आपत्तिजनक सामान भी बरामद किये गये। मामले में पुलिस ने संजय कुमार पिता राजनंदन प्रसाद रजौली थाना तारगिल नवादा, मुकेश कुमार पिता मुंद्रिका प्रसाद कोर्ट के पीछे नवादा, धर्मेंद्र कुमार पिता नरेश प्रसाद, नवीन नगर नवादा, सुमन कुमार और पिंटू कुमार को गिरफ्तार किया है। वहीं 4 युवती व एक महिला को भी हिरासत में लिया गया। ज्ञात हो कि दो माह पूर्व उक्त होटल के समीप ही दो लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। यह भी उल्लेखनीय हो कि बिहार में शराब बंदी के बाद से सीमावर्ती जिला कोडरमा अवैध शराब का अड्डा बन गया है और अब देह व्यापार का भी धंधा किया जा रहा है। इधर उद्भेदन के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### जयनगर में विहिप का 60वां वर्षगांठ महोत्सव संपन्न

# हिंदुओं को संगठित करना मुख्य उद्देश्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**जयनगर।** विश्व हिंदू परिषद का 60 वां वर्षगांठ महोत्सव एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल पावर हाउस डंडाडीह के प्रांगण में धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार बर्णवाल और संचालन शिक्षक सकलदेव राम ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांत धमार्चार्य प्रमुख युगल किशोर , जिला मंत्री पंकज दुबे, उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युगल किशोर ने कहा कि हिंदुओं को अपनी अस्मिता और साख बचाने के लिए जागृत होना होगा। आज जिस तरीके से हिंदू समुदाय के कुछ विशेष वर्ग धर्मांतरण की ओर जोड़ दे रहे हैं निश्चित तौर पर यह हिंदुओं के लिए खतरा की घंटी है सबसे पहले हम हिंदुओं को एक होना होगा हमें अपनी हिंदुओं पर गर्व करना होगा तभी हम हिंदुओं के दुश्मनों से दो हाथ कर सकेंगे। प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार वर्णवाल ने कहा जागो हिंदू जागो, अभी भी वक्त है। आज के समय में विश्व हिंदू परिषद हिंदुओं को जगाने आया है। कार्यक्रम को जिला कार्यवाह मुकेश राणा, महेश पांडेय, सुरेंद्र मोदी, अर्जुन चौधरी,सुनील कुमार यादव, कृति सुमन, रामस्वरूप यादव, अर्जुन चौधरी, हिरामन मिस्त्री, पिंटू कुमार पांडेय आदि ने संबोधित किया। मौके पर शंकर दयाल पांडेय, जगदीश साव, पप्पू पांडेय, प्रदीप राणा, बालेश्वर राणा, अनिल राणा, महेश राणा, कन्हैया राणा, दुर्गी चौधरी सहित सैकड़ों हिंदू उपस्थित थे।

### महादेव बने प्रखंड अध्यक्ष

विभाग मंत्री अनुप यादव व जिला मंत्री पंकज दुबे के द्वारा घोषणा कर विश्व हिन्दू परिषद जयनगर प्रखंड कमिटी का गठन किया गया। जिसमें विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड अध्यक्ष महादेव शर्मा, उपाध्यक्ष सदानंद सिंह, रामस्वरूप यादव, अमित पासवान प्रखंड मंत्री सतीश पांडेय, सह मंत्री बीरेंद्र साव, मुकेश तिवारी, प्रखंड बजरंग दल संयोजक अजय यादव, सह संयोजक शिवशंकर चौधरी, कैलाश राम, गौ रक्षा प्रमुख सकलदेव सिंह, सत्संग प्रमुख दिगंम्बर पांडेय, प्रखंड दूर्गा वाहिनी संयोजिका खुशबू देवी को बनाया गया।

## मरकच्चो में 4 सितंबर को फुटबॉल मैच

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जनता दल के बैनर तले प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेडियम मे फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिसका उद्घाटन मैच 4 सितंबर को दोपहर तीन बजे से रांची बनाम हजारीबाग के बीच खेला जायेगा। उक्त जानकारी राजद युवा मोर्चा मे प्रखंड अध्यक्ष बबलू यादव व युवा नेता श्यामबिहारी यादव लालू ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता को सफल को बनाने को लेकर रविवार को प्रमुख सा राजद प्रखंड अध्यक्ष विजय सिह की अध्यक्षता मे राजद कार्यकर्ताओं की बैठक भी की गयी। जिसमें प्रतियोगिता की तैयारी व उसे सफल बनाने पर चर्चा की गयी। बैठक मे तोकीर अहमद, दीपक राम, मंजीत यादव, दिलीप यादव, रंजीत यादव आदि मौजूद थे।

## पशु लदा ट्रक जब्त तीन हिरासत में



**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** रविवार को कोडरमा थाना क्षेत्र के कोडरमा घाटी चेकनाका के पास कोडरमा पुलिस ने पशु लदे एक ट्रक को पकड़ा है। ट्रक में 26 पाड़ा लोड है। सूत्रों के मुताबिक इस मामले में पुलिस ने रोहित कुमार पिता अरुण यादव घर पुरनाडीह थाना मुफस्सिल जिला नवादा, सोनू कुमार छोटू यादव थाना नारदीगंज धनियामा नवादा, भूषण यादव पिता भाजा यादव थाना शाहजहांपुर पटना को हिरासत में लिया है। फिलहाल पुलिस पकड़े गये लोगों से पूछताछ कर रही है।

# भाजपा का घोषणा पत्र सुझाव अभियान शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग इकाई ने रविवार को घोषणा पत्र सुझाव अभियान की शुरूआत कर दी। पार्टी के जिला कार्यालय से प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, कोडरमा की विधायक नीरा यादव और जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की उपस्थिति में इस अभियान की शुरुआत की गयी। इस अभियान के तहत पार्टी के पदाधिकारी जिला, प्रखंड और मंडल स्तर तक जाकर युवाओं, महिलाओं, किसान, मजदूर, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, पारा शिक्षक, सहिया दीदी से मिलकर उनकी सलाह लेंगे कि वह कैसा घोषणा पत्र चाहते हैं। इसी को पार्टी अपने संकल्प पत्र में स्थान देगी। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, जिला महामंत्री सुमन कुमार सुनील मेहता, जिला उपाध्यक्ष दामोदर सिंह, भानुमति पासवान, रेणुका साहू, जिला मंत्री अरविंद सिकरवार, जय नारायण कुशवाहा, कुणाल दुबे, पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नु गोप, भैया बांके बिहारी, केपी ओझा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य बटेश्वर मेहता, चंद्रनाथ भाई पटेल, भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता, भाजपा नेता जुगनू सिंह मनमीत अकेला, नगर भाजपा अध्यक्ष विवेक बरियार, जिला मीडिया प्रभारी नंदकुमार नंदू, जिला आइटी सेल के संयोजक सुमित लहरी, सह मीडिया प्रभारी विवेक जोशी, मंडल अध्यक्ष मोर्चा के अध्यक्ष मौजूद रहे।

# हजारीबाग सदर विधानसभा से कांग्रेस के संभावित उम्मीदवारों की भरमार

### 34 लोगों ने बायोडाटा सौंप की टिकट की दावेदारी

दीपक सिंह



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सदर विधानसभा से कांग्रेस का टिकट पाने वालों की होड़ सी लग गयी है। यहां भी एक अनार सौ बीमार वाली कहावत चरितार्थ हो रही। 34 लोगों ने टिकट की दावेदारी करते हुए अपना अपना बायोडाटा जिला अध्यक्ष को सौंपा है। प्रखंड कमेटी से लेकर प्रदेश कमेटी के नेता तक हजारीबाग सदर विधानसभा का टिकट पाना चाहते है, इसलिए अपनी दावेदारी भी कर रहे हैं। हजारीबाग सदर विधानसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा की सीधी टक्कर रहती है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को 1 लाख 6 हजार से अधिक मत मिला था, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी भी 54 हजार से अधिक मत प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहे थे। इस चुनाव में जेवीएम ने भी अपना उम्मीदवार उतारा था जिसे 31578 वोट मिला था। कांग्रेस के लिए प्लस प्वाइंट यह भी है की जेवीएम प्रत्याशी अब कांग्रेस में हैं।

इस सीट पर कांग्रेस ने चार बार जीत दर्ज की है। 1962 में ज्ञानी राम ने पहली बार कांग्रेस के टिकट पर हजारीबाग सदर विधानसभा से जीत दर्ज की थी, उसके बाद 1985 में एचएच रहमान ने कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की। उसके बाद सदर सीट पर लगातार 15 साल भाजपा का कब्जा रहा। 2005 में फिर एक बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की। कांग्रेस ने इस बार रामगढ़ राजघराने के युवराज सौरभ नारायण सिंह को प्रत्याशी बनाया जिन्होंने लगातार दो बार जीत दर्ज कर 10 साल तक हजारीबाग सदर विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया। 2014 के विधानसभा चुनाव में सौरभ नारायण सिंह ने चुनाव लडने से इंकार कर दिया, जिसके बाद इस सीट पर भाजपा का कब्जा हो गया जो अभी तक जारी है। गत सोमवार को हजारीबाग आए कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत कार्यक्रम में संभावित उम्मीदवार ने स्वागत करने में कोई कोर कसर भी नही छोड़ा। किसी ने डेमो टांड़ में, तो किसी ने कोनार पुल पर तो किसी ने युवराज पैलेस के पास तो किसी ने सिद्धू कान्हू चौक पर समर्थको संग स्वागत कर प्रदेश अध्यक्ष को अपनी ताकत का अहसास भी कराया।

### इन लोगों ने सौंपा अपना बायोडाटा

सदर विधानसभा से टिकट की चाह रखने वाले 34 लोगों ने जिला अध्यक्ष को अपना बायोडाटा सौंपा है। जिनमें शैलेन्द्र कुमार यादव, डॉ आर सी मेहता, बिनोद कुशवाहा, मुन्ना सिंह, संजय तिवारी, रेणु कुमारी, सजिद हुसैन, उपेंद्र कुशवाहा, रजी अहमद, बिनोद सिंह, सजिद अली खां, संजय गुप्ता ,अरुण साहू, योगेंद्र साव, अवधेश कुमार सिंह, मंजूर अंसारी, गुंजन सिंह, अजय कुमार गुप्ता, कैलाशपति देव, मकसूद आलम, नवीन कुमार, देव कुमार राज, डॉक्टर भैया असीम, धीरज कुमार सिंह, दिलीप कुमार रवि, रोहण ठाकुर, डॉक्टर प्रकाश कुमार, विजय कुमार सिंह, परवेज अहमद, कजरु साव, अब्दुल कुदुर सुल्तान, अनुप्रिया साव, उदय कुमार साव, ओम प्रकाश गोप का नाम शामिल है।

## विक्रम राणा ने किया कार्यकर्ता सम्मेलन, सदर विधानसभा से चुनाव लड़ने की घोषणा की



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कटकमदाग प्रखंड निवासी समाजसेवी विक्रम राणा ने रविवार को शहर के विनायक होटल में कार्यकर्ता सम्मेलन कर सदर विधानसभा से चुनाव लड़ने की घोषणा की है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विक्रम राणा ने कहा की आज तक सदर विधानसभा का समुचित विकास नही हो पाया है। समस्या जस की तस है। इन्ही समस्याओं और जनता की सेवा करने की सोच को आगे रख चुनाव लड़ने की घोषणा कर रहा हूं। अगर आप मुझे विधायक के रूप में चुनते हैं तो मैं विधायक बन कर नहीं बल्कि भाई और बेटा बन कर आपसबों की सेवा करूंगा। कहा कि मैं खुद 365 दिन विधानसभा क्षेत्र में लोगों से मिलता हूं, उनका दुख दर्द सुनता हूं और समाधान का कोशिश करता हूं। मेरी कोशिश रहती है की जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हो। इसके लिए उन्हें किसी के दरवाजे पर भटकना न पड़े। मैं जीता तो हर एक जनता के सुख - दुख में खड़ा रहूंगा। जो भी वादा है उसे जितने के बाद पूरा करूंगा। विक्रम राणा ने कहा की सभी राजनीतिक दल पैसे वालों को टिकट देते हैं, जिससे समाज में काम करने वाले सिर्फ काम ही करते रह जाते है, उन्हे प्लेटफार्म नही मिल पाता। इसलिए मैने चुनाव में आने का फैसला किया है जिसका घोषणा भी कर दिया है। अब जनता के अदालत में आया हूं और जनता का आशीर्वाद मुझे मिलेगा।

## विश्व हिंदू परिषद का 60वां स्थापन दिवस मना




**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद का 60वां स्थापना दिवस गर्री कलां स्थित ज्ञानेवशर नाथ शिव मंदिर में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जय श्री राम के उद्घोष व भगवा ध्वज लहरा कर व विश्व हिंदू परिषद का मूलमंत्र गा कर किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रांत मंत्री अनूप, हजारीबाग जिला सुरक्षा प्रमुख बड़कागांव प्रखंड सह संयोजक सत्यजीत, जिला गौ रक्षा प्रमुख अभिनव प्रखंड सह संयोजक राहुल कुमार, धर्म प्रचारक राकेश मंडल, अजय मंडल, पंचायत संयोजक रोहित कुमार, सुरक्षा प्रमुख राजेश कुमार, विश्व हिंदू परिषद के पंचायत अध्यक्ष नरेश कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों ने विश्व हिंदू परिषद के कार्य और उद्देश्य को रखा। इसके साथ हीं सनातन संस्कृति से जुड़े कई अहम बिंदुओं पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम में संजय कुमार, मनोज कुमार, संदीप शर्मा, बिकास कुमार, रोहित कुमार, निरंजन कुमार, संतोष, भोला, भीम, सूरज, निशांत कुमार, निकेश सोनी, लीलेश कुमार, वीरेंद्र कुशवाहा, शंकर कुमार, रंजीत कुमार, सुनील पासवान और सोहर महतो समेत बड़ी संख्या में बजरंग दल सदस्य मौजूद थे।

## हर्ष अजमेरा के प्रयास से लगा ट्रांसफार्मर



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर विधानसभा क्षेत्र के ढौढवा पंचायत के कोनहर गांव में पिछले आठ दिनों से विद्युत व्यवस्था बाधित थी, करण ट्रांसफार्मर खराब था। विभिन्न दफ्तर में भटकने के बाद भी ग्रामीणों को समय पर ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं हो सका जिसके बाद ग्रामीणों ने भाजपा नेता हर्ष अजमेरा के कार्यालय में संपर्क किया, जिसके 24 घंटे के उपरांत ग्रामीण को नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। ग्रामीणों के चेहरे पर एक अलग खुशी देखने को मिली। रविवार को ग्रामीणों के बीच स्वयं श्री अजमेरा पहुंचे ग्रामीणों ने फूलों का गुलदस्ता माला पहनकर उनका स्वागत और अभिनंदन किया। जिसके बाद हर्ष अजमेरा ने ट्रांसफार्मर का उद्घाटन कर ग्रामीणों की परेशानियों को दूर करते हुए उन्हें ट्रांसफार्मर सौंपा गया। मौके पर विजय सिंह भोगता, जयप्रकाश केसरी, सोहर राणा, मनोज राणा, कैलाश यादव, शिवकुमार यादव, नागेश्वरी कुमारी, पप्पू यादव, उपेंद्र कुमार, हेमारज भोगता सहित कई लोग मौजूद रहें।

## कर्मा पूर्व सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन 11 को



**कटकमसांडी (आजाद सिपाही)।** कटकमसांडी इंटर महाविद्यालय में आदिवासी बहुल क्षेत्र में जितने भी आदीवासी समुदाय के लोग एक होकर कटकमसांडी प्रखंड में आगामी 11 सितंबर दिन बुधवार को आदिवासी समाज के द्वारा भव्य रूप से कर्मा पूर्व सांस्कृतिक महोत्सव मनाये जाने का निर्णय लिया गया। इस करमा सांस्कृतिक महोत्सव का अध्यक्ष मंगल उराव, सचिव लाखन सिंह भोक्ता, उपाध्यक्ष मंगल सिंह मुंडा, कोषाध्यक्ष बिरसाउराव, सह कोषाध्यक्ष महावीर उरांव, सर्व समिति से चुने गये। मुख्य रूप से इस के बैठक में पूर्व जिला परिषद सदस्य कुलदीप सिंह भोगता, विजय सिंह भोगता, सदस्य भोगता, शिवप्रसाद भोगता, परमेश्वर सिंह भोगता, मोतीलाल टूटी, ऋषु मुंडा, श्यामू मुंडा, बिरसा मुंडा, किशुन कुजूर, चैतान उरांव, संदीप मुंडा, बीरबल मुंडा, दिलीप उरांव, रुपू उरांव, मरियम कुजूर सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

## भादो अमावस्या को लेकर संगीतमय भजनों का आयोजन, झूमे श्रद्धालु

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में भादी अमावस्या को लेकर कार्यक्रम के तीसरे दिन भक्ति संध्या का आयोजन शुरू हुआ। सवा पांच घंटे तक चलने वाले इस भक्ति संध्या में वाराणसी के प्रसिद्ध गायक कृष्णा दधीचि और स्थानीय भजन मंडली श्याम शरण में आजा रे के गायकों ने श्री राणीसती दादी जी, बाबा श्याम, वीर हनुमान, बाबा भोलेनाथ, माता दुर्गा सहित विभिन्न देवी देवताओं पर आधारित राजस्थानी, भोजपुरी, क्लासिकल आधारित भजन प्रस्तुत किया। इस दौरान मंदिर परिसर जय दादी की जयकारों से गुंजयमान होता रहा। पूजा अर्चना में यजमान के रूप में पिंकी- संजीव खेतान शामिल हुए। श्री राणीसती भक्त समिति के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम में कलश शोभायात्रा, मंगलपाठ, संगीतमय भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार की सुबह 4 बजे श्री राणीसती मंदिर में मंगला आरती का आयोजन होगा। समिति के गोपी कृष्ण अग्रवाल, हिमांशु केडिया ने बताया कि मंगला आरती के बाद पूजा अर्चना शुरू होगी, इसके बाद खीर पुड़ा का प्रसाद अर्पण किया जाएगा। देर शाम को महिला संगठन में द्वारा विविध कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस दिन झुमरी तिलैया कोडरमा डोमचांच में राजस्थानी समाज के निवास स्थलों पर भी पूजा अर्चना की जाएगी एवं मंगल पाठ व भजन कीर्तन का आयोजन होगा। अमावस्या को लेकर श्री राम जानकी अपार्टमेंट स्थित विनोद बजाज के निवास स्थल पर ढांढ़ण सती दादी जी का दरबार सजेगा और ज्योत के साथ भजन कार्यक्रम का आयोजन होगा।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 02 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in



## सीसीएल जीएम पहुंचे तोपा कोलियरी ग्रामीणों संग की बैठक

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के महाप्रबंधक राजीव कुमार सिन्हा रविवार को तोपा परियोजना के खुली खदान के विस्तारीकरण में आ रहे समस्याओं के निदान को लेकर बनवार बस्ती पहुंचे। जहां महाप्रबंधक ने तोपा परियोजना कि भविष्य को लेकर सीसीएल कंपनी की योजनाओं से मौजूद विस्थापित और रैयत ग्रामीणों को अवगत कराया। वहीं, महाप्रबंधक ने खदान के विस्तारीकरण समेत परियोजना से 50 से 100 मिलियन टन कोयला उत्पादन होने की बात कही। साथ ही, जमीन की उपलब्धता होने पर जल्द ही कोल वाशरी खोलने की बात कही। महाप्रबंधक ने ग्रामीणों संग बातचीत कर परियोजना विस्तारीकरण कार्य में सहयोग की मांग की। उन्होंने ग्रामीणों को नौकरी, मुआवजा, खदान से सटे घरों की राशि का मुआवजा भुगतान का एग्रीमेन्ट प्रबंधन के साथ करा लेने सहित उनकी समस्या का समाधान प्रबंधन द्वारा अविलंब करने का भरोसा जताया। इधर, ग्रामीणों ने भी सीसीएल प्रबंधन को अपना सुझाव दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय माइनिंग ऑफिसर अजीत सिंह, डिस्पैच अधिकारी नीलेश कुमार सहित विस्थापित, रैयत, ग्रामीण शामिल रहे।

## पूर्व विधायक ने सुनी जनता की समस्या



**गोला (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक ममता देवी ने रविवार को मठवाटांड़ स्थित अपने कार्यालय में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्या सुनी। इस दौरान क्षेत्र की जनता द्वारा अपनी अपनी समस्याओं को क्रमवार पूर्व विधायक के समक्ष रखा गया। क्षेत्र में कार्यरत स्वास्थ्य सहिया दीदीयों ने अपने मानदेय वृद्धि को लेकर पूर्व विधायक ममता देवी के समक्ष अपनी बातों को रखा और ज्ञापन सौंपी। पूर्व विधायक ने उनकी इस मांग को जल्द ही राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष रखने और इसका समाधान का भरोसा दिलाया। वहीं रामगढ़ प्रखंड के दोहाकातु पंचायत अंतर्गत लोलो के ग्रामीणों ने सड़क की समस्या को लेकर पूर्व विधायक के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा। जिसका सकारात्मक पहल करने का अस्वाशन दिया।

## गोसा-कांकेबार के कुओं में ब्लीचिंग का छिड़काव



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** गोसा और कांकेबार के कुंओं में रविवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में बरसात के मौसम को ध्यान में रखकर ब्लीचिंग का छिड़काव किया गया। कुंओं में ब्लीचिंग का छिड़काव करते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने कहा कि आजसू पार्टी हमेशा ही जनहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेती है। कहा कि चाहें जरूरतमंद लोगों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ दिलाने का मामला हो, किसी जरूरतमंद के मदद का मामला हो, रक्तदान का मामला हो जनहित के इन सभी कार्यों में आजसू पार्टी ने हमेशा बढ़-चढ़कर योगदान दिया है और आगे भी देती रहेगी। श्री महतो ने कहा कि बरसात के मौसम में कुंओं के पानी में कई तरह के संक्रामक जीवाणु पनप जाते हैं। कहा कि उन जीवाणुओं से बचाव के लिए ही कुंओं में ब्लीचिंग का घोल डाला जा रहा है। ताकि लोगों को पीने का स्वच्छ पानी मिल सके। मौके पर भनेश्वर महतो, ईश्वर महतो, जीतन महतो, सुरेश महतो, जूटू महतो, चुन्नीलाल महतो, शीतल प्रसाद, नुनूलाल महतो, टिकेन्द्र कुमार महतो, मुकेश महतो, महेंद्र कुमार, मुकुंद कुमार, सुनील कुमार, महेश महतो, सुनील कुमार, बबलू कुमार, रतन कुमार आदि उपस्थित थे।

## दिल्ली में हंटरगंज के युवक की मौत



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** दिल्ली पुलिस ने हंटरगंज थाना क्षेत्र के लेंजवा पंचायत के कोसमाही गांव निवासी काली यादव का 33 वर्षीय पुत्र पुत्र साकेत यादव का शव दिल्ली स्थित नागलोई के एक क्वार्टर से ने बरामद किया है। मृतक साकेत एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। घटना के दिन भी वह खाना खाकर रात में अपने कमरे में सो रहा था। लेकिन सुबह वह फांसी से लटका हुआ पाया गया। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार मृतक का पैर जमीन से सटा हुआ था। परिजनों ने उसकी हत्या कर फांसी का रूप देने की बात कह रहे हैं। पुलिस इस घटना की जांच कर रही है। मृतक के चार छोटे-छोटे बच्चे हैं। समाचार लिखे जाने तक मृतक का शव गांव नहीं पहुंचा है। घटना की जानकारी मिलते ही पूरा गांव में मातम पसरा है। परिजनों का रो -रो कर बुरा हाल है। ग्रामीण मृतक के परिजनों को ढांढस बंधा रहे हैं।

## आजसू प्रखंड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता के फाइनल मैच का आयोजन



**गोला (आजाद सिपाही)।** सीपीसी इंटर कॉलेज कमता में रविवार को आजसू प्रखण्ड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल में ब्लैक पैंथर क्लब सुतरी बनाम अम्बेडकर क्लब पुरबडीह के बीच में खेला गया। दोनों टीमो ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। निर्धारित समय में दोनों टीमो ने 6-6 गोल कर बराबरी पर रहे। इसके बाद पेनाल्टी शूटआउट में ब्लैक पैंथर क्लब सुतरी 0-1से विजय रहा। इससे महिला प्रदर्शनी मैच एस एस प्लस टू हाई स्कूल गोला बनाम उत्कमित उच्च विद्यालय बंदा के बीच खेला गया। जिसमें एस एस प्लस टू हाई स्कूल गोला की टीम 0-1 से विजय रही। मैच का उद्धटान गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी विधायक सुनीता चौधरी, जिप सदस्य जलेश्वर महतो ने संयुक्त रूप से किया। अपने संबोधन में सांसद ने कहा कि आजसू पार्टी खेल के प्रति हमेशा आगे रही है। खिलाड़ियों को हर संभव मदद किया जायेगा। वहीं विधायक ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलना चाहिए। हार जीत तो लगी रहती है। विजेता और उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके जिप अध्यक्ष सुधा चौधरी, प्रमुख गीता देवी, उपप्रमुख विजय ओझा,तिवारी महतो, दिनेश कुमार महतो, अशोक महतो, अंगद महतो, अमृत लाल मुंडा, पंकज महतो, ममता सोनी, सुरेश रजक, रामप्रसाद करमाली, रणधीर बसरिया, कुंदन कुशवाहा, रविंद्र महतो, मंटू महतो, प्रकाश करमाली आदि थे।

# भादो अमावस्या महोत्सव में पांच सौ दादी भक्तों ने किया मंगल पाठ

**विधायक सुनीता चौधरी हुई शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** श्री मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय 18 वें भादो अमावस्या महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को 500 दादी भक्तों ने एक साथ मंगल पाठ किया। मंगल पाठ का शुभारंभ गणेश पूजन के साथ किया गया। सर्वप्रथम दादी मंदिर के पुजारी ब्रजेश तिवारी और राधा रमन ने यजमान गुड्डू शर्मा सपत्नीक सीमा शर्मा के हाथों गणेश पूजन कराया। वही, मंगल पाठ में विधायक सुनीता चौधरी दादी जी के दरबार में माथा टेक कर जिले की खुशहाली की प्रार्थना की।

**दादी जी को नाव में कराया गया विराजमान:** महोत्सव को लेकर पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और विद्युत सज्जा से सजाया गया था। वही, दादी जी के दरबार को सुंदर और आकर्षक रूप से सजाया गया। दादी जी को नाव पर विराजमान किया गया, जो देखते ही बन रहा था। हर कोई दादी जी को निहार रहा था।

**कोलकाता की प्रसिद्ध पाठ वाचिक निशा सोनी ने मीठे-मीठे भजनों से दादी भक्तों को झुमाया:** महोत्सव को लेकर शामिल हुई कोलकाता की प्रसिद्ध पाठ वाचिका निशा सोनी ने भी अपने मीठे-मीठे भजनों से दादी भक्तों को खूब झुमाया। इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी आकर्षक झांकी पेश कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

### दादी जी के जन्मोत्सव पर झूमे भक्त

**मंगल पाठ के दौरान दादी जी के जन्मोत्सव पर दादी भक्तों ने नृत्य प्रस्तुत किया। मेहंदी को रंग सुरंग मां रानी सती जिसे करने के लिए निधि अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, नीति बरेलिया, रश्मि पोद्दार, चांदनी अग्रवाल, रितु अग्रवाल, अंचल अग्रवाल एवं सृष्टि अग्रवाल ने किया। अन्य भजन पर श्री रानी सती महिला मंगल समिति के सदस्यों ने दादी जी के गीत पेश किया। जिसमे, अनीता अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, रीता अग्रवाल, संजना अग्रवाल, प्रीति जैन, संगीता एवं निशा मोदी ने शामिल थी। वही, संध्या में महा आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ दादी जी के मंगल पाठ का समापन किया गया।**

भजन के दौरान निशा सोनी ने डोले डोले रे भगत रे मन डोले, दादी थारो डागले पर मोर बोले, टाबरिया हा थारा थे भुलाए मत ना, छोड़ के भवानी मन जाये मत ना, लाल चुनड़ मां की चम-चम चमकै, माथे पे बिंदिया दम-दम चमकै, झिलमिल झिलमिल चुनड़ी में तारा चमके, आजा ए भवानी तेरा सेवक तरसै आदि भजन पेश की।

# आजसू का जन-जागरण अभियान पतरातू में

**बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के लिए परिवर्तन जरूरी: रोशन लाल चौधरी**

आजाद सिपाही संवाददाता





**पतरातू।** आजसू ने राज्य सरकार के वादा खिलाफी और बड़कागांव विधानसभा के सर्वागिण विकास को लेकर जन जागरण पदयात्रा की। जन जागरण पदयात्रा में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी शामिल थे। पदयात्रा पालू पंचायत के विभिन्न गांव से शुरू होकर, टेरपा, किरीगढ़ा, सांकुल होते हुए पतरातू पहुंचा। विभिन्न जगहों में पदयात्रा के दौरान हजारों आजसू कार्यकर्ता सड़क पर उतर कर भ्रष्ट और वादाखिलाफी वाली राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर रहे थे। पदयात्रा के दौरान विभिन्न जगहों पर नुक्कड़ सभा का भी आयोजन किया गया। इस दौरान नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए रोशनलाल चौधरी ने कहा की वर्तमान राज्य सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई है। हेमंत सरकार ने युवाओं को रोजगार देने एवम बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। स्थानीय युवाओं को रोजगार के लिए पलायन करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई हुई है। आने वाले विधानसभा चुनाव में विकास के लिए सोच समझ कर वोट करें। इस मौके पर केंद्रीय महासचिव विजय साहू, प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, धनेश्वर महतो, चंदन श्रीवास्तव, अशोक पाठक, प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, सरिता देवी, फूलचंद महतो, रघुवीर महतो, उज्ज्वल कुमार सिंह, अजय रवि, कौलेशवर महतो, बबिता देवी, लक्ष्मीकांत महतो, जानकी मुंडा, कामेश्वर महतो, राकेश विश्वकर्मा, सरिता देवी, गणित देवी, मोहित महतो, बबिता देवी सहित सैंकड़ों ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।

## उरीमारी में पत्रकारों की हुई बैठक



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी के प्रेस क्लब सदस्यों की बैठक रविवार को उरीमारी में हुई। बैठक की अध्यक्षता कमलेश सिंह एवं संचालन राकेश पाण्डेय ने किया। इस दौरान संगठन की मजबुती पर बल देते हुए पत्रकार हित में कदम उठाने का निर्णय लिया गया। साथ ही अपने सामाजिक दायित्व के तहत उरीमारी क्षेत्र के सुदुरवर्ती गांवो में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही क्षेत्र के गरीब मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए सहयोग करने कि बात कही गई। इस बैठक में सुरेंद्र प्रसाद, अजीत सिंह,पारस नाथ साहू, कर्मबीर सिंह, तनु उपाध्याय मौजूद थे।

## मंत्री सत्यानंद भोगता ने किया सीएससी का उद्घाटन



**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बेला गांव के एन एच 22 मुख्य मार्ग के समीप सीएससी सेंटर का उद्घाटन मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने फीता काटकर किया। इस दौरान सीएससी के संचालक कृष्णकांत यादव ने बताया कि यहां सभी प्रकार के ऑनलाइन किया जायेगा और सरकार के निर्देशानुसार सभी कार्य किये जायेगें। उद्घाटन के मौके पर काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

# भाजयुमो ने किया सरकार का पुतला दहन

**उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया की दौड़ बन गया है मौत की दौड़: श्रीवास्तव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया की दौड़ में अभियर्थी की मौत होने के बाद भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेता कार्यकर्ता काफी गुस्से में है। पूरे राज्य में मुख्यमंत्री के गलत नीतियों का विरोध शुरू कर दिया है। इसी के तहत रविवार को मोर्चा के जिलाध्यक्ष कुश श्रीवास्तव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। फुटबॉल ग्राउंड से आक्रोश मार्च निकालकर सुभाष चौक में पुतला दहन किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि अभ्यर्थियों को आधी रात से लाइन में खड़ा कर अगले दिन झुलसा देने वाली धूप में दौड़ाया जा रहा है। जिसके कारण उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया की दौड़ अब मौत की दौड़' बन चुकी है। इस 'मौत की दौड़' में राज्य के 10 बेरोजगार युवा असमय काल की गाल में समा गये हैं। कई घरों के चिराग बुझ गये हैं, कई मां बाप बेसहारा हो गये हैं। कहा कि भर्ती केंद्रों पर स्वास्थ्य सुविधा का समुचित प्रबंध तक नहीं किया गया है। दौड़ के लिए चयनित मार्ग पर भी हेमंत सरकार के द्वारा पर्याप्त संसाधनों की व्यवस्था नहीं की गई है। कार्यक्रम में युवा मोर्चा महामंत्री राजेश सोनी, भाजपा कैन्ट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सुशांत पांडे, युवा मोर्चा जिला कार्यालय मंत्री संजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष मिथिलेश पाठक, मंत्री विजय पाठक, ओबीसी मोर्चा प्रदेश संगठन प्रभारी नरेंद्र चंचल, अजीत गुप्ता, राजीव पदमादत भीमसेन, आईटी सेल धीरज साहू, रुद्र कुमार, राहुल शाह, सौरभ जयसवाल, मणिशंकर ठाकुर, अमित ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

# रामगढ़-हजारीबाग सीमावर्ती इलाके से जमकर हो रहा है कोयले का अवैध कारोबार

## चनारो और बहेरा से रोजाना ट्रकों से मंडी पहुंच रहा है अवैध कोयला

**चरही पुलिस की नाक के नीचे तस्कर कर है तांडव, पुलिस मौन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़/चरही।** रामगढ़-हजारीबाग सीमावर्ती इलाके के चरही थाना क्षेत्र से कोयले का काला कारोबार बेरोकटोक जारी है। कारोबार लंबे से चल रहा है। कोई रोकटोक नहीं है। जिसके कारण कारोबारी कारोबार को धुनकर कर रहा है। सबकुछ चरही थाना से कुछ ही दूरी पर हो रहा है। लेकिन पुलिस की नजर नहीं पड़ना एक बड़ा और रहस्यमय सवाल है। कारोबारी दिनरात कोयला भंडारण कर ट्रकों पर लादकर डेहरी मंडी और बिहार की मंडियों में ले जा रहे हैं। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं होना समझ से परे है।

**चनारो और बहेरा से रोजाना आधा दर्जन ट्रकों से मंडी पहुंच रहा है अवैध कोयला!:** सूत्रों ने बताया कि कोयला तस्करों का सेफ जोन चरही थाना क्षेत्र के चनारों और बहेरा है। जिसके कारण कोयला तस्कर इस इलाके से लंबे कारोबार को अंजाम दे रहा है। दोनों स्थानों को मिलाकर रोजाना आधा दर्जन से अधिक ट्रकों पर अवैध कोयला लादकर बाहर मंडियों में ले जाया जा रहा है। चनारों में चारदिवारी है। जबकि बहेरा में हरा रंग का पर्दा बांस के सहारे कंपाउंड बनाया गया है। जिसमें दिन के उजाले में अवैध कोयला का भंडारण किया जाता है। जिसके बाद तय रणनीति के तहत हरी झंडी मिलते ही रात के अंधेरे में ट्रकों पर अवैध कोयला लादकर तस्कर वाहनों को रवाना कर देता है।

### लंबी दूरी तय कर मंडी पहुंचता है ट्रक, नहीं लगाता है कोई हाथ

**अवैध कोयला लेकर जाने वाली ट्रकें लंबी दूरी तय कर डेहरी मंडी और बिहार के विभिन्न जगहों पर पहुंचता है। लेकिन इतने लंबे रास्ते में ट्रकों को हाथ लगाने वाला कोई नहीं मिलता है। जिससे स्पष्ट समझा जा सकता है कि कोयला तस्करों सेटिंग कितनी मजबूत है। हैरत की बात यह है कि सबकुछ चरही पुलिस की नाक के नीचे हो रहा है। लेकिन अबतक उनका तस्करी को रोकने के लिए न तो कोई पहल दिखा है न ही कोई कार्रवाई। जिससे लगता है कि हर परिस्थिति में कोयला तस्करों की पकड़ मजबूत है। जिसके कारण कोयले का अवैध कारोबार दोनों जगहों से स्मूथ चल रहा है।**

## बाल विद्या मंदिर आरा में निबंध प्रतियोगिता



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बाल विद्या मंदिर आरा में सीसीएल जीएम कुजू क्षेत्र द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वर्ग 6वीं से 10वीं वर्ग के 40 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शीर्षक भ्रष्टाचार समाज की सबसे बड़ी चुनौती पर परीक्षा का आयोजन किया गया। आयोजित परीक्षा सीसीएल जीएम ऑफिस कुजू के नोडल ऑफिसर तबरेज आलम और सीएसआर असिस्टेंट संजय कुमार को देखरेख में संपन्न किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदी शिक्षक सुनीता कुमारी का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर प्राचार्य रणजीत सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने में अहम भूमिका निभाता है। साथ ही साथ कहा कि बच्चो के बीच में समय समय पर ऐसे प्रतियोगिता का आयोजन होते रहना चाहिए। मौके पर आरपी मिश्रा, कामेश्वर प्रसाद, भागीरथ प्रसाद, भुनेश्वर महतो, कुलदीप महतो, पुस्पीता कुमारी, रीता कुमारी, सबिता कुमारी, बबीता कुमारी,सोनी कुमारी समेत कई लोग शामिल रहे।

## करम मिलन समारोह का आयोजन 12 को



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुलमी कुल्ही पंचायत के बेयांग गांव में गुरुवार को ग्रामीणों की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता रुकेश कुमार और संचालन रितेश महतो ने किया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी करम मिलन समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से आगामी 12 सितंबर दिन गुरुवार को करम मिलन समारोह आयोजन करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें भाजपा मीडिया प्रभारी कमलेश महतो को अध्यक्ष बनाया गया। जबकि जगरनाथ महतो सचिव और ईश्वर चंद्र ईशा कोषाध्यक्ष के रूप में चुने गये। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि आयोजन को भव्य बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। जिसमें कलाकार इग्नेश कुमार, नितेश कछप, सुमन गुप्ता और कई अनेक कलाकार भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि करमा पर्व झारखंड की सांस्कृति से जुड़ा हुआ एक पर्व है। इस मौके पर समाजसेवी ब्रजेश कुमार सिन्हा, कुल्ही पंचायत उपमुखिया सुबोध कुमार, मुकेश कुमार, सेवधर कुमार, दीपक कुमार, आर्यन कुमार, अजीत कुमार, प्रदीप कुमार, अशोक भगत आदि लोग मौजूद थे।

## सीसीएल प्रबंधन ने करायी सड़क की मरम्मत



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी शनिचरा बाजार हाट से परियोजना कार्यालय जाने वाले जर्जर मुख्य सड़क का मरम्मत उरीमारी पीओ दिलीप कुमार के निर्देश पर सीसीएल कर्मी गणेश राम के नेतृत्व में कराया गया। इस जर्जर सड़क को लेकर विस्थापित, श्रमिक संगठन, समाज सेवी लोगों ने उरीमारी प्रबंधन को लिखित पत्र दिया था। बताते चलें कि इस सड़क से हेसाबेड़ा, कांटा घर, आफिसर कालोनी, उरीमारी परियोजना कार्यालय गंधौनियां, जाने का एक मात्र रास्ता यही है। जर्जर सड़क होने के कारण सीसीएल कर्मी और ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। सड़क की मरम्मत होने से लोगों को आने-जाने में सहुलियत मिलेगी।

## भाजपा भुरकुंडा मंडल की बैठक संपन्न





**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल की बैठक रविवार को मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के आवासीय कार्यालय जवाहर नगर में हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा और संचालन महामंत्री महेंद्र सिंह ने किया। बैठक में संगठन की मजबुती पर बल देते हुए कई विषयों पर चर्चा की गयी। कहा गया कि आगामी 5 सितंबर को भुरकुंडा मंडल कार्य समिति की बैठक आहुत की गयी है। जिसमें चुनाव के निमित्त कार्य समिति का विस्तार व आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक चर्चा की जायेगी। धन्यवाद ज्ञापन मंत्री ज्योति सिंह ने किया मौके पर योगेश दांगी, सत्येंद्र नारायण सिंह, जुगल नायक, राजन पांडेय, ज्योति सिंह, कन्हैया सिंह यादव, सुभाष दास, अनुपम कुमार पाठक, अखिलेश टोप्पो, बाबूलाल नायक, राजु मल्होत्रा, विजय कुमार आदि मौजूद थें।

## शहीद राजेश दास के पिता का निधन



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** शहीद राजेश दास और भाजपा नेता सोपारम निवासी बिनय सिंह के पिता नरेश दास का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि शनिवार की शाम अपने घर में बैठे हुए थे कि, अचानक से बेहोश हो गये। इसके बाद आनन फानन में उन्हें एनटीपीसी अधीनस्थ अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग आरोग्यंम रेफर कर दिया। परंतु वहां भी डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया। रांची के राज अस्पताल में भर्ती कराया गया रात भर इलाज होने के उपरांत रविवार की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। निधन का खबर फैलते ही टंडवा में शोक उमड़ गया। दिवंगत नरेश दास एक गंभीर स्वभाव के व्यक्ति थे एवं सामाजिक कार्यों में उनका कद उचा बना था, जिस कारण से समाज में उनकी निधन से क्षति हुई। इधर उनके आकस्मिक मृत्यु के होने के कारण परिजनों का रो-रो कर हर हाल बुरा हो गया है। दिवंगत नरेश दास के पैतृक गांव सोपारम के सतबहिनी श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर सांसद कालीचरण सिंह, विधायक किसुन कुमार दास, भाजपा जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव पांडे, भाजपा नेता शशि चौरसिया, बबलू गुप्ता, सुधीर साव, गणेश गुप्ता, शिव प्रसाद गुप्ता, विकास मलाकार, बैजनाथ पांडे, श्याम सिंह, मुकेश साव, रंजीत गुप्ता समेत कई अन्य ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है।

# आत्महत्या पर रिपोर्ट से उठते सवाल

प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कराने का केंद्र माने जाने वाले कुछ शहरों से अक्सर विद्यार्थियों के आत्महत्या करने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। यह समस्या अब एक व्यापक चिंता का रूप ले चुकी है। इसके अलावा, दसवीं या बारहवीं की परीक्षा में भी फेल होने या नंबर कम आने के तनाव में कई विद्यार्थियों के खुदकुशी कर लेने की खबरें हर वर्ष आ जाती हैं। चिंता की बात यह है कि अब ये कुछ घटनाएं मात्र न रह कर एक व्यापक समस्या की शक्ल लेती जा रही हैं। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि छात्र-छात्राओं की आत्महत्या की दर कुल आत्महत्या की दर से तो ज्यादा है ही, लेकिन अब यह जनसंख्या में इजाफे की दर को भी पार गयी है।

**एनसीआरबी की रिपोर्ट:** गौरतलब है कि आइसी-3 सम्मेलन में हाल में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के आधार पर 'छात्र आत्महत्या : भारत में फैलती महामारी' शीर्षक से जारी रपट में यह बताया गया है कि आत्महत्या की कुल घटनाओं में प्रति वर्ष जहां दो फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है, वहीं विद्यार्थियों के बीच जान दे देने के मामलों में चार फीसदी, यानी राष्ट्रीय औसत से दोगुनी की वृद्धि हुई है। यह स्थिति तब है, जब इस बात की संभावना है कि विद्यार्थियों के आत्महत्या के मामलों में 'कम रिपोर्टिंग' हुई हो।

**अगर विद्यार्थियों के बीच आत्महत्या की बढ़ती यह प्रवृत्ति खुदकुशी की कुल घटनाओं के मुकाबले और यहां तक कि आबादी में बढ़ोत्तरी की रफ्तार से भी तेज है, तो यह सोचने की जरूरत है कि देश में शिक्षा का यह कैसा स्वरूप बन गया है, जिसमें पढ़ाई-लिखाई करने की उम्र में बच्चे जीवन से हार मान रहे हैं।**

**सोचनेवाली बात:** अगर विद्यार्थियों के बीच आत्महत्या की बढ़ती यह प्रवृत्ति खुदकुशी की कुल घटनाओं के मुकाबले और यहां तक कि आबादी में बढ़ोत्तरी की रफ्तार से भी तेज है, तो यह सोचने की जरूरत है कि देश में शिक्षा का यह कैसा स्वरूप बन गया है, जिसमें पढ़ाई-लिखाई करने की उम्र में बच्चे जीवन से हार मान रहे हैं। स्कूल या उच्च शिक्षा का वह कैसा पाठ्यक्रम है, जो बच्चों के भीतर हौसले और जीवट को मजबूत करने के बजाय उन्हें भावनात्मक स्तर पर बेहद कमजोर बना देता है।

**महत्वाकांक्षाओं का बोझ:** वहीं समाज और अभिभावकों की महत्वाकांक्षाओं और अपेक्षाओं का वह कैसा बोझ है, जिसके नीचे दब कर बच्चे दम तोड़ रहे हैं। निश्चित रूप से यह शिक्षा के समूचे ढांचे और सामाजिक सोच की एक ऐसी त्रासदी है, जिस पर बिना देरी किये गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। यह स्थिति एक ओर राष्ट्रीय स्तर पर नीतिगत दूरदर्शिता पर एक सवाल है, वहीं यह सामाजिक स्तर पर शिक्षा में कामयाबी को लेकर भ्रमित धारणा का भी संकेत है।

**सामाजिक पहल जरूरी:** एनसीआरबी की रिपोर्ट के बाद हमारी युवा पीढ़ी में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति अब बड़ी सामाजिक चिंता का विषय बन गयी है। एकाकीपन, एकल परिवार और जीवन की आपाधापी का तनाव, करियर की चिंता और भौतिक दुनिया का छल-प्रपंच हमारे युवाओं के जीवन में जहर घोल रहा है। अब इस दिशा में सामाजिक पहल की जरूरत है, ताकि आनेवाली पीढ़ी को इस जंजाल से मुक्त रखा जा सके। यह काम सरकार या प्रशासन नहीं कर सकता है, बल्कि उसकी भूमिका केवल सहायक की हो सकती है। असली पहल तो अंततः समाज को ही करनी होगी।

अभिमत
आजाद सिपाही

**हाल के वर्षों में, भारत ने अपनी खेल प्रतिभाओं को निखारने में महत्वपूर्ण प्रगति की है और इसका श्रेय काफी हद तक महत्वाकांक्षी खेलो इंडिया कार्यक्रम को जाता है। 2018 में शुरू की गयी यह पहल भारतीय खेलों के लिए परिवर्तनकारी साबित हुई। संभवतः खेलो इंडिया का सबसे महत्वपूर्ण असर यह हुआ है कि भारत की ओलंपिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए यह एक फीडर सिस्टम के तौर पर नजर आया है।**

# खेलो इंडिया: प्रतिभाओं की पहचान कर भारत के ओलंपिक सपनों को पूरा करना

**डॉ. मनसुख मांडविया**



**पेरिस** ओलंपिक 2024 में टीम इंडिया की उपलब्धियां भारतीय दल के समग्र बेहतर प्रदर्शन को दशार्ती हैं। 6 पदकों के अलावा, हमारे 8 एथलीट चौथे स्थान पर रहे और वे पोडियम फिनिश से बस थोड़े से अंतर से चूक गए। उनमें से पांच का यह पहला ओलंपिक प्रदर्शन रहा। 15 एथलीट अपनी प्रतिस्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे और यह भारत के लिए भी पहली बार ही हुआ।

पेरिस ओलंपिक में एक नए और उत्साही भारत का चेहरा दिखा। 117 सदस्यीय भारतीय दल में 28 खेलो इंडिया एथलीट (केआईए) शामिल थे। भारत के सबसे कम उम्र के ओलंपिक पदक विजेता अमन सेहरावत और पिस्टल शूटर पदक विजेता सरबजोत सिंह सहित 2700 से अधिक एथलीट खेलो इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा रहे हैं। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 में कई पदक जीते हैं और वह 2018 में खेलो इंडिया स्कूल गेम्स के पहले संस्करण का भी हिस्सा थीं।

**इन केंद्रों के जरिये अवकाश ले चुके चैंपियन एथलीटों को आजीविका का एक स्थायी स्रोत भी मुहैया कराया जाता है।**

हाल के वर्षों में, भारत ने अपनी खेल प्रतिभाओं को निखारने में महत्वपूर्ण प्रगति की है और इसका श्रेय काफी हद तक महत्वाकांक्षी खेलो इंडिया कार्यक्रम को जाता है। 2018 में शुरू की गयी यह पहल भारतीय खेलों के लिए परिवर्तनकारी साबित हुई। संभवतः खेलो इंडिया का सबसे महत्वपूर्ण असर यह हुआ है कि भारत की ओलंपिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए यह एक फीडर सिस्टम के तौर पर नजर आया है। कम उम्र में ही प्रतिभाओं की पहचान करके और उन्हें लगातार सहायता प्रदान करके, कार्यक्रम ऐसे एथलीटों की एक श्रृंखला तैयार कर रहा है जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के लिए बेहतर तरीके से तैयार हैं। इसके परिणाम पहले से ही दिखने लगे हैं, कई खेलो इंडिया एथलीट ओलंपिक सहित प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस कार्यक्रम का समग्र दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि भारत के भावी ओलंपियन पूरी तरह तैयार ऐसे एथलीट हों जो खेलों के दबाव को सहने और बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम हों। इस कार्यक्रम में न केवल एथलीटों को प्रशिक्षण दिया जाता है, बल्कि प्रत्येक एथलीट को 6.28 लाख रुपये की वार्षिक छात्रवृत्ति के साथ आहार, पोषण, उपकरण और शिक्षा के लिए वित्त पोषण भी दिया जाता है। वास्तव में, हमारे पास पेरिस पैरालिंपिक के 84 पैरा-एथलीटों के दल में से 25 खेलो इंडिया एथलीट भी हैं।




**इसके अलावा कार्यक्रम के अंतर्गत 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 32 खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआइएससीइ) स्थापित किये गये हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इन केंद्रों में विशिष्ट खेलों में विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाता है, ताकि एथलीटों को विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा और कोचिंग मिल सके। इन उत्कृष्टता केंद्रों में विशिष्ट खेलों के अभ्यास के दौरान खेल विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहायता भी प्रदान की जाती है। यह केंद्र खेल उपकरण, उच्च प्रदर्शन प्रबंधकों, प्रशिक्षकों आदि के मामले में कमी को भी पूरा करता है।**

खेलो इंडिया गेम्स ने इस योजना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2018 से अब तक कुल 15 खेलो इंडिया गेम्स आयोजित किए गए हैं जिसमें 6 खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 4 खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 4 खेलो इंडिया विंटर गेम्स और 1 खेलो इंडिया पैरा गेम्स शामिल हैं। इन खेलों से, हमने 1000 से अधिक प्रतिभाशाली एथलीटों की पहचान की है। इसके अलावा, हम जमीनी स्तर के एथलीटों को भविष्य के चैंपियन बनाने के लिए हर संभव बुनियादी ढांचा तैयार कर रहे हैं। इसके लिए कुल 302 मान्यता प्राप्त अकादमियां, 1000 से अधिक खेलो इंडिया केंद्र, 32 खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए गए हैं।

इस कार्यक्रम की शुरुआत से ही, सरकार ने इसमें लगभग 3,616 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जो खेलों के विकास के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दिखाता है। 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 747 जिलों में 1059 खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) अधिसूचित किये गये हैं। ये केंद्र स्थानीय प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें विकास का मौका देने का काम करते हैं। यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि कोई भी संभावित चैंपियन पीछे छूट न जाए, चाहे उनकी भौगोलिक स्थिति या आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। इन केंद्रों के जरिये अवकाश ले चुके चैंपियन एथलीटों को आजीविका का एक स्थायी स्रोत भी मुहैया कराया जाता है।

इसके अलावा कार्यक्रम के अंतर्गत 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 32 खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआइएससीइ) स्थापित किये गये हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इन केंद्रों में विशिष्ट खेलों में विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाता है, ताकि एथलीटों को विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा और कोचिंग मिल सके। इन उत्कृष्टता केंद्रों में विशिष्ट खेलों के अभ्यास के दौरान खेल विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहायता भी प्रदान की जाती है। यह केंद्र खेल उपकरण, उच्च प्रदर्शन प्रबंधकों, प्रशिक्षकों आदि के मामले में कमी को भी पूरा करता है।

खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन (केआईआरआईटी) कार्यक्रम जमीनी स्तर पर छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। केआईआरआईटी का उद्देश्य पूरे भारत में छिपी हुई खेल प्रतिभाओं की तलाश करना और लोगों में खेलों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम 9 से 18 वर्ष के बीच के स्कूली बच्चों में प्रतिभा की खोज करता है। यह कार्य आधुनिक तकनीक और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का उपयोग करते हुए एक सहज प्रतिभा पहचान प्रणाली के जरिए किया जाता है। इसका उद्देश्य एक ही मंच पर इन प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान की पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित बनाना है। अब तक देश भर में 93 स्थानों पर 10 खेलों में लगभग 1 लाख बच्चों का मूल्यांकन सफलतापूर्वक किया जा चुका है।

खेलों में महिलाओं की भागीदारी को विशेष तौर पर प्रोत्साहित करने के लिए, पूरे देश में अस्मिता महिला लीग आयोजित की जा रही हैं। 2021 से अभी तक अस्मिता के चार सत्र आयोजित किए गए हैं, जिसमें 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 20 खेलों में कुल 83615 महिलाओं ने भागीदारी की है। इन लीग में भागीदारी करने वाली महिलाएं चैंपियन बनने की तुलना में कहीं अधिक उपलब्धि हासिल करती हैं। अस्मिता के ये सत्र महिला एथलीटों के लिए न सिर्फ एक सहायक वातावरण बनाते हैं, बल्कि खेलों के प्रति रुचि को बढ़ावा देते हैं और संभावित करियर का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

खेलो इंडिया ने इस संबंध में जो नींव रखी है, उससे काफी आशा बंधी है। जैसे-जैसे ये युवा एथलीट परिपक्व होते हैं और ऊंचे मुकाम हासिल करते हैं, हमें उम्मीद बंधती है कि खेलो इंडिया के कई और एथलीट ओलंपिक में अपना परचम लहराएंगे। यह कार्यक्रम, युवा एथलीटों के लिए शुरूआती स्तर की भागीदारी से लेकर शीर्ष प्रदर्शन करने तक का एक सुव्यवस्थित मार्ग तैयार कर भारत के खेल भविष्य के लिए उपलब्धि साबित हुआ है। यह भविष्य के ओलंपिक चैंपियन तैयार कर रहा है।

**(लेखक केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल और श्रम एवं रोजगार मंत्री हैं)**

## देश-विदेश की खबरें

## अगले पांच सालों में देश भर में खुलेंगे 10 नये आयुष संस्थान



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। केंद्रीय आयुष और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव ने अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में देश के अलग-अलग हिस्सों में दस नये आयुष संस्थान शुरू किये जायेंगे। चरणबद्ध तरीके से शुरू किये जाने वाले इस संस्थाओं की पूरी रूपरेखा तैयार की जा चुकी है। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस संस्थान की अपनी पहचान ही है कि देश की राष्ट्रपति भी इस संस्थान का दौरा करना चाहती हैं। संस्थान में निरीक्षण करते हुए मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार आयुर्वेद को घर-घर पहुंचाने के प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी प्रयास को पूरा करने में लगी हुई है।

## असम में मिला 1962 के युद्ध के समय का मोर्टार स्मोक बम

गुवाहाटी (आजाद सिपाही)। असम के सोनितपुर जिले में एक नदी से एक मोर्टार स्मोक बम बरामद किया गया। इसे 1962 के भारत-चीन युद्ध के समय का बताया जा रहा है। जौगापुर गांव के एक व्यक्ति को सेसा नदी में मछली पकड़ने के दौरान यह दिखाई दिया। सोनितपुर के पुलिस अधीक्षक वरुण पुरकायस्थ ने कहा कि विस्फोटक की लंबाई दो इंच थी। लेफ्टिनेंट कर्नल अभिजीत मिश्रा के नेतृत्व में सेना की एक टीम ने इसे सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया।

## नौ साल की श्रेयोवी मेहता प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए नामांकित



जयपुर (आजाद सिपाही संवाददाता)। भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के जंगलों में सुबह की सैर के दौरान दो मोरनी से हुई मुलाकात ने नौ वर्षीय श्रेयोवी मेहता को वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ऑफ द इयर अवॉर्ड के लिए नामांकित किया है। नेचुरल हिस्ट्री म्यूजियम (एनएचएम) की ओर से दिये जाने वाले इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के 60वें संस्करण में मेहता को 10 वर्ष और उससे कम की श्रेणी में उपविजेता घोषित किया गया है। मेहता की तस्वीर 117 देशों और क्षेत्रों के सभी आयु वर्ग और अनुभव स्तर के प्रतिभागियों द्वारा ली गयी लगभग 60 हजार तस्वीरों में से एक थी।

## बहुत जल्द पटरियों पर दौड़ती नजर आयेगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

**अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से लैस है वंदे भारत स्लीपर ट्रेन**

**दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष बर्थ और शौचालय की सुविधा**

**अधिकतम 160 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी ट्रेन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेल द्वारा बहुत जल्द वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाने वाला है। वंदे भारत ट्रेन की तरह वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का निर्माण भी स्वदेशी तकनीक से किया जा रहा है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में पैसेंजर सेफ्टी के साथ-साथ लोको पायलट और अटेंडेंट्स की सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा गया है। लोको कैब को बेहतर बनाया गया है, साथ ही यह ट्रेन टक्कर रोधी कवच प्रणाली से लैस है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का डिजाइन और इसका इंटीरियर काफी आकर्षक और इसमें विश्वस्तरीय यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस ट्रेन में वइ चार्जिंग प्रावधान के साथ एकीकृत रीडिंग लाइट, सार्वजनिक घोषणा और विजुअल इन्फॉर्मेशन प्रणाली, इनसाइड डिस्प्ले पैनल और सिक्योरिटी कैमरे व मॉड्यूलर पैंट्री की सुविधा है। इसके साथ ही दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष बर्थ और शौचालय उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त, फर्स्ट एसी डिब्बे में यात्रियों के लिए गर्म पानी के शॉवर की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल जल्द शुरू होने वाला है और उसके पश्चात इस ट्रेन को देश के विभिन्न रेल मार्गों पर संचालित किया जाएगा। वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को लंबे रेल रूट्स पर संचालित किया जाएगा और इस ट्रेन से भारत में लंबी दूरी की रेल यात्रा में क्रांति आने की उम्मीद है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन आराम, सुरक्षा और दक्षता के मामले में नए मानक स्थापित करेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज बेंगलूरु में उत्पादन इकाई का दौरा किया और वहां वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट के उत्पादन का निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्रीय रेल राज्य मंत्री श्री वी. सोमन्ना भी उनके साथ मौजूद रहे। रेल मंत्री ने वंदे भारत स्लीपर के उत्पादन में कार्यरत कर्मचारियों से बातचीत की और उनका उत्साहवर्धन भी किया।

**वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की मुख्य विशेषताएं**



❍ऑस्टेनिटिक स्टेनलेस स्टील ट्रेनसेट ❍यात्रियों की सुरक्षा के लिए ट्रेनसेट में दुर्घटना-रोधी विशेषताएं ❍श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ इंटीरियर ❍एरोडायनामिक बाहरी लुक ❍मॉड्यूलर पेंट्री, दिव्यांगों के लिए विशेष बर्थ और शौचालय ❍स्वचालित बाहरी यात्री दरवाजे ❍सेंसर आधारित इंटर कम्युनिकेशन डोर ❍अंतिम दीवार पर दूर से संचालित अग्नि ❍अवरोधक दरवाजे ❍गंध रहित शौचालय प्रणाली ❍लोको पायलट के लिए शौचालय ❍प्रथम एसी कार में गर्म पानी से स्नान ❍चार्जिंग प्रावधान के साथ रीडिंग लाइट ❍सार्वजनिक घोषणा, दृश्य सूचना प्रणाली ❍सामान रखने के लिए बड़ा लगेज रूम


## आरक्षण को लेकर पूरे बिहार में राजद का एक दिवसीय धरना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के नेता और कार्यकर्ताओं ने बिहार के 32 जिलों में रविवार को धरना प्रदर्शन किया। पटना में राजद के वरीय नेताओं के साथ नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी धरना प्रदर्शन किया। राजद के लोग पटना हाइकोर्ट द्वारा रद्द किए गए आरक्षण को फिर से लागू करने और संविधान की नौवीं अनुसूची में डालने की मांग कर रहे हैं। उनके साथ राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राजद नेता उदय नारायण चौधरी, जयप्रकाश नारायण, अब्दुल बारी सिद्दीकी, प्रवक्ता चितरंजन गगन, शक्ति यादव, मृत्युंजय तिवारी धरना पर बैठे थे। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम जब 17 महीने सत्ता में रहे तभी तो आरक्षण की सीमा बढ़ाई गई? उनके (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) कार्यकाल में ऐसा क्यों नहीं हुआ?

## गृह मंत्रालय ने गुजरात में नुकसान आकलन के लिए अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल बनाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने गुजरात में बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनएमडीटी) के कार्यकारी निदेशक के नेतृत्व में एक अंतर-मंत्रालयी केन्द्रीय दल (आइएमसीटी) का गठन किया है। क्टउळ जल्द ही गुजरात के बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा करेगी। 25-30 अगस्त के दौरान, राजस्थान और गुजरात के ऊपर बने गहरे दबाव के कारण गुजरात भारी से अत्यंत भारी वर्षा से बुरी तरह प्रभावित हुआ। मध्य प्रदेश और राजस्थान भी भारी से बहुत भारी वर्षा से प्रभावित हुए हैं। इस वर्ष, हिमाचल प्रदेश भी भारी बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं से प्रभावित हुआ है। गृह मंत्रालय इन राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों के संपर्क में है और अगर वहां से गंभीर नुकसान की सूचना मिलती है तो वहां भी क्टउळ भेजी जाएगी। वर्तमान मानसून सीजन के दौरान कुछ अन्य राज्य भी भारी वर्षा, बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन आदि से प्रभावित हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार, आपदा-प्रभावित राज्यों को हरसंभव मदद देने के प्रति पूरी तरह कटिबद्ध है। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा अगस्त, 2019 में लिए गए एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत, गृह मंत्रालय प्रभावित राज्यों से ज्ञापन की प्रतीक्षा किए बिना नुकसान का मौके पर आंकलन करने के लिए क्टउळ का गठन कर देता है। इस वर्ष, गृह मंत्रालय ने क्टउळ२ का गठन किया है, जिन्होंने बाढ़/भूस्खलन-प्रभावित असम, केरल, मिजोरम और त्रिपुरा में नुकसान का मौके पर आंकलन करने के लिए ज्ञापन की प्रतीक्षा किए बिना पहले ही दौरा कर लिया है। नागालैंड के लिए भी क्टउळ का गठन किया गया है जो जल्द ही राज्य के प्रभावित इलाकों का दौरा करेगी। पहले, क्टउळ राज्य सरकार से ज्ञापन प्राप्त होने के बाद ही आपदा प्रभावित राज्यों का दौरा करती थी।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 02 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in
07

## पिपरी कला निवासी युवक की कैंसर से मौत



मृतक मुकेश कुमार का फाईल फोटो।

विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। पिपरी कला निवासी स्व नंदू राम के 20 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार की मौत कैंसर से हो गयी। परिजनों के अनुसार मृतक लगभग तिन वर्षों से कैंसर से पिड़ीत था। इस दौरान इसकी इलाज रांची तथा बनारस के कई अस्पतालों में चलता रहा, लेकिन मुकेश मौत और जंग के बीच जुझता रहा और आखिरकार शनिवार की रात्रि 11: बजे के आसपास इसकी मौत हो गयी। घर की माली हालत खराब होने के कारण इलाज को लेकर सारे जगह जमीन भी बंधक रखा दिया था। जानकारी के मुताबिक रांची से तीन दिन पूर्व इलाज करा कर वापस आया था। वहीं मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। रविवार को मृतक का अंतिम संस्कार बांकी नदी के पिपरी कला घाट पर कर दिया गया।

# भाजयुमो ने युवाओं की हुई मौत को लेकर सरकार का पुतला फूंका



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजयुमो गढ़वा द्वारा उत्पाद सिपाही परीक्षा दौड़ मामले में युवाओं की हुई मौत को लेकर हेमंत सरकार के खिलाफ मशाल जुलूस निकालकर मुख्यमंत्री का पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी ने किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि हेमंत सरकार तानाशाह बन गयी है, युवाओं का भविष्य बनाने के बजाय उनका जान ले रही है। जिस तरह से पलामु में उत्पाद सिपाही परीक्षा में भीषण गर्मी होने के बाद भी युवाओं को रोजगार के नाम पर दौड़ाया गया, उसमें अनेकों युवा मौत के मुंह में समा गये। हेमंत सरकार मरने वाले युवाओं के परिजनों को उचित मुआवजा देते हुए माफी मांगे। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करते हुए अब जान से खेलने लगे हैं। उन्होंने स्थानीय विधायक सह मंत्री मिथलेश ठाकुर पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि झामुमो मंत्री मिथलेश ठाकुर गढ़वा पलामू के युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने का काम किया है खुद बाहर से आ कर गढ़वा में विधायक बने हैं और झामुमो सरकार में कुछ बहाली हुआ, वह भी बाहरी लोगों का हुआ। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी ने कहा कि हेमंत सरकार चुनाव बहाली के नाम पर युवाओं का बलिदान ले रही है, अपनी सत्ता को बचाने के लिए युवाओं को मौत के मुंह में ढकेल दिया है। इस कार्यक्रम में उपस्थित थे भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष उदय कुशवाहा, जिला महामंत्री विकास तिवारी रुपू महतो, जितेंद्र चंद्रवंशी, राजीव राज तिवारी, रितेश दुबे, परीक्षित तिवारी, मनोज जायसवाल, संजय तिवारी, अविनाश, अनिल चंद्र, नसरुद्दीन अंसारी आदि सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### झामुमो सरकार चुनावी योजना में युवाओं की जान ले रही है : रितेश चौबे



गढ़वा। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने हेमंत सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि झामुमो सरकार चुनावी योजना में युवाओं की जान ले रही है पलामू में उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ मामले में कई युवाओं की मौत हो गया। अनेकों युवा जिन्दगी मौत से जूझ रहे हैं। हेमंत सरकार चुनाव नजदीक आने पर हड़बड़ी में रोजगार देने के नाम पर ढोंग कर रही है। झामुमो सरकार युवाओं के भविष्य से खेलते हुए अब जान से खेलने लगी है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार साढ़े चार साल सत्ता में रहने पर बहाली क्यों नहीं किया।मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहीए। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार मृतक के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा दे और सार्वजनिक रूप से माफी मांगे।

# दूधवल गांव के दोषियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई हो : भाजपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिला भाजपा के जिला अध्यक्ष द्वारा गठित जांच समिति का रिपोर्ट आ गया है। इसके लिए प्रदेश भाजपा के द्वारा जिला स्तरीय टीम गठित कर मामले की जांचकारने के निर्देश दिए गए थे। इस संबंध में प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए जिलास्तरीय टीम ने बताया कि पीड़िता के साथ यौन दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया गया है। यही नहीं पीड़िता के घर वाले अपना कंप्लेन देने के लिए दर-दर भटक रहे थे। लेकिन राजनीतिक दबाव के कारण कोई कार्यवाही नहीं हो रही थी। यह जानकर भी आश्चर्य हुआ कि बड़े पैमाने पर धर्मांतरण हुआ है। मुखिया दबंग और आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने बकाया कि गढ़वा जिला के अंदर किसी भी शोषित दलित आदिवासी गरीब के साथ अत्याचार होता है तो भाजपा चुप नहीं बैठेगी। प्रेसवार्ता में गढ़वा भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो द्वारा बुलाई गई थी। जिसमे वरिष्ठ भाजपा नेता सह गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि आजादी के इतने वर्षों के बाद भी लोग अपनी बात कहने से डर रहे हैं यह चिंता का विषय है। उन्होंने जल्द से जल्द पीड़ित परिवार को सहायता और न्याय देने की मांग की।

वरिष्ठ भाजपा नेता सह गढ़वा जिला के उपाध्यक्ष राजीव राज तिवारी ने कहा कि इजहार अंसारी अपराधी प्रवृत्ति का आदमी है। जो पहले भी जेल जा चुका है। लगातार पीड़िता और उसके परिवार पर लगातार धर्मांतरण का दबाव बनाया जा रहा है। अगर प्रशासन तुरंत कार्रवाई नहीं करती है तो ऐसे तत्वों से भाजपा निपटा जानती है। प्रेस वार्ता में पीड़िता के भाई अशोक लोहारा ने कहा कि इजहार अंसारी माओवादी का कार्यकर्ता था। जो लेवी के बल पर करोड़पति बन गया है। हम अपने परिवार के लिए सुरक्षा की मांग करते हैं। प्रेस वार्ता में भाजपा नेता रितेश दुबे, धनंजय तिवारी, चंदन जायसवाल, धनंजय गौंड़, रोशन दुबे, चंदन तिवारी, मंटू गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बलिगढ़ में हाथी ने एक को पटक कर मार डाला, मुआवजे की मांग



रंका (आजाद सिपाही)। रमकंडा प्रखंड अंतर्गत बलिगढ़ पंचायत के बलिगढ़ गांव निवासी नागेश्वर सिंह खरवार को (31अगस्त) बिती रात्रि में हाथी ने पटक पटक कर मार डाला। हाथी के द्वारा मौत की घटना की खबर सुनकर झामुमो के युवा जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि वन और पर्यावरण विभाग के संजय सिंह छोटू एवं वन विभाग के कर्मचारी गण घटना स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया। देखने वालों की काफी संख्या में भीड़ थी। परिवार जनों ने वन विभाग से मुआवजा देने की मांग की है।

# मिलन समारोह का आयोजन



### गिरिनाथ सिंह के खेमे में अन्य दलों के 200 लोग शामिल हुए

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** परिवर्तन सह जनसंपर्क अभियान के तहत पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह का पंचायत फरठिया में अभिनंदन सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बीजेपी, झामुमो और अन्य दलों के छोड़ लगभग 200 लोगों ने पूर्व मंत्री का कार्यकाल से प्रभावित होकर साथ चलने का वादा किया। साथ गिरिनाथ सिंह को पुनः विधायक बनाने का प्रण लिया। शामिल होने वालो में रंजीत कुमार, विकेश कुमार, रविरंजन कुमार, अजीत कुमार, दीपक कुमार, अमित कुमार, नंद कुमार चौधरी (उपमुखिया), प्रसाद चौधरी,सोनालाल राम शामिल हुए कार्यक्रम का संचालन शिवनाथ चौधरी और अध्यक्षता दुखी चौधरी वरिष्ठ समाजसेवी ने किया।

# विधायक भानु ने तीन करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड में आगामी चुनाव के बाद भाजपा की सरकार बनना निश्चित है। उक्त बातें भवनाथपुर के विधायक सह भाजपा के उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने कोलझिकि ग्राम में 3 करोड़ की लागत से बनने वाले कोलझिकि सीरिया टोंगर मुख्य सड़क तक सड़क का शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा। भानु प्रताप शाही ने कहा कि उनका सपना क्षेत्र में चहुंमुखी विकास करना है, चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र में विकास करने के लिए वे हमेशा तत्पर रहते हैं और अपने विकास कार्यों के बल पर जनता के दिलों में राज करते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग चुनावी माहौल को देखते हुए क्षेत्र में भ्रमण और विभिन्न प्रकार के लोक लुभावने बातें करते नजर आते हैं परंतु जनता से उनका कोई लेना देना नहीं हैम भानु प्रताप शाही ने झामुमो नेता पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव एवं ताहिर अंसारी पर सीधा हमला करते हुए कहा की जनता से इनका कोई लेना-देना नहीं है उनके सुख-दुख के भागीदार नहीं है उन्होंने कहा कि कोरोना काल में अनंत प्रताप देव लखनऊ एवं ताहिर अंसारी बनारस जाकर छुपे हुए थे। जनता के सुध लेने के लिए इन दोनों नेताओं में से कोई नहीं था। उन्होंने कहा कि की मंईयां योजना मुख्यमंत्री के द्वारा लायी गयी पहली योजना है, जिसका जन्म तिथि के साथ-साथ मृत्यु तिथि भी बतलाया गया है अर्थात फॉर्म में दिसंबर तक योजना लागू रहेगा या आज ही दर्शा दिया गया है।

भानु प्रताप शाही ने कहा कि झांसा देने वाली सरकार जनता का भला कभी नहीं कर सकता भानु प्रताप शाही ने कहा कि भाजपा सरकार के बनने के बाद मइया, मैया, भैया एवं सैया योजना के अंतर्गत रोजगार सृजन का कार्य किया जायेगा। मौके पर दयानंद भगत, लक्ष्मण राम, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण विकास पांडे, अशोक सेठ, मुकेश चौबे सहित अन्यलोग उपस्थित थे।

# लायंस क्लब ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के चिनिया रोड स्थित मिलाप मेडिकल सेंटर में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम और मिलाप मेडिकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में हर महीने के एक तारीख को एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आज इस विशेष कार्यक्रम की जानकारी सेंटर के डायरेक्टर सह लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के अध्यक्ष डॉ. असजद अंसारी ने दी। उन्होंने बताया कि इस महीने भी मिलाप मेडिकल सेंटर में कुल 76 रोगियों का इलाज और जांच की सुविधा उपलब्ध की गयी है। इस कार्यक्रम के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. महजबीं और डॉ असजद द्वारा सेवाएं प्रदान की गयी। स्वास्थ्य सलाह, खून जांच के साथ-साथ मुफ्त दवाओं का वितरण भी किया गया। उन्होंने बताया कि यह स्वास्थ्य शिविर आम जनता के लिए एक महत्वपूर्ण सेवा प्रदान करता है, जिसका उद्देश्य स्थानीय रोगियों को मुफ्त मेडिकल सुविधाओं तक पहुंचना है। इस मौके पर कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

# झामुमो का कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** अमहर खास पंचायत भवन के प्रांगण में झामुमो पार्टी का कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव छोटे राजा ने बीजेपी और बहुजन को छोड़ कर आये सैकड़ों कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर झामुमो का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास के लिए परिवर्तन जरूरी है। इस बार विशाल जनसमर्थन से ही संभव होगा। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज भैया शंकर प्रताप देव कयी बार विधायक और मंत्री रह चुके है, लेकिन राजनीति को हमलोगों ने कभी पेसा नही बनाया है, अपने दामन में दाग नहीं लगने दिया है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में 30 हजार परिवारों को पेंशन और 10 हजार परिवारों को कुआं का लाभ दिया गया है।

उन्होंने वर्तमान विधायक को बहरूपिया और उग्रवादी बताया है। उन्होंने कहा कि मुझ पर जमीन लूट का झूठा आरोप लगाने वाले विधायक भानु ने बतो गांव सहित कई जगहों पर ग्रामीणों से पैसा लेकर जमीन लूटने का कार्य किया है। वहां के ग्रामीण जमीन को लेकर भटक रहे है। ऐसे लोगों को इस बार मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है। उन्होंने भानु प्रताप शाही पर चरित्र और संस्कार से उग्रवादी होने का आरोप लगाया है। पूर्व विधायक ने घुस के बदले घुसा का नारा देने वाले वर्तमान विधायक पर हर योजना में हिस्सा लेने का आरोप लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 130 करोड़ के घोटालेबाज बीजेपी के वासिंग मसीन में धुल रहे है। वर्तमान विधायक 15 वर्ष के कार्यकाल में रोजगार के नाम पर युवाओं को सिर्फ छलने का कार्य किये है।

इस मौके पर मुक्तेश्वर पांडेय, प्रदीप सिंह, जबीत मेहता, रामश्वरूप मेहता, बालकृष्ण सिंह, संजय गुप्ता, श्यामसुंदर चंद्रवंशी, महेंद्र सोनल, धनंजय वियार, ऐनुल अंसारी, चिंटू देव, मिथलेश चंद्रवंशी, राजा सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

# दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** झारखंड विकास पार्टी के तत्वाधान में रविवार को गरदहा हाईस्कूल के प्रांगण में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों धावकों ने इस आयोजन में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कुल 5 किलोमीटर की दौड़ के लिए 24 मिनट का समय निर्धारित किया गया था। इस कार्यक्रम के आयोजनकर्ता झाविपा के केंद्रीय अध्यक्ष सह बिश्रामपुर विधानसभा के विधायक प्रत्याशी विकास दुबे ने फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार खेल में एकजुटता होती है, उसी प्रकार समाज में भी एक जुटता की जरूरत है, व्यक्ति निर्माण से ही राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि मैं युवाओं के सहयोग के लिए हर समय खड़ा रहूंगा। इस प्रतियोगिता में प्रथम विजेता पवन कुमार सिंह गिरिडीह को 3100 रुपये और शील्ड से पुरस्कृत किया गया। वहीं द्वितीय विजेता प्रदीप कुमार रांची को 2100 रुपये और शील्ड से पुरस्कृत किया गया। तृतीय पुरस्कार के लिए राहुल कुमार उरांव को 1100 रु और शील्ड से पुरस्कृत किया गया।

## प्लस टू उच्च विद्यालय में अंसारी सम्मेलन आयोजित

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन गढ़वा जिला इकाई के तत्वाधान में रविवार प्लस टू उच्च विद्यालय के स्टेडियम में अंसारी सम्मेलन आयोजित की गयी। समाजसेवी अख्तर अंसारी ने संबोधित करते हुए कहा कि अंसारी बिरादरी के लोगो का सामाजिक आर्थिक शैक्षणिक को लेकर यह कार्यक्रम किया गया है, जिसमें अंसारी बिरादरी के लोग एक प्लेटफार्म पर होकर अपने हक अधिकार को हासिल कर सकते है सबसे ज्यादा अंसारी समाज में शिक्षा का अभाव है। उन्होंने कहा कि राज निर्माण के 24 वर्ष बीतने बाद भी सरकार के सौतेलेपन के कारण अंसारी सामुदाय का पिछड़ापन दूर नही हो सका है।

### चिनियां और रमकंडा में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल क्षेत्र के चिनियां प्रखंड अंतर्गत चिनियां प्रखंड के चिरका आईटीआई मैदान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंत्री मिथिलेश ठाकुर के सहयोग से सूर्यवंशी क्लब की देख रेख में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। फुटबॉल मैच का उद्घाटन झामुमो चिनियां प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव और उनके सहयोगियों के द्वारा किया गया। वहीं रमकंडा प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में स्वतंत्रता सेनानी मनोहर सिंह के स्मृति में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के प्रतिनिधि के रूप में रमकंडा मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र पांडेय, बीडीसी नसीम मंसूरी, बीडीसी उमाशंकर गुप्ता, पंचायत अध्यक्ष अली राजा, जगतनारायण सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

### रांची में होने वाले युवा महा जूटान को लेकर आजसू की बैठक

गढ़वा (आजाद सिपाही)। रविवार को आजसू पार्टी की एक बैठक तिवारी रेस्ट हाउस में आयोजित की गयी, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में युवा आजसू के राज्य संयोजक रविंद्र नाथ ठाकुर अमित कुमार, ज्योत्सना केरकेटा शामिल हुईं। बैठक में आगामी 8 नवंबर को रांची में होने वाले युवा महा जूटान की तैयारी को लेकर चर्चा की गयी। पूरे राज्य में शिक्षित बेरोजगार युवाओं का बायोडाटा संग्रह कराया जा रहा है। काफी संख्या में शिक्षित बेरोजगार युवक अपना बायोडाटा आजसू पार्टी को जमा कर रहे हैं। राज्य संयोजक रविंद्र नाथ ठाकुर ने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार युवाओं के साथ छल करने का काम किया है। युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। अमित कुमार ने कहा कि हम युवाओं के आवाज को 8 नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तक पहुंचाने का काम करेंगे।

# महर्षि सद्गुरु सदाफल देव जी की 137वीं जयंती मनायी गयी

### 13 सितंबर को गढ़वा में आयोजित संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज के कार्यक्रम पर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के पूवार्रा टोला प्राथमिक विद्यालय में रविवार को महर्षि सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज की 137वीं जन्म जयंती धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि प्रदेश अन्न मंत्री उपेंद्र नाथ मिश्र, सरजू प्रसाद अग्रवाल, ललित कुमार पांडे, अनिल साहू जिला संयोजक सुरेंद्र विश्वकर्मा, अरविंद प्रसाद गुप्ता, प्रखंड प्रभारी नरेंद्र प्रसाद आदि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और सद्गुरु के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। उस अवसर पर सत्संग चर्चा में उपेंद्र नाथ मिश्र ने कहा कि महर्षि सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज का जन्म ऋषि वंश परंपरा के श्रृंगी वंश में हुआ। जिन्होंने 17 वर्षों की कठिन तपस्या कर ब्रह्मविद्या को संसार में मानव मात्र के कल्याण के लिए प्रकट किया। जिला संयोजक सुरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि विहंगम योग मानव जीवन के कल्याण का एक संपूर्ण योग विज्ञान है। सद्गुरु वह तकनीक बताते हैं जिससे साधक विहंगम योग की साधना कर आत्मज्ञान प्राप्त कर जन्म मरण के बंधन से मुक्त हो सकता है। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज की महिमा तथा विहंगम योग पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में विहंगम योग संत समाज के पदाधिकारी के बीच बैठक की गयी, जिसमें 13 सितंबर को गढ़वा में आयोजित संत पर्व विज्ञान देव जी महाराज के कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही उमराहा स्वर्वेद मंदिर में विश्व कल्याण के लिए आयोजित हवन यज्ञ के लिए लोगों से संकल्प कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुलाब रामचंद्रवंशी, सीताराम भगत, संजय भगत, भारत प्रसाद पटवा, विरझान राम, कांति देवी, रंभा देवी, ममता देवी, शांति देवी देवेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे श्रद्धालु शामिल थे।

# झारखंड में दीमक की तरह फैल रहा है भ्रष्टाचार : वीडी राम

### सांसद बीडी राम का मेराल में हुआ अभिनंदन

### गढ़वा विधायक सह मंत्री के कार्यकाल में भय और भ्रष्टाचार से त्रस्त है जनता : सत्येंद्र नाथ तिवारी

बलराम शर्मा



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के नेनुआ मोड पर पलामू के सांसद बीडी राम के तीसरी बार विजयी होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर सांसद का अर्जुन कुशवाहा, विजय प्रसाद गुप्ता, डॉ लालमोहन आदि ने पुष्प गुच्छ और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ लालमोहन और सनराइज फैन्स क्लब के अध्यक्ष कमलेश कुमार के द्वारा पांच सूत्रीय मांग पत्र पलामू सांसद और रविंद्र तिवारी को सौंपा गया। मांग पत्र में नेनुआ मोड़ एन 75 पर अंडरपास पुलिया निर्माण करने, मथुरा बैठा के घर से लगमा तक पक्की सड़क निर्माण कराने, भुइया टोली से सुदर्शन महतो के घर होते सरस्वतीया नदी तक पक्की नाली निर्माण कराने, मेराल पूर्वी पंचायत में जर्जर बिजली तार पोल के जगह नया तार पोल लगवाने तथा मेराल रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस की ठहराव कराने की मांग शामिल है। इस अवसर पर सांसद ने सभी को अभिवादन करते हुए कहा कि सरकार का विकास कार्य जनता की सुविधा के लिए होता है। झारखंड में दीमक की तरह भ्रष्टाचार फैल रहा है, भ्रष्टाचार से विकास कार्य रुक जाता है। उन्होंने अबुआ आवास तथा मंईयां सम्मान योजना में भी व्याप्त भ्रष्टाचार पर चुटकी लेते हुए कहा कि आगामी चुनाव में सोच समझकर प्रतिनिधि का चुनाव करें ताकि क्षेत्र में अमन चैन रहे। उन्होंने ग्रामीणों के पांच सूत्री मांग पर सकारात्मक पहल करने आश्वासन दिया। रविंद्र तिवारी ने कहा कि यहा के मंत्री को गढ़वा में एडिशनल कलक्टर का पदस्थापन कराना चाहिए। जिससे लोगों को आसानी से मुआवजा राशि का भुगतान हो सके। इस अवसर पर पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि गढ़वा विधायक सह मंत्री के कार्यकाल में भय और भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त है।

सड़क मरम्मती के नाम पर करोड़ों रुपये का लुट मचाया गया है। उन्होंने कहा कि झामुमो के दबंग लोगों द्वारा रजबंधा गांव में बिजली कार्य कर रहे सोहवरिया गांव निवासी बसंत चौधरी को टांगी के पास से मार कर दोनों हाथ तोड़ दिया गया। जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, मंडल अध्यक्ष रुपू महतो, मनोज जायसवाल, किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष उदय कुशवाहा, हरेंद्र द्विवेदी, संतोष दुबे, संजय भगत, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, अमित साह, अर्जुन कुशवाहा, महेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 02 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in


### मिलावटी दूध के खेल में लातेहार पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# तीन आरोपी गिरफ्तार

**आरोपी दूध में पानी मिलाते करते पकड़े गये, पुलिस ने जेल भेजा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस संबंध में लातेहार के एसडीपीओ अरविंद कुमार ने प्रेस वार्ता का आयोजन कर बताया कि एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदवा थाना क्षेत्र के कुजरी भूषाढ़ नाला के पास टैंकर से दूध चोरी किया जा रहा है। साथ ही चोरी के दूध में पानी मिलाकर अन्यत्र स्थानों पर बेचने का कार्य चल रहा है। इसकी भनक लातेहार एसपी को मिली। एसपी के निर्देश पर इसके सत्यापन किया गया। एसडीपीओ के नेतृत्व में गश्ती दल एवं सशस्त्र बल के साथ छापामारी चलाया गया।

छापामारी दल द्वारा घटनास्थल से एक दूध लदा टैंकर, पिकअप वाहन एवं सिंटेक्स में दूध लगभग 500 लीटर दूध एवं अन्य छोटे-छोटे केन में 70-80 लीटर दूध बरामद किया गया। साथ ही इस कारोबार में संलिप्त हरमनप्रीत सिंह, विशाल कुमार सिंह और मिथलेश यादव को गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ अरिंवद कुमार ने आगे पत्रकारों को जानकारी दी की आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है। साथ ही उन्होने पुलिस को जानकारी दी है कि यह कार्य 25 से 30 दिनों से कर रहे थे। यह चियांकी स्थित मेधा डेयरी से टैंकर में दूध भरते और फिर चंदवा थाना क्षेत्र में कटिंग कर टैंकर से दूध निकाल लेते फिर टैंकर में भरे दूध में पानी मिला देते थे। इसके बाद वह दूध को होटलों में सस्ते दामों पर बैच देते थे।

छापामारी दल में चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार, अरबिन्द कुमार सिंह, चंदवा थाना के साथ सैट 44 के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# लोहरदगा में भाजयुमो ने सरकार का पुतला फूंका



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सीएम हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। यह पुतला दहन सीएम के द्वारा हड़बड़ी में निकाली गई उत्पाद सिपाही की बहाली को लेकर किया गया। मौके पर ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि जब से झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है तब से युवा को ठगने का प्रयास किया जा रहा हैं। कुछ दिन पूर्व उत्पाद विभाग के बहाली के नाम पर झारखंड के युवाओं को नौकरी देंगे के बहाने मौत के मुंह तक पहुंचा दिया है। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजय पंकज, बाल्मिकी कुमार, अनिल उरांव, पशुपति नाथ पारस, मिथुन तमेरा, शंकर प्रजापति, सजल कुमार, विजय महतो, विश्वास कुमार, प्रियांशु विश्वकर्मा, रौशन तिर्की, अमन कुमार, आशीष साहू, नितिन साहू, बलराज कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दुबई की तर्ज पर सांस्कृतिक और पौराणिक विरासतों की झलक देखने को मिलेगी : सरयू राय



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के टेल्को रिक्रिएशन क्लब में पूर्वी के विधायक सरयू राय के पहल पर ह्यह्यलघु भारत विरासत स्मारक की स्थापना को लेकर पहली वार एक बहुआयामी विमर्श का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित बैठक में 75 से अधिक प्रबुद्धजनों ने शामिल होकर विभिन्न प्रांतों का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान इन्होंने अपने बहुमूल्य विचार को बारी बारी रखे। मौके पर उपस्तित सभी ने श्री राय के पहल की जमकर सराहना की। विधायक सरयू राय ने कहा आज पूरा देश मानता है जमशेदपुर लघु भारत (मिनी इंडिया) है। टाटा स्टील की स्थापना के बाद विभिन्न प्रांतों के लोगों ने यहां आकर अपनी सेवाएं दी और जमशेदपुर में बस गए। देश के लगभग सभी राज्यों के लोग यहां सकुशल निवास कर रहे हैं। ये लोग जमशेदपुर में सामाजिक, राजनीतिक तथा जनहित के सभी कार्यों में बढ़-चढ़ कर भागीदारी कर रहे हैं। जमशेदपुर में विभिन्न प्रांतों के लोगों की विरासत, परंपरा, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक पद्धति आदि के दर्शन होते हैं। शहर ने लघु भारत की पहचान बना ली है। श्री राय ने दुबई के ग्लोबल विलेज का उदाहरण देते हुए कहा वहां 90 देशों की सभ्यता-संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। वे चाहते हैं इसी तरह जमशेदपुर में भी एक ऐसा स्थल बने, जहां पूरे भारत देश के विभिन्न प्रांतों की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, सामाजिक/ पौराणिक विरासतों की झलक लोगों को देखने मिल सके। विधायक सरजू राय ने कहा इसके लिए टाटा मोटर्स के अधिकारियों से चर्चा की। उन्हें भूखंड उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। श्री राय ने कहा लघु भारत स्मारक स्थल निर्माण के लिए परामर्शी का सहयोग लिया जायेगा। विमर्श में सीजीपीसी के चेयरमैन और टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह ह्यतोतेह्ल व महामंत्री आर के सिंह ने कहा वे बढ़-चढ़कर इसमें सहयोग करेंगे। वाई ईश्वर राव ने कहा हम इस अनूठी पहल का समर्थन करते हैं। गुजराती समाज की प्रतिनिधि स्मिता पारिक और विनिता शाह ने कहा यह कला-संस्कृति और टूरिज्म प्वाइंट के रूप में विकसित होगा और विश्व भर में विख्यात हो जायेगा।

## बालूमाथ में पांच गैलन स्पिरिट बरामद



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला के नये पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर बालूमाथ एसडीपीओ आसुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व मे 31 अगस्त बीती रात बालूमाथ मे गिरफ्तार दोनों शराब तस्करों के निशानदेही पर कार्रवाई करते हुए चंदवा थाना अंतर्गत कुजरी में भंडार कर रखे गये देशी शराब और स्पिरिट रखने वाले 650 की संख्या में खाली गैलन, 5 गैलन स्पिरिट यानी 200 लिटर स्पिरिट, एक हाइड्रोलिक ट्रैक्टर, 3 बोरा गैलन का ढक्कन, गैलन मे शराब व स्पिरिट भरने वाला 6 पीस पाइप, लोहे का कटर, बरामद करने मे बालूमाथ थाना पुलिस को दुसरी बार बड़ी सफलता मिली है।

# लोहरदगा कांग्रेस में अंतरकलह चरम पर

**तीन गुटों में बंटी है लोहरदगा कांग्रेस**

सत्यकाम

**लोहरदगा।** लोहरदगा कांग्रेस संगठन में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं है। विगत लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत जरूर दर्ज की गयी है, पर इस सीट पर कब्जा जमाने के लिए कांग्रेस संगठन को भ्सितरघात और अंतर्कलह से गंभीर स्तर पर जूझना पड़ा है। गत लोकसभा चुनाव में लोहरदगा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी की जीत होने के बाद भी कांग्रेस संगठन में भितरघात को लेकर आरोप प्रत्यारोप जोर पकड़ता जा रहा है। कांग्रेस के अंतरंग सूत्रों ने बताया कि चंद दिनों पूर्व जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के अभिनंदन समारोह के मंच से संगठनात्मक भितरघात करनेवाले कनीय और वरिष्ठ कांग्रेसजन को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की पुरजोर मांग उठायी गयी। प्रदेश कांग्रेस आलाकमान द्वारा इस पर गंभीर होने का भरोसा जरूर दिया गया है। पिछले लगभग चार दशकों से लोकसभा विधानसभा चुनाव में गुटबाजी इस कदर हावी है कि अपने ही दल के प्रत्याशी को हराने में कांग्रेस के लोग अधिक दिलचस्पी लेते रहे हैं। लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस संगठन का पूरा तंत्र सक्रिय नहीं रहा। इससे पूर्व वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को हराने के लिए कांग्रेस संगठन का एक खेमा बीजेपी के साथ खुल कर काम किया। यह अलग पहलू है कि गंभीर भितरघात और अंतरकलह के बावजूद कांग्रेस प्रत्याशियों ने दोनों चुनाव में अभूतपूर्व जीत दर्ज की। इस संदर्भ में कांग्रेस के वरीय नेता नेसार अहमद ने कहा कि, वर्तमान समय में अपने दल के प्रत्याशी को हराने के लिए भितरघात करने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं के विरुद्ध प्रदेश आलाकमान को गंभीर होकर कड़ा कदम उठाने की आवश्यकता है। पिछले दिनों प्रदीप बालमुचू की अगवाई में रिव्यू कमिटी को सबूत के साथ नाम दिया गया है। मजबूत और सशक्त संगठन के लिए कठोर अनुशासन और गड़बड़ी करनेवाले पार्टी जनों के विरुद्ध कड़े कदम उठाने की जरूरत है। भितरघात करने पर कार्रवाई नहीं होने से संगठन में नकारात्मक संदेश जाता है। वर्तमान में लोहरदगा कांग्रेस तीन अलग-अलग गुटों में बंटी है। बताया गया कि सांसद सुखदेव भगत के समर्थन में एक धड़ा सक्रिय है, जबकि सूबे के काबीना मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के समर्थन में कांग्रेस का दूसरा गुट सक्रिय है। वहीं कांग्रेसजनों का एक अलग गुट पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के साथ हमेशा खड़ा रहता है। तीन अलग-अलग खेमों में बंटी लोहरदगा कांग्रेस चुनाव में जीत के बाद ऊर्जावान दिखाई पड़ती है, पर भीतर भीतर गुटबंदी संगठन को खोखला कर रही है। अगर लोहरदगा कांग्रेस के मौजूदा हालात पर आलाकमान ने गंभीर होकर एकजुटता का प्रयास नहीं किया, चुनाव में परिणाम विपरीत होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

**लोहरदगा से उम्मीदवारी के लिए दस ने पेश की दावेदारी**

**विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस संगठन में प्रत्याशी चयन को लेकर कयावद शुरू हो गयी है। लोहरदगा सीट से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवारी के लिए 10 कांग्रेस जनों ने जिला कांग्रेस कमेटी को आवेदन दिया है। इसमें कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखेर भगत, वर्तमान विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, विनोद सिंह खेरवार, जगदीप भगत उर्फ जग्गू, प्रभात भगत, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत, रमा खलखो, युवा कांग्रेस के अभिनव सिद्धार्थ, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग एवं लोहरदगा के पूर्व उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो इसमें शामिल हैं।**

# मेडिकल कैंप में 200 ग्रामीणों ने करायी जांच




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बिस्टुपुर के बेल्डीह नागा मंदीर के माँ वैष्णो देवी ट्रस्ट के पहल पर एक दिवसीय मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। रविवार को देवघर पंचयाय में आयोजित कैंप के दौरान शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ एस के मिश्रा व डॉ विजय कुमार ने मानव सेवा के लिए निस्वार्थ भाव से अपने बहुमुल्य समय देकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच किया। मौके पर उन्होंने शरीरिक जांच के बाद ग्रामीणों को मुफ्त में दवाईया भी वितरण किया। शिविर के दौरान देवघर पंचायत के आस पास गाव में रहने वाले 200 से भी अधिक लोगो ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया।इस अवसर पर देवघर ग्राम के पिथो सोरेन, सुरेश तिवारी और कशिश तिवारी का विशेष योगदान रहा।इस अवसर पर ग्रामीणों के बीच चूड़ा गुड का पैकेट व बच्चो को शरबत और बिस्कुट वितरण किया गया। शिविर मे ट्रस्टी शशि तिवारी,शंभु तिवारी, सुरेश तिवारी के अलावा सदस्य मुनमुन भौमिक,परास, हेमलता नहाता, सोनू, पंडित नारायां पांडे, सतेंद्र तिवारी,चिराग सिंह, भूपेश कुमार, राजू, समर दास गुप्ता, रंजीत सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अर्जुन मुंडा ने सुझाव अभियान का किया शुभारंभ

**झारखंड अलग राज्य की मांग को भाजपा ने किया साकार, पार्टी का संकल्प पत्र होगा जनता के आकांक्षाओं का प्रतिबिंब : अर्जुन मुंडा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर देश के सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा ने अपने स्तर पर तैयारियों में जुटी हैं। रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने लौहनगरी जमशेदपुर से सुझाव अभियान की शुरूआत की। मौके पर उन्होंने कहा भाजपा झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र तैयार करने से पहले राज्य में विभिन्न वर्ग के लोगों से सुझाव लेगी। इसके लिए प्रमंडल से लेकर प्रखंड स्तर तक व्यापक पैमाने पर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म और व्हाट्सएप पर भी लोगों से सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। अर्जुन मुंडा ने कहा पार्टी ने संकल्प लिया है जनाकांक्षाओं के अनुरूप सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी संकल्पपत्र तैयार करेगी, जिसमें हर वर्ग, हर क्षेत्र और समाज के हर तबके की आवाज को प्रमुखता से स्थान मिलेगा।

उन्होंने कहा जनता का शासन जनता के सुझावों से ही प्रारंभ होता है। भाजपा घोषणा पत्र नहीं, बल्कि संकल्प पत्र के साथ लोगों के पास जाती है। इसी उद्देश्य के साथ पार्टी ने जनता से सुझाव प्राप्त करने का अभियान शुरू किया गया। श्री मुंडा ने बताया भाजपा जो संकल्प लेती है उसे पूरा भी करती है। झारखंड अलग राज्य की मांग को भाजपा ने प्रतिबद्धता के साथ पूरा किया। यह हमारा संकल्प था, जिसे केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने पूरा किया। संकल्पपत्र को लेकर श्री मुंडा ने कहा यह दस्तावेज न केवल प्रदेश की मौजूदा समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करेगा, बल्कि भविष्य की दिशा भी तय करेगा। उन्होंने कहा भाजपा की नीति है वह जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए वादे करती है और उन्हें पूरा करती है।लेकिन इसके विपरीत अन्य दल केवल झूठे वादे और आश्वान के सहारे जनता को ठगने का प्रयास करते हैं। श्री मुंडा ने कहा भाजपा वैसे दलों से अलग है, जो जनता के सामने झूठे वादों का मायाजाल बुनते हैं। हम ठगबंधन की तरह जनता को गुमराह करने वाले वादे नहीं करते, बल्कि वादे को धरातल पर उतारते हैं। श्री मुंडा ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा वे अपने विचार, समस्याएं और सुझाव पार्टी तक पहुंचाएं, ताकि उन्हें संकल्पपत्र में सम्मिलित किया जा सके।

## लोहरदगा के विकास के लिए हमेशा समर्पित रहूंगी : नीरू शांति भगत

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जन जागरण पदयात्रा लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के कुडू प्रखंड के विभिन्न पंचायत लवागाई, ककडगढ़ टाटी चाँदलासो में किया गया। जन जागरण पदयात्रा में आजसू पार्टी के लोहरदगा विधानसभा प्रभारी भावी प्रत्याशी नीरू शांति भगत लोगों को यह बताने की काम कर रही है कि जब हमारे विधायक बने थे कमल किशोर भगत तब लोगों के बीच में रहकर लोगों की हर सुख दुख में उपस्थित होते थे। उनके द्वारा आज भी लोहरदगा के गलियों सड़कों चौक चौराहा में चर्चा होती है की विधायक थे तो कमल किशोर भगत। आज उनके द्वारा ऐसे ऐसे कार्य किए गए जो आज तक इतने सारे विधायक मंत्री हुए किसी ने एक भी इस तरह का कार्य कर ना पाया।

## जय श्रीराम समिति के अध्यक्ष पद के लिए सुनील अग्रवाल और अशोक साहू में कांटे की टक्कर

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जय श्रीराम समिति जिला चुनाव में अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष पद के लिए कुल 9 उम्मीदवारों ने अपनी पर्ची भरी थी। जिसमें अध्यक्ष पद में तीन उम्मीदवार, महामंत्री पद में चार उम्मीदवार और कोषाध्यक्ष में दो उम्मीदवार ने अपनी दावेदारी पेश की थी। पूर्व विधायक व मुख्य संरक्षक रमेश उरांव,संरक्षक सुषमा सिंह, अजय सोनी, अनूप गुप्ता एवं ओम महतो ने स्कूटनी की प्रक्रिया को पूर्ण की। मुख्य संरक्षक रमेश उरांव ने कहा स्कूटनी के दौरान अध्यक्ष पद के दावेदार दिग्गज सिंह का बायोडाटा पूर्ण रूप से जमा नहीं होने के कारण उसके पर्ची को रद्द किया गया है। इसके साथ ही अब 9 के जगह 8 उम्मीदवार मैदान में होंगे। अब अध्यक्ष पद के दो दावेदार सुनील अग्रवाल एवं अशोक साहू, महामंत्री के दावेदार रामकुमार साहू, जीवन महतो, प्रदीप साहू, कपिल मिश्रा तथा कोषाध्यक्ष पद के दावेदार सिद्धार्थ कुमार उर्फ रिशु एवं विक्की कसेरा होंगे। कहा कि 3 सितंबर को सभी प्रत्याशियों के बीच सिंबल दिया जायेगा। साथ ही वोटर लिस्ट जारी की जायेगी।

## 5 को भूख हड़ताल करेंगे सहायक अध्यापक



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गढ़वाटांड मे रविवार को आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के राज्य कमेटी के निर्देश पर बैठक की गयी। जिसमें राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत पांच सितंबर को रांची स्थित शिक्षा मंत्री आवास पर भूख हड़ताल मे शामिल होने के लिए सभी सहायक अध्यापकों ने एक स्वर में चलने की बात कही। वही प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद शकील खान ने सरकार के उदासीन रवैया के प्रति आक्रोश प्रकट किया। साथ ही आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों के साथ सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है। हमारी मांगो को सरकार अनदेखी कर रही है। इसलिए तमाम सहायक अध्यापक एवं अध्यापिकाओं से भारी संख्या में पांच सितंबर भूख हड़ताल को सफल करने हेतु रांची चलने का आग्रह किया है। बैठक मे प्रखंड कोषाध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा महबूब आलम, विनोद राम, नौशाद, जमादार सिंह, पंकज गुप्ता,आलोक कुमार, सुदेश्वर सिंह, मैनेजर सिंह, रीता कुमारी, शमसीदा बानो आदि सहायक अध्यापक एवं अध्यापिका उपस्थित हुए।

## टेंपो चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** टेंपू चोरी मामला में दो अपराधियो को पुलिस ने पकड़ मेडिकल जांचोपरांत भेजा लोहरदगा जेल। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा अस्पताल के समीप सरना मुहल्ला में शुक्रवार रात्रि लगभग 12:30 बजे चोरी घटना को अंजाम देने का प्रयास दोनों अपराधियो द्वारा किया जा रहा था। इस दरमियान ग्रामीणों को भून भुनाने का आहट हुआ और ग्रामणी सतर्क हो वाच करने लगा तभी दोनो अपराधियों द्वारा खड़ी टेंपू चोरी करने का प्रयास किया जा रहा था। चोरी घटना घटित हो इससे पूर्व ग्रामीणों ने गोलबंद हो दोनो अपराधियों को धरने के प्रयास किया परंतु अपराधी भागने लगा तभी ग्रामीणों ने सेन्हा पुलिस को सूचना देते हुए दोनो अपराधी को धर दबोचा चोरी घटना की सूचना पर सेन्हा पुलिस त्वरित कारवाई करते दोनो चोर को गिरफ्तार कर पुलिस कानूनी कारवाई आरंभ कर दिया।

# आरएसएस ने आयोजित की कबड्डी प्रतियोगिता



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला मुख्यालय के शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में संघ ने कब्बड्डी प्रतियोगिता का किया आयोजन। प्रतियोगिता की शुरूआत आरएसएस के प्रांत संचालक सच्चिदानंद अग्रवाल, सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन दास, जिला कार्यवाह सचिन कुमार तथा सह नगर कार्यवाह विपुल कुमार ने दीप जलाकर किया। इस आयोजन जिसमें कुल 10 टीमों ने भाग लिया। इस कब्बड्डी प्रतियोगिता में बिरसा मुंडा (डीएवी लोहरदगा) की टीम ने सुखदेव (घाघरा) की टीम को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरा स्थान सुखदेव (घाघरा) को मिला तथा तृतीय स्थान पर भगत सिंह (शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर) लोहरदगा को प्राप्त हुआ। डीएवी के रोनित गुप्ता को मैन ऑफ द मैच तथा घाघरा के विकास को राइजिंग प्लेयर का खिताब मिला। कार्यक्रम के समापन में लोहरदगा के जिला संघचालक श्यामसुंदर उरांव ने खिलाड़ियों के बीच खेल से उपलब्धि और खेल के फायदे के बारे में बताते हुए मार्गदर्शन किया। वही रेफरी की भूमिका जोधन सिंह, प्रकाश सिंह, विक्रम सिंह तथा अमित कुमार ने निभाई।

# बरवाडीह में मनरेगा योजना में खुलेआम उगाही, प्रमुख ने की जांच की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड में मनरेगा योजनाओं मे जमकर उगाही होने की शिकायत प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी ने डीसी को पत्र लिख कर की है और इसकी जांच की मांग की है। जहां पत्र के माध्यम से बताया गया है कि विगत 22 जुलाई से ही मनरेगा कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे हुए हैं। वहीं मनरेगा के हड़ताल में जाने के बाद योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु उपयुक्त कर्मियों को प्रभार देना था पर अब तक उनके लॉगिन आईडी नहीं मिल सका है। जिससे विकास कार्य में बाधाएं उत्पन्न हो रही है। बताया गया कि कर्मियों के हड़ताल पर रहने के बावजूद मनरेगा की नई योजनाएं संचालित हुई हैं।व किसके लॉगिन पासवर्ड से हुई है।जो संदेहास्पद और जांच का विषय है और इससे स्पष्ट होता है कि ऐसे में प्रखंड विकास पदाधिकारी की मिलीभगत है। उधर मामले पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने बताया कि मनरेगा ऐइ व जेइ के जगह पर 15 वें वित्त के जेई मंटू लाल उरांव को लॉगिन पासवर्ड बीपीओ का लॉगिन पासवर्ड जनसेवक, पंचायत सेवक सह प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार रवि को व रोजगार सेवक के जगह पर पंचायत सेवक को लॉगिन पासवर्ड दिया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि विकास का कार्य नही रुके जिसे लेकर ये कदम उठाया गया है।

# मुखिया संघ की हड़ताल को जनप्रतिनिधियों ने दिया समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भंडरा पंचायत सचिवालय में रविवार को भंडरा जिला परिषद सदस्य राजमणि उरांव की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य के अलावा भंडरा प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्य शामिल हुए। बैठक में काफी विचार विमर्श के उपरांत मुखिया के अलावे उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने प्रदेश मुखिया संघ द्वारा आयोजित अनिश्चितकालीन हड़ताल का समर्थन करने का निर्णय लिया। कहा की धरने से सभी जनप्रतिनिधियों का फायदा होगा। राज्य सरकार द्वारा पंचायत के जनप्रतिनिधियों का कोई ख्याल नहीं रख रही है राज्य वित्त आयोग का गठन को एक वर्ष से अधिक हो गया है परंतु अब तक पंचायत विकास के लिए राजकीय फंड उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिससे ग्राम विकास में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। लोगो को किए गए वादे पूरे नहीं हो पा रहे हैं। यह भी निर्णय लिया गया कि 2 सितंबर 2024 को भंडरा प्रखंड विकास पदाधिकारी को अनिश्चितकालीन धरना से संबंधित समर्थन पत्र सौंपा जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश मुखिया संघ द्वारा आहूत अनिश्चितकालीन धरना से संबंधित सहित अन्य विषयों पर चर्चा परिचर्चा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भंडरा प्रमुख राजमुनी कुमारी, पंचायत समिति सदस्य अनीता पन्ना, पंचायत समिति सदस्य वीणा देवी, बालमुनि कुजूर, जसमणी सहित अन्य शामिल थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 02 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# एक ही दिन में ट्रक और एटीएम काट कर 25 लाख की चोरी

हिमांशु रंजन



**बसिया।** बसिया इन दिनों अपराध का अड्डा बना हुआ है। एक ही दिन में तीन से चार बड़ी घटनाएं घट रही हैं। पहली घटना, पोकटा नदी में मेसर्स विनोद जैन कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा बनाये जा रहे हाइलेबल पुल साइड पर बाइक सवार दो अपराधियों ने दिनदहाड़े धावा बोल कर निर्माण कार्य बंद करा दिया। दूसरी घटना, एक ट्रक की चोरी होती है। चोर आराम से ट्रक को चुरा ले जाते हैं। तीसरी घटना, एटीएम काट कर लगभग 25 लाख रुपये की चोरी को अपराधी बेखौफ अंजाम देते हैं। अब इन तीनों घटनाओं के बाद पुलिस की गतिविधियों पर सवालिया निशान लगना वाजिब है। इन तीनों घटनाओं को अंजाम देनेवाले अपराधियों का पुलिस को कोई अता पता नहीं। देखनेवाली बात यह है कि जिस स्थान से ट्रक की चोरी की गयी, घटनास्थल से थाने की दूरी महज 300 मीटर है। जिस एटीएम को काट कर पैसों की चोरी हुई, उससे थाने की दूरी महज दो किलोमीटर। पोकटा नदी में बनाये जा रहे हाइलेबल पुल साइड की दूरी लगभग 10 किमी है। इन घटनाओं के आलावा दो दिन पहले भी विनोद जैन के साइड पर अपराधियों ने उत्पात मचाया। ये सब देखने के बाद यह कहा जा रहा है कि इन दिनों बसिया थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियां चरम पर है। 24 घंटा में तीन, जबकि विगत पांच दिन में चार बड़ी घटना को अपराधी आसानी से बेखौफ अंजाम देकर निकल गये। अब यह बसिया पुलिस को खुली चुनौती है या बसिया पुलिस की विफलता। यह आपराधिक घटना बताती है कि किस तरह आपराधिक घटनाओं को रोकने में बसिया पुलिस विफल रही है।

पहली घटना शनिवार शाम लगभग साढ़े 4 बजे पुलिस की मौजूदगी में बसिया थानांतर्गत पोकटा नदी में मेसर्स विनोद जैन कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा बनाये जा रहे हाइलेबल पुल साइड पर बाइक सवार दो अपराधियो ने दिनदहाड़े धावा बोल कर काम बंद कराने की धमकी दी है। इसके साथ ही दोनों अपराधियो द्वारा निर्माण कार्य में लगे एक ट्रक का शीशा तोड़ दिया गया और हथियार चमकाते हुए चले गये।

**गुमला एसपी ने कहा :** जल्द ही मामले का खुलासा होगा। चोर पकड़े जायेंगे। पूरी घटना का उद्भेदन किया जायेगा। दोषी सलाखों के पीछे होंगे।

## क्या कहते हैं व्यवसायी और जनप्रतिनिधि

इस संबंध में युवा व्यवसायी सुमित कुमार ने कहा कि आये दिन हो रही आपराधिक घटना काफी चिंताजनक है। रात को पुलिस की गश्ती कही नहीं दिखती है। विगत दिनों से लेकर आज तक अनेक घटनाएं घटित हो चुकी हैं। उन्होंने रात को पुलिस गश्ती करने की मांग की।

जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडुंग ने कहा कि बसिया में एक सप्ताह के अंदर इतनी बड़ी तीन घटनाओं के घटित होने से लचर पुलिस व्यवस्था की पोल खुल रही है। जिस तरह खुलेआम आपराधिक घटनाएं घट रही हैं, वो कहीं न कहीं राज्य में कानून व्यवस्था के पूरी तरह फेल होने की निशानी है। पुलिस की मौजूदगी में अपराधी दिनदहाड़े आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे है, जो निसंदेह काफी चिंताजनक घटना है। जिप सदस्य बसंती डूंगडुंग ने रात्रि गश्ती तेज करने और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

## शनिवार को अपराधियों ने बैंक एटीएम और ट्रक चोरी की

शनिवार रात को बसिया थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने बसिया थाना से लगभग 300 मीटर की दूरी पर संजय चौधरी के ट्रक को चोरी कर पहले केमताटोली तक लेकर चले गये। फिर वापस लौट कर उन्होंने कोनबीर एसबीआइ एटीएम को गैस कटर से काट कर लाखों रुपये की चोरी कर कामडारा की ओर भाग गये। सूत्रों के अनुसार बैंक एटीएम में 20 लाख रुपये से अधिक रुपये थे, लेकिन बाकुटोली में ट्रक में शार्ट सर्किट होने पर ट्रक को आगे नहीं ले जा पाये ओर गाड़ी छोड़ कर भाग गये।

## अपराधियों ने एक सप्ताह में दूसरी बार कंस्ट्रक्शन साइट पर हमला किया

इसके पूर्व भी शनिवार को जहां हमला हुआ, उसी जगह विगत मंगलवार 28 अगस्त को अपराधियों ने पोकटा नदी साइड पर ही मेसर्स विनोद जैन कंस्ट्रक्शन साइड पर हमला कर अपराधियो ने आधा दर्जन कर्मचारियों की पिटाई कर वाहनों का शीशा तोड़ दिया था और 40 लाख रुपये की लेवी की मांग की थी उसके बाद वहां पुलिस की तैनाती की गयी थी। वावजूद मंगलवार को पुनः पुलिस की मौजूदगी के वावजूद दुस्साहस का परिचय देते हुए धमकी और हमला की घटना को अंजाम दिया।

# उत्पाद सिपाही बहाली में युवाओं की मौत पर भाजयुमो ने सरकार का पुतला फूंका



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला में भारतीय जनता युवा मोर्चा के बैनर तले राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका गया। यह विरोध प्रदर्शन उत्पाद सिपाही बहाली में युवाओं की लगातार हो रही मौतों और राज्यभर में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ किया गया। हड़बड़ी में उत्पाद सिपाही की बहाली की ली जा रही है जिससे युवाओं को तैयारी करने का मौका नहीं मिल पाया। भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव के नेतृत्व में एक शव यात्रा निकाली गयी। जिसमें मुख्यमंत्री का पुतला जशपुर रोड स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का के प्रतिमा के समीप जलाया गया।

इस अवसर पर समीर उरांव ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। युवा, महिला, वृद्ध, और आदिवासी समुदायों पर अत्याचार हो रहे हैं और सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'मैया योजना' के तहत हेमंत सरकार द्वारा दिए जाने वाले 7 हजार की राशि को घटाकर एक हजार कर दिया गया है, जिसमें भी दलालों द्वारा ओटीपी के नाम पर कटौती की जा रही है, जिससे लाभार्थियों की पहले से जमा राशि भी हड़प ली जा रही है।

समीर उरांव ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर महिलाओं और आम जनता के लिए बेहतर योजनाएं लायी जायेंगी। जिससे उनका अधिकतम लाभ हो सके। इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आवागमन में हो रही समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कामडारा।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के सुरुहू व रामतोलिया पंचायत मे लोगों के आवागमन पर हो रही परेशानी को देखते हुये कामडारा के जिप सदस्य दीपक कंडूलना ने अनाबद्ध निधि के अंतर्गत क्रियान्वयन हेतु कुल चार योजनाओं का प्रस्ताव जिला योजना पदाधिकारी गुमला को समर्पित किया है। जिसमे ग्राम सुरहू नवाटोली के नदी में दो स्पैन की पुलिया निर्माण, ग्राम पोकला बरदाटोली के निकट नदी मे पुलिया का निर्माण, ग्राम कारीचुंवा के समीप दो स्पैन का पुलिया निर्माण और ग्राम बम्हनी-रामतोलिया पथ में खेत के समीप 600 फीट गार्डवाल का निर्माण। मालूम हो कि सुरहू नवाटोली नदी में पुलिया बनाने की मांग ग्रामीणों के द्वारा काफी लंबे अरसे से की जा रही थी।वहीं ग्राम पोकला बरदाटोली में लगभग सात वर्ष पुलिया ध्वस्त होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी परेशानी हो रही थी। इसके अलावे कारीचुंवा के समीप पुलिया नही रहने के कारण स्कूली बच्चों को काफी दिक्कत हो रही थी। वहीं रामतोलया-बम्हनी पथ पर खेत के समीप गार्डवाल नही रहने के कारण वाहनों को आने-जाने मे हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसके बावजूद कोई भी विधायक व सांसद ने ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने के प्रति कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखायी। अंततः कामडारा के जिप सदस्य दीपक कंडूलना अपने प्रयास से ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने के प्रयास मे जुट गये हैं।

# पुल से नीचे गिरकर व्यक्ति की मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के आरंगी पुल के नीचे गिरकर आरंगी ग्राम निवासी जयराम उरांव की मौत हो गयी। वहीं पुलिस ने रविवार को दिन के 10 बजे शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि जयराम उरांव राजमिस्त्री का काम करता था। जो सिसई काम करने साइकिल से जाता था। शनिवार को भी वह सिसई साइकिल से काम करने के लिए गया था। वही काम करके शाम को साइकिल से घर लौटने के क्रम में आरंगी पुल से नीचे जा गिरा। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हालांकि घटना स्थल पर जयराम का साइकिल पुल के ऊपर ही गिरा पड़ा था। जबकि वह पुल से नीचे गिरा पड़ा हुआ था और इसकी मौत हो गई थी। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंचे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# सिसई में सीएम के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगामी गुरुवार पांच सितंबर को सिसई प्रखंड के शिवनाथपुर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। सीएम के कार्यक्रम को लेकर जिला व प्रखंड प्रशासन की ओर से तैयारियां तेज कर दी गयी है। वहीं मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर झामुमो के कार्यकर्ता जोर शोर से तैयारी में जुट गये हैं। प्रशासन की ओर से शिवनाथपुर पंचायत के पंडरानी गांव स्थित जगना पतरा, खेल मैदान कार्यक्रम स्थल, विभिन्न मार्गों से आने वाले छोटे बड़े वाहनों की पार्किंग एवं बेरिकेडिंग, वीवीआइपी पार्किंग, हेलीपैड, कार्यक्रम मंच स्थल, स्टॉल सहित अन्य स्थलों को चिन्हित कर ली गयी है। लोहरदगा, कुडू, सेन्हा, विशुनपुर, घाघरा, पुसो की ओर से आने वाली वाहनों के लिए शिवनाथपुर स्कूल मैदान व बुधैया मैदान में पार्किंग स्थल, रांची, गुमला, सिसई, बसिया, कामडारा, भंडरा, छारदा आदि क्षेत्रों से आने वाले वाहनों के लिए सियांग बगीचा व पंडरानी चटकपुर में पार्किंग स्थल बनाया गया है, वहीं वीआईपी पार्किंग कैवरा बगीचा व पंडरानी स्कूल मैदान और वीवीआईपी पार्किंग कार्यक्रम स्थल के समीप एवं मुख्य मंच से कुछ दुरी पर मुख्यमंत्री के हेलिकॉप्टर के लिए हेलीपैड स्थल को चयनित किया गया है। सिसई पुसो पथ सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़क में बेरिकेडिंग व ड्रॉप गेट की व्यवस्था होगी। रविवार को विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव व झामुमो कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रौशन खलखो, थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव, स्पेशल डिविजन के अधिकारी व कर्मी, पंचायत की मुखिया फ्लोरेंस देवी, जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, बासुदेव उरांव, गन्दुर उरांव, दीपक साहु, सोमेश्वर उरांव, प्रखंड समन्वयक प्रवीण कुमार, अंचल अमीन प्रेम कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# घाघरा विहिप ने 60वां स्थापना दिवस मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** विश्व हिंदू परिषद का 60वां स्थापना दिवस सदस्यों ने रविवार को घाघरा थाना चौक दुर्गा मंदिर परिसर में धूमधाम से मनाया। इस क्रम मे सदस्यो ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण किया और एक स्वर में भारत माता की जय वंदे मातरम का नारा लगाया। वहीं सदस्यों ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा को लेकर हम सभी को कृत संकल्पित होने की जरूरत है। सनातन धर्म की एक अलग ही मिठास है। अलग ही पहचान है। सेवा की भावना में विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के सदस्य हमेशा तत्पर दिखते हैं। निखिल गुप्ता, आशीष गुप्ता, नीरज जायसवाल, रूपेश साहू, निलेश मनी पाठक, विपिन साहू, बबलू साहू, संदीप कुमार, हरीपाल सिंह, कौशल ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

# घाघरा कॉलेज मोहल्ला में मिले नवजात को थाना प्रभारी ने सीडब्ल्यूसी को सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** घाघरा कॉलेज मोहल्ला में मिले एक महीने के नवजात शिशु को थाना प्रभारी द्वारा सीडबलूसी गुमला को रविवार को सौंप दिया। इस क्रम में कॉलेज मोहल्ला की मानवता की परिचय देते हुए गोद ली महिला सरिता देवी दो दर्जन से ऊपर ग्रामीण महिला पुरुष के साथ रविवार की शाम घाघरा थाना पहुंची। जहां बच्चे को गोद दिलाने की बात कही।ग्रामीण महिलाओं ने कहा कि उक्त शिशु का लालन पोषण सरिता देवी द्वारा किया जाएगा। बावजूद उसे सीडबलूसी को सौंप दिया गया। इस संबंध में थानेदार तरुण कुमार ने ग्रामीन महिलाओं को समझाते हुए कहा कि सीडब्लूसी में शिशु को सौंपा गया है। ताकि लीगल प्रोसेस के साथ उक्त शिशु को सुपुर्द करने की प्रक्रिया की जाएगी। आप सभी उक्त शिशु को लेने को लेकर सी डबलूसी विभाग में आवेदन करें। क्योंकि कोई भी बच्चा अगर मिलता है। तो उक्त विभाग में सूचना देते हुए बच्चे को सुपुर्द किया जाता है। इस प्रक्रिया के तहत बच्चों को सौंपा गया है। इसके बाद सभी ग्रामीण महिला पुरुष अपने घर लौट गए। बता दे कि उक्त शिशु को गोद लेने को लेकर सरिता देवी और उनके पति द्वारा पहल की गई थी। जहां घाघरा पुलिस द्वारा उन्हें बुलाकर उक्त बच्चों को लेकर सीडब्ल्यूसी ले जाया गया जहां विभाग द्वारा बच्चों को रख लिया गया।और उन्हें वापस घर भेज दिया गया। थाने में महिला की आंखों में आंसू भर गए।

# कुआं में गिरने से युवती की मौत



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मंजीरा गांव में 40 वर्षीय रिझो देवी की कुआं में गिरने से मौत हो गयी। घटना के संबंध में बिशुनपुर थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतिका का मानसिक स्थिति ठीक नहीं था। वह रविवार को घर से निकली और लापता हो गयी काफी खोजबीन के बाद पता नहीं। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि रीझो का कुआं में तैर रहा है जिसके बाद परिजनों द्वारा बिशुनपुर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने कुआं से शव को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

# अखिल भारतीय खड़िया महाडोकलो बैठक संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** अखिल भारतीय खडिया महाडोकलो गुमला इकाई की एक बैठक बसिया प्रखंड अंतर्गत कोनबीर सामुदायिक भवन में रितवा कुल्लू के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस बैठक में अखिल भारतीय खडिया महाडोकलो गुमला जिला के अध्यक्ष रतिया इंदवार को पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस बैठक में खडिया समाज के आर्थिक राजनैतिक एवं सामाजिक उत्थान के संबंध में भी चर्चा की गयी साथ ही बंदई पर्व मनाने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से सुजीत टेटे, बासुदेव भगत, आमुस खडिया, राजेश कुल्लू,भोटा पहान, राजेश इंदवार, मार्टिन कुल्लू, शांति डूंगडुंग, प्रतिमा टेटे, जगरानी सोरेंग, टेरेसा डूंगडुंग, रजनी डूंगडुंग, सुनील कुल्लू, बुद्धदेव पहान, अजित कुल्लू समेत समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

# मिशन बदलाव के अध्यक्ष ने मृतक के परिजनों के लिए मांगा मुआवजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मिशन बदलाव के ग्रामीण जिला अध्यक्ष बिनोद साहू के द्वारा चैंनपुर प्रखण्ड के कटकाही मरियम टोली गांव का दौरा कर रविवार को सुकेश भगत के परिजनों से मिलने पहुंचे। जिसकी विगत 9 मार्च 2024 को कर्नाटक के धारवाड़ जिला में मृत्यु हो गयी थी। अभी तक इस गरीब आदिवासी परिवार को कंपनी के तरफ से कोई भी मुआवजा नहीं मिला और अत्यंत गरीब होने के वजह से जीविकोपार्जन के लिये दर दर का ठोकर खाने को मजबूर है और सुकेश भगत अपने पीछे बूढ़े माता-पिता पत्नी और बच्चे को छोड़कर चले गये और आज पूरा परिवार भूखमरी के कगार पर है। बिनोद साहू ने सरकार और जिला प्रसाशन से अपील किया है कि मजदूरों के मामलों को लेकर हेमंत सरकार एक्शन ले और परिजनों को उनका हक दिलाये।

# 4 को होगा आजसू का चूल्हा प्रमुख सम्मेलन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** आजसू पार्टी गुमला विधानसभा का बैठक सर्किट हाउस में किया गया। बैठक की अध्यक्षता आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू ने किया। बैठक में आगामी दिनांक 4 सितम्बर दिन बुधवार को गुमला विधानसभा का चूल्हा प्रमुख सम्मेलन का आयोजन स्वर्णरेखा बेंकवेट हॉल बाईपास रोड गुमला में होगा। जिसके विषय में मुख्य रूप से चर्चा की गई। बैठक में पूरे विधानसभा से 5 हजार चूल्हा प्रमुखों की उपस्थित होने पर सहमति जताई गई। गुमला विधानसभा के सभी प्रखंड एवं नगर से सभी चूल्हा प्रमुख उपस्थित होंगे। चूल्हा प्रमुखों को संबोधन करने एवं शपथ दिलाने के लिए पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री झारखंड सरकार सुदेश कुमार महतो उपस्थित होंगे। साथ ही पार्टी के अन्य केंद्रीय पदाधिकारी उपस्थित होकर सभा को संबोधित करेंगे। बैठक में सभी को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यों का बंटवारा किया गया और सभी से आग्रह किया गया की समय पर सभी अपना-अपना दायित्व का निर्वाह निस्वार्थ एवं ईमानदारी से कर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। बैठक में में जितने भी चूल्हा प्रमुख हैं उन्हें उक्त स्थान पर लाकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहमति जताई गई साथ ही आग्रह किया गया कि जिले व प्रखंड के सभी पदाधिकारियों को आना अति आवश्यक है। बैठक में मुख्य रूप से गुमला विधानसभा के प्रभारी सह केंद्रीय सचिव बोनी फाश कुजूर, केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहू, जिला युवा मोर्चा प्रभारी रमेश उरांव, रायडीह प्रखंड अध्यक्ष रवि राम, नीतीश, देवेंद्र कुमार, शमशाद राय, पिंकी कुजूर, पूनम टोप्पो, जीवित बड़ा, निर्दोष बाडा, तारकेश्वर सिंह, बजरंग गोसाई, बंधन लोहार, शिवनंदन सिंह, भगवान मुंडा, तारकेश्वर सिंह बृज बिहारी सिंह, अरुण राम इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# बड़ी जिम्मेवारी का इमानदारी से निर्वहन करें अंबा : रमेश

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद को राष्ट्रीय सचिव बनाया है। इसे लेकर गुमला के कांग्रेसियों में खुशी है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने खड़गे का आभार जताते हुए बड़ी जिम्मेवारी के लिए अंबा को बधाई दी है। कहा है कि अंबा की जिम्मेवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के भरोसे पर खरा उतरते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने की है। अंबा महिला है, शिक्षित है। वो क्षेत्र में लोकप्रिय भी है। चुंकि उनका परिवार माटी से जुड़ा हुआ है। ऐसे में अंबा के नेतृत्व को देखते हुए पार्टी ने उनपर विश्वास किया है।

# वेतन भत्ता की मांग को लेकर सफाई कर्मचारी बेमियादी हड़ताल पर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखंड लोकल बॉडीज एम्प्लाइज फेडरेशन के आह्वान पर सेवा स्थायीकरण और वेतन भत्ता की मांगों को लेकर सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल पर जाने से शहर की सफाई व्यवस्था पुरी तरह से बाधित है। गुमला नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में कूड़े कचरे का अम्बार सा लग गया है।

इधर सफाई एजेंसी के सफाई कर्मचारियों के द्वारा भी नियमित रूप से डोर टू डोर कचरा का उठाव नही किया जा रहा है। ऐसे में सहज अनुमान लगाया जा सकता है की नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था किस हाल में है।

चुंकि अभी बरसात का भी मौसम चल रहा है जिससे कूड़ा कचरा के सड़ने गलने से बदबू व दुर्गंध काफी आ रही है साथ ही इससे विभिन्न प्रकार की बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया, हैजा, महामारी आदि भी फैलने का डर बना हुआ है। इस पर गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केशरी ने संबंधित विभाग व गुमला उपायुक्त महोदय से प्रेस के माध्यम से सफाई करवाने हेतु कोई वैकल्पिक व्यवस्था कराते हुए सफाई की मांग की है साथ ही स्थानीय लोगों से भी कूड़ा कचरा नहीं फैलाते हुए सफाई में सहयोग करने की अपील की है।

## सुझाव आपका, संकल्प हमारा कार्यक्रम में अमर बाउरी को मिले सुझाव

# मेदिनीनगर को उप राजधानी घोषित करने का दिया सुझाव

**भाजपा के संकल्प पत्र में पलामू को स्पेशल इंडस्ट्रियल जोन बनाने की घोषणा शामिल करने का दिया सुझाव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने नेता प्रतिपक्ष अमर बाऊरी को भाजपा के घोषणा पत्र से संबंधित अपना एक सुझाव सौंपा। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल के मुख्यालय मेदिनीनगर को उपराजधानी बनाने के लिए घोषणा पत्र में संकल्प ली जाए। वर्ष में चार बार पूरे कैबिनेट मंत्रियों एवं सचिव स्तर के पदाधिकारी की बैठक कर प्रमंडल की जनता की शिकायतों का त्वरित निदान हो, ताकि रांची का चक्कर जनता ना लगाना पड़े। इसकी घोषणा झामुमो ने भी अपने घोषणा पत्र में की थी लेकिन आज तक कोई पहल नहीं की गयी। अमर बाउरी को सौंपे गये सुझाव में मेदिनीनगर को झारखंड का उप राजधानी घोषित करने और पलामू प्रमंडल को स्पेशल इंडस्ट्रियल जोंन का संकल्प' लेने की अपील की गयी है। उन्होंने बताया कि पलामू में सर्वाधिक रोजगार के लिए पलायन होता। पलामू प्रमंडल जो तीन विकसित राज्य उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं बिहार से घिरा है। इस प्रमंडल को 'स्पेशल इंडस्ट्रियल जोन' बनाने का संकल्प लें, ताकि उद्योग लगने के साथ ज्यादा से ज्यादा युवाओं के लिए रोजगार का सृजन हो सके। इसके अलावा खास महाल भूमि का नवीनीकरण एग्रीमेंट के हिसाब से करने का संकल्प को कहा। बताया कि मेदिनीनगर शहर का अधिकांश भाग खास महाल भूमि पर अवस्थित है जिसका नवीनीकरण गत 30 वर्षों से नहीं हो रहा। अतः लीज देते वक्त सरकार द्वारा लीजधारियों से किए अनुबंध के अनुसार लीज नवीनीकरण का संकल्प घोषणा पत्र में की जाए। इसके अलावा कहा कि पलामू प्रमंडल में एक भी विकसित सिंचाई योजना नहीं है। इसलिए मजदूरो का पलायन दूसरे राज्य में खेती के समय काम करने के लिए होता है। साथ ही मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र का जलस्तर नित्य नीचे जा रहा, जिससे गर्मियों में बोरिंग में पानी निकलना बंद हो जाता है। अतः कोयल को टाटा मांनगों की तर्ज पर मेदनीनगर शहर के बाहर उचित स्थान देखकर बांधी जाए जिसे किसानों को खेत के लिए पानी भी मिल सके और शहरी जलस्तर भी बढ़े। इस कार्यक्रम में सांसद वीडी राम, भानुप्रताप शाही, महासचिव मनोज सिंह भी उपस्थित थे। बैठक में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने पलामू की जनता से संकल्प पत्र के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि भले ही यह संकल्प पत्र भाजपा जारी कर रही है, लेकिन इसमें महत्वपूर्ण सुझाव आपके ही समाहित होंगे। उन्होंने इस बार भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया।



नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी से मुलाकात के दौरान उपस्थित पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, प्रथम महापौर अरुणा शंकर व अन्य गणमान्य।

## हुसैनाबाद में बालू के अवैध भंडारण के खिलाफ चला अभियान, 20 ट्रैक्टर जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** बालू के अवैध भंडारण व तस्करी के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार ने प्रखंड के दंगवार हाईस्कूल के समीप अवैध रूप से डंप बालू को जब्त कर लिया है। सीओ के नेतृत्व में रविवार को पूरे दिन बालू जब्ती की कार्रवाई की गई। सीओ के नेतृत्व में अबतक की यह सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। इस दौरान करीब 15 से 20 ट्रैक्टर बालू जब्त की गई हैं। मामले को लेकर मुखिया व ग्रामीणों से पूछताछ की गई। पर किसी ने बालू रखने की बात स्वीकार नहीं की। सीओ ने बताया कि अवैध रूप से डंप बालू को जब्त कर तत्काल पंचायत सचिवालय परिसर में रखा जा रहा हैं। इसकी सूचना पलामू डीसी व खनन विभाग को भी दे दी गयी है। जिला प्रशासन के निर्देश पर जब्त किए गए बालू का उपयोग विकास कार्यो में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवैध बालू भंडारण के विरुद्ध यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा। पूर्व में भी बड़ेपुर गांव से बालू जब्त की गई थी। इस मौके पर एल आरडीसी गोरांग महतो, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर आदि थे।



जब्त बालू के साथ सीओ व पुलिस बल के जवान।

## जपला रेलवे स्टेशन पर चला विशेष जांच अभियान, 12 यात्री पकड़े गये

**हमेशा उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें : सीटीआई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल की ओर से बिना टिकट रेल यात्रा करने पर लगाम सहित यात्री जागरूकता को लेकर लगातार सघन टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के निर्देश पर सीटीआई दीपक कुमार के नेतृत्व में जपला स्टेशन पर टिकट जांच का मेगा ड्राइव चलाया गया। इस दौरान बिना टिकट या उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले 12 यात्रियों को पकड़ा गया। उनसे जुर्माना के रूप में चार हजार रुपये का राजस्व वसूला गया। सीटीआई ने बताया कि मेगा ड्राइव में विशेष कर पैसेंजर, इंटरसिटी ट्रेनों और अनारक्षित श्रेणी के कोच में टिकट जांच की गई है। टिकट काउंटरों पर बढ़ी हुई भीड़ देखी गई और यात्रियों में टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति जागरूकता का प्रसार हुआ। उन्होंने बताया कि इस तरह के मेगा टिकट जांच अभियान आगे भी जारी रहेंगे। उन्होंने यात्रियों से अनुरोध किया कि बिना टिकट कभी भी रेल यात्रा ना करें। यह दंडनीय है। मौके पर बुकिंग पर्यवेक्षक राजीव रंजन सिन्हा, टीटीई आशीष कुमार,आरपीएफ के एएसआई जेपी यादव आदि मौजूद थे।



## जज्बों से चल रहा सेवा का अभियान

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाह)।** मिशन समृद्धि संस्था की ओर से संचालित समृद्धि की रोटी अभियान सभी के सहयोग और परिश्रम से निरंतर चलता चला आ रहा है। कभी घर-घर से रोटी, हर पेट को रोटी का नारा बुलंद करने वाली यह संस्था कोरोना काल के बाद घर-घर से रोटी के बदले खुद के घरों से रोटी लेने का प्रावधान बना लिया जो आजतक सफलता पूर्वक चल रहा है। आसपास के घरों से भी रोटी मिल जाती है,उनके इस सहयोग के लिए हम उनका आभार व्यक्त करते हैं। डालटनगंज के अंबेडकर पार्क के सामने दोना, पत्तल, दातून बेचने वालों के बीच भोजन वितरण किया गया। प्रो सरिता कुमारी, बैजन्ती गुप्ता, वीणा राज, रंजीता, आशा शर्मा, शिल्पी गोस्वामी, नैंसी, बेबी पाण्डेय, ऋषि कुमार, शैलेन्द्र कुमार सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहता है।

## प्रत्येक बूथ पर जाकर ओबीसी एकता अधिकार मंच हक-अधिकार के प्रति करेगा जागरूकः ब्रह्मदेव प्रसाद

**ओबीसी एकता अधिकार मंच की बूथ स्तरीय कमेटी गठन को लेकर हुई बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ओबीसी एकता अधिकार मंच की ओरर से विश्रामपुर कार्यालय में प्रखंड, पंचायत व बूथ कमेटी के विस्तार को लेकर रविवार को बैठक हुई। जिसमें शामिल ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर जाकर ओबीसी एकता अधिकार मंच की बातों को रखेंगे। पूरे पलामू प्रमंडल के सभी सीटों पर ओबीसी एकता अधिकार मंच निर्णायक स्थिति में है और इसका बहुत जल्द ही घोषणा किया जाएगा। ओबीसी एकता अधिकार मंच अपनी बातों को विधानसभा पटल पर रखने के लिए ओबीसी परिवार के समर्पित उम्मीदवार को वहां भेजने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि ओबीसी एकता अधिकार मंच के अभियान का असर देखने को मिलेगा। ओबीसी का समर्पित उम्मीदवार यहां से जीत कर विधानसभा में जाएगा और ओबीसी के बातों को विधानसभा पटल पर रखकर अपना हक अधिकार मांगेंगा। वहीं, बैठक में विश्रामपुर, नावा, पांडू और उंटारी प्रखंड के सभी कार्यकर्त्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर महेंद्र प्रसाद, गोरखनाथ चौधरी, राजनारायण पटेल, सतेंद्र प्रसाद, प्रमोद प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, जम्बू जैन, ओमप्रकाश पाल, रामपरीखा मेहता, मो सतार खलीफा, अखिलेश ठाकुर, हिमालय कुमार, अमर प्रसाद, रामनाथ साव, अलाउद्दीन अंसारी, हरदी लाल कुशवाहा, श्याम किशोर चौधरी, ईश्वर कुमार यादव, पप्पू महतो, अर्जुन कुमार सोनी, अंकू कुमार पासवान, मनीष कुमार चंद्रवंशी, सनी कुमार, विवेक कुमार आदि मौजूद थे।



## ग्रामीण वितरकों की मनमानी से रसोई गैस उपभोक्ता परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में रसोई गैस के ग्रामीण वितरकों की मनमानी से उपभोक्ता परेशान हैं। फ्री होम डिलेवरी के नाम पर 1000 से 1150 रुपए उपभोक्ताओं से लिए जा रहे हैं। एजेंसी के अधिकारी जानकर भी अनजान बने हुए हैं। ग्रामीण वितरक द्वारा मूल्य से अधिक राशि लेने पर नाराज खड़गपुर पंचायत के तरवन निवासी डॉ. नरेंद्र प्रियदर्शी ने बताया कि बीते 30 अगस्त को कौआखोह गैस वितरक सिकंदर मेहता द्वारा 1150 रु एचपी रसोई गैस की कीमत मांगे जाने का विरोध किया तब 1000 रुपये में गैस सिलेंडर देने के लिए तैयार हुआ। जबकि एजेंसी से 861 रुपये प्रति गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। वहीं वितरक के विरुद्ध मनमानी की शिकायत करने के बावजूद भी एजेंसी के अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जिससे यह साबित होता है कि एजेंसी के मिली भगत से वितरक मूल्य से अधिक राशि ले रहे हैं।

## नॉर्थईस्ट यूनाइटेड पहली बार बना डूरंड कप चैंपियन

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** गुरमीत सिंह की शानदार गोलकीपिंग के दम पर नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने एशिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट डूरंड कप फुटबॉल का खिताब जीत लिया है। टीम ने 133वें सीजन के फाइनल मुकाबले में 2 गोल से पिछड़ने के बावजूद डिफेंडिंग चैंपियन मोहन बागान को शूटआउट में 4-3 से हराया। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड की टीम इस टूर्नामेंट में पहली बार चैंपियन बनी है। इतना ही नहीं, यह भारतीय फुटबॉल में क्लब की पहली ट्रॉफी भी है। शनिवार की रात को कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन में फाइनल मैच निर्धारित समय तक 2-2 की बराबरी पर रहा। ऐसे में चैंपियन का फैसला शूटआउट से हुआ। 24 साल के गुरमीत सिंह ने तीसरे प्रयास में लिस्टन कोलाको का गोल रोका। फिर 5वें अटैम्प्ट में मोहन बागान के कप्तान सुभाशीष बोस का शॉट रोका और मैच को अपनी टीम के पक्ष में कर दिया।

## सुरेंद्र यादव ने अपनी उम्मीदवारी को लेकर कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी चेयरमैन से की मुलाकात

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्यासी बनाए जाने को लेकर कांग्रेस नेता सुरेंद्र यादव ने पार्टी स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमेन गिरीश चोडनकर से मुलाकात कर पांकी विस की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने अपनी उम्मीदवारी पेश की। कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र से मुझे अपार जन समर्थन मिल रहा है। मुझे विश्वास है कि पार्टी पांकी विधानसभा से मुझे अपना उम्मीदवार बनाएगी। सुरेंद्र यादव के बारे में कहा जाय तो वे उन्होंने 2009 में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा से अपना किस्मत आजमा चुके है। विधानसभा के लोगों को लगभग 20 सालों से गरीब, दलित, असहाय,पिछडो की सेवा करते आ रहे है। क्षेत्र के लोगों के साथ किसी तरह का परेशानी होने पर उन्हें भरपूर सहयोग करने का काम करते है। चाहे रांची रिम्स अस्पताल में इलाज हो या किसी तरह का पैरबी हो। उन्हें पांकी विधानसभा मे अच्छी पकड़ माना जाता है।



# स्पोर्ट्स



पेरिस पैरालिंपिक के चौथे दिन भारत की शुरुआत खराब रही। 10 मीटर मिक्स्ड एयर राइफल में अवनि लेखरा और सिद्धार्त बारू क्वालिफिकेशन राउंड से बाहर हो गये हैं।

## पेरिस पैरालिंपिक : अवनि-सिद्धार्थ क्वालिफिकेशन राउंड से बाहर

# बैडमिंटन में मनीषा-नित्या सेमीफाइनल व राकेश आर्चरी क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

**पेरिस (आजाद सिपाही)।** पेरिस पैरालिंपिक के चौथे दिन भारत की शुरूआत खराब रही। 10 मीटर मिक्स्ड एयर राइफल में अवनि लेखरा और सिद्धार्थ बाबू क्वालिफिकेशन राउंड से बाहर हो गए। 632.8 के साथ अवनि 11वें तो 628.3 के साथ सिद्धार्थ 28वें स्थान पर रहे। अवनि ने दो दिन पहले विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड जीता था।



### पैरा बैडमिंटन : मनीषा रामदास सेमीफाइनल में

पैरा बैडमिंटन में भारत से मनीषा और नित्या ने सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। मनीषा रामदास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान की मामिको टोयोडा को 21-13 और 21-16 से हराया। वहीं विमेंस सिंगल्स के एसएच-6 क्वार्टरफाइनल में नित्या श्री सिवान ने पोलैंड की ओलिविआ सजमीजीएल को 21-4, 21-7 से हरा दिया। वहीं, भारत के राकेश कुमार कंपाउंड आर्चरी के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने इंडोनेशिया के केन स्वागुमिलांग को शूटआउट में हराया। 5 सेट के बाद दोनों ने 144-144 स्कोर किया। शूटआउट में राकेश ने 10 पॉइंटर स्कोर किया, जबकि केन 8 पॉइंट्स पर ही निशाना लगा सके।

**पैरा रोइंग :** पैरा रोइंग की रैंकिंग इवेंट में भारत फाइनल इ में दूसरे स्थान पर रहा। नारायण कोंगनापल्ले और अनीता की भारतीय जोड़ी ने 8:16.96 का समय लिया।

**पैरा शॉट पुट : रवि रोंगाली 5वें स्थान पर रहे :** मेंस शॉट पुट ऋ40 फाइनल में रवि रोंगाली 5वें स्थान पर रहे। उन्होंने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 10 मीटर दूर का थ्रो किया। फाइनल के दौरान रोंगाली ने अपना पर्सनल बेस्ट 10.63 मीटर दूर का थ्रो किया।

**पैरा शूटिंगः अवनि-सिद्धार्थ मिक्स्ड इवेंट से बाहर :** पैरा शूटिंग के 10 मीटर एयर राइफल के मिक्स्ड इवेंट में सिद्धार्थ और अवनि की जोड़ी फाइनल में जगह बनाने से चूक गई। साथ ही श्रीहर्ष देवरेड्डी रामकृष्ण भी 10 मीटर एयर राइफल के प्रोन रल्ठ-2 इवेंट के क्वालिफिकेशन राउंड से बाहर हो गए है। वे 630.2 स्कोर के साथ 26वें पोजीशन पर रहे। आज रेसर प्रीति पाल विमेंस 200 मीटर इवेंट में भाग लेंगी। प्रीती ने विमेंस 100 मीटर इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। पैरा बैडमिंटन के सेमीफाइनल में भारत के सुकांत कदम हमवतन सुहास एलवाई के खिलाफ खेलेंगे। मेंस सिंगल्स रछ-4 सेमीफाइनल में इस मैच के बाद भारत के लिए एक मेडल और पक्का हो जाएगा।

## वीमेंस बिग बैश के ड्राफ्ट में जेमिमा और दीप्ति शामिल

**कुल 6 भारतीय खिलाड़ी चुनी गईं, स्मृति मंधाना एडिलेड स्ट्राइकर्स से खेलेंगी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विमेंस बिग बैश लीग 2024 के ओवरसीज ड्राफ्ट में जेमिमा रॉड्रिग्स और दीप्ति शर्मा सहित 6 भारतीय खिलाड़ियों को चुना गया है। जेमिमा रॉड्रिग्स और शिखा पांडे ब्रिस्बेन हीट की तरफ से खेलेंगी। वहीं ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा मेलबर्न स्टार्स से खेलती नजर आएंगी। इससे पहले स्मृति मंधाना को डिफेंडिंग चैंपियन एडिलेड स्ट्राइकर्स ने प्री-ड्राफ्ट ओवरसीज खिलाड़ी के रूप में चुना था।

वहीं, विमेंस प्रीमियर लीग और विमेंस कैरेबियन लीग के बाद जेमिमा रॉड्रिग्स, जेस जोनासन और शिखा पांड़े विमेंस बिग बैश लीग में भी एक टीम से खेलती नजर आएंगी। तीनों ही खिलाड़ियों को ब्रिस्बेन हीट ने इस सीजन के लिए अपने साथ जोड़ा है। तीनों खिलाड़ी डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स और डब्ल्यूसीपीएल में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए एक टीम से खेल चुकी हैं।



### स्मृति मंधाना डिफेंडिंग चैंपियन से खेलेंगी

भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना विमेंस बिग बैश लीग के इस सीजन में डिफेंडिंग चैंपियन एडिलेड स्ट्राइकर्स से खेलती नजर आएंगी। उन्होंने फ्रेंचाइजी के साथ प्री-ड्रॉफ्ट ओवरसीजन कॉन्ट्रैक्स साइन किया है। वे ऐसा करने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी हैं। मंधाना के अलावा, कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रॉड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को भी के ड्रॉफ्ट में शामिल किया गया है। 28 साल की मंधाना लीग के 10 साल के इतिहास में चौथी टीम से खेलती नजर आएंगी। इससे पहले मंधाना ने 2016 में ब्रिस्बेन हीट, 2018-19 में होबार्ट हरिकेन्स, 2021 में सिडनी थंडर्स का हिस्सा रह चुकी हैं।

भारत की वाइस कैप्टन मंधाना 2023 में इस लीग का हिस्सा नहीं थीं। उन्होंने वर्कलोड मैनेजमेंट और घरेलू क्रिकेट के कारण लीग में हिस्सा नहीं लेने का फैसला लिया था। लीग का मौजूदा सीजन रविवार से शुरू हुआ।

### केट क्रॉस और लॉरेन फिलर शामिल

महिलाओं के ड्राफ्ट के लिए इंग्लैंड की केट क्रॉस और लॉरेन फिलर, दोनों पूरे सीजन के लिए उपलब्ध हैं। साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल, जिन्हें होबार्ट हरिकेंस द्वारा रिटेन किया जा सकता है। इस वर्ष के बीबीएल ड्राफ्ट के लिए 30 अलग-अलग देशों के खिलाड़ी के नाम मांगे गए थे। इसमें हांगकांग, युगांडा, जापान, ग्रीस, इंडोनेशिया और रोमानिया जैसे उभरते क्रिकेट देशों के भी खिलाड़ी है। ड्राफ्ट में कई बिग बैश आइकन की वापसी भी देखी गई है। हारिस रउफ, जिन्हें मेलबर्न स्टार्स द्वारा रिटेन किया जा सकता है। उन्होंने 6-9 गेम प्लस फाइनल के लिए नामांकन किया गया है। स्टार्स के साथ उनका पिछला कार्यकाल शानदार था। उन्होंने मेलबर्न स्टार्स को कई मैच जिताए थे।

**रफ्तार का कहर : मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों का हंगामा**

# निमियाघाट में ट्रैक्टर-बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** निमियाघाट थाना क्षेत्र के प्रतापपुर के पास सुबह ट्रैक्टर और बाइक की भिड़ंत में 29 वर्षीय एक युवक की मौत हो गयी। उसकी पहचान लोहेडीह निवासी रघु ठाकुर के रूप में हुई है। मृतक के पिता नारायण ठाकुर ने थाने में आवेदन देकर ट्रैक्टर के चालक तेजो साव पर लापरवाही से तेज गति से वाहन चलाने और बाइक में धक्का मारने का आरोप लगाते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस ने हादसे के लिए जिम्मेवार ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। जानकारी के मुताकि शनिवार की शाम अपनी रघु


पुलिस के कब्जे में ट्रैक्टर।

बाइक से अपनी मां रामेश्वरी देवी को लाने इसरी बाजार जा रहा था। तभी प्रतापपुर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार रघु ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से उसे रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, रविवार को निमियाघाट पुलिस जब शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेजने की तैयारी कर रही थी, तभी मृतक के परिजन व लोगों थाना परिसर में जमा हो गये और मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। इस बीच भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार और दिनेश महतो भी थाना पहुंच गये। सुरेंद्र कुमार का कहना था कि जिस बालू लदे ट्रैक्टर से यह घटना हुई है, वह निमियाघाट थाना में पदस्थापित पुलिस जवान या उनके परिजन का है। जो हजारीबाग जिले के इचाक का बताया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर है और इंश्योरेंस भी फेल है, पुलिस जांच का विषय बता रही है। बता दें की बराकर और जमुनिया नदी से प्रतिदिन दर्जनों ट्रैक्टर बालू लाद कर तेज गति से परिचालन करते हुए अपने गंतव्य की ओर आवागमन करते हैं जिससे दुर्घटना होने की संभावना हमेशा बनी रहती है। मृतक रघु ठाकुर अपने घर का एकमात्र कमाऊ पुत्र था। उसके निधन से माता-पिता, पत्नी, दोनों पुत्र एवं पुत्री का रो-रो कर बुरा हाल है।

# धनबाद कोयलांचल में प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर खुलेआम बिक रही शराब

## कई शिकायतों के बाद भी आबकारी विभाग के अधिकारी मौन, नहीं होती कार्रवाई

### प्रतिदिन करीब एक करोड़ रुपये की बिकती है शराब, प्रति बोतल 10 से 50 रुपये तक हो रही वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल में प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर सरकारी शराब की बिक्री बदस्तूर जारी है। पुटकी, बोररागढ़, झरिया और धनबाद स्टेशन सहित सभी सरकारी शराब दुकानों पर प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर अनायास ही शराब बिक्री करते देखा जा सकता है। हालांकि शिकायतों के बाद उत्पाद विभाग की ओर से कई बार घटना की जांच की खानापूर्ति तो की गयी, लेकिन अधिर दर पर शराब बेचने वाले दुकानदारों पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी।

#### जिले में संचालित है कुल 140 सरकारी दुकानें

जानकारी के मुताबिक धनबाद जिले में देशी-विदेशी मिलाकर कुल 140 सरकारी दुकानें संचालित होती है। जहां से प्रतिदिन करीब 90-95 लाख से लेकर एक करोड़ रुपये तक की




शराब की बिक्री होती है। पर लालच में दुकानदार ग्राहकों से छोटी बोतल (नीब पर 10 व पॉइंट पर 20 रुपये) जबकि बड़ी बोतल पर 40 से 50 रुपये तक प्रिंट रेट से अधिक की वसूली करते हैं। हालांकि यह कोई नया मामला नहीं है। इससे पहले भी कई दुकानों का प्रिंट रेट से अधिक रेट वसूलने पर ग्राहकों बदसलूकी व मारपीट तक की घटनाएं हो चुकी है। इससे जुड़ी कई शिकायतें भी विभाग को मिलती रहती है, लेकिन इस पर अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे दुकानदारों का मनोबल बढ़ा हुआ है। इसे लेकर महुदा बस्ती निवासी भोलु नाथ धीवर ने भाटडीह ओपी में लिखित शिकायत देकर शराब दुकान के कर्मी अजय राय, मनोज कुमार एवं आनंद राम पर गाली गलौज और मारपीट का आरोप लगा चुके हैं। उनका कहना है कि शुक्रवार की रात 9 बजे वह छत्रुटांड़ स्थित शराब दुकान से 2 बियर की बोतल खरीदी थी। जिस पर पैकिंग 2023 का था। जब उन्होंने बियर की बोतल लौटानी चाही तो दुकानन के कर्मियों ने उसे लेने से इन्कार कर दिया। इसी बात पर दुकानदार-ग्राहक के बीच विवाद हो गया। नौबत गाली-गलौज व मारपीच तक पहुंच गयी। कर्मचारियों का कहना था कि जिसे शिकायत करनी हो कर सकते हैं, उन्हें किसी का भय नहीं। हालांकि जब ग्राहक ने एक्सपायरी व प्रिंट दर से अधिक कीमत को लेकर हुई झड़प का वीडियो बनाया, तो दुकानदार अपना चेहरा छिपाते दिखे। वहीं, विक्की राय ने बताया कि उसने उत्पाद विभाग को कई बार प्रिंट रेट से अधिक कीमत वसूले जाने की लिखित शिकायत की, लेकिन दो साल बीतने को है पर कार्रवाई तो दूर उनकी शिकायत का क्या हुआ इसका कोई पता नहीं है।

## सड़क निर्माण में धांधली, ठेकेदार के खिलाफ गांववालों ने की शिकायत

**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** वार्ड नंबर 53 में सड़क निर्माण को लेकर ठिकेदार द्वारा कथित रूप से की गयी धांधली की शिकायत अब प्रशासन के पास पहुंच गई है। ग्रामीणों ने डीसी और नगर निगम आयुक्त को एक आवेदन देकर ठिकेदार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आवेदन में कहा गया है कि ठिकेदार ने निर्धारित दूरी तक सड़क निर्माण का कार्य केवल आधा ही पूरा किया। बोर्ड के अनुसार, सड़क निर्माण का कार्य नवंबर 2023 में शुरू होना था और फरवरी 2024 तक पूरा होना था। हालांकि, ठिकेदार ने कार्य की शुरूआत जून-जुलाई की बारिश में ही कर दी और कार्य अधूरा छोड़ दिया। आरोप है कि ठिकेदार ने गांव के कुछ लोगों के साथ मिलकर आधे अधूरे काम के साथ कार्य को समाप्त कर दिया। ग्रामीणों ने इसकी जांच के साथ ही ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है। उदर, शिकायत के बाद डीसी और नगर निगम आयुक्त ने उचित कार्रवाई का आश्वासन भी दिया है। कहा कि इस मामले की जांच की जाएगी, ताकि दोषियों के खिलाफ आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

## अस्पताल निर्माण की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं: सदानंद महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**तोपचांची।** तोपचांची में 3.47 करोड़ रुपये की लागत से 50 बेड का क्षेत्रीय अस्पताल का निर्माण हो रहा है। रविवार को तोपचांची के विभिन्न पंचायत के सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता अस्पताल निर्माण के स्थल निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि तोपचांची के लिए यह क्षेत्रिय अस्पताल बहुत महत्वपूर्ण है। हम अपने क्षेत्रीय अस्पताल निर्माण की गुणवत्ता एवं अस्पताल निर्माण में उपयोग होने वाले पदार्थ को देखने के लिए जुटे हैं। वहीं सदानंद महतो ने कहा कि शिलान्यास में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, सांसद प्रतिनिधि, राजग गठबंधन के कार्यकर्ता को सूचना नहीं देना प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। इसकी शिकायत सांसद से की जाएगी और विभागीय इंजीनियर, संवेदक पर कार्रवाई की मांग करेंगे। इस मौके पर रमेश जायसवाल, सोमर साव, अमर धीवर, सजय कुमार और अमर जायसवाल आदि मौजूद थे।

## जेपी अस्पताल ने पूर्वी टुंडी में लगाया नि:शुल्क जांच शिविर, दी गयी दवाइयां

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोला कुसमा, मेझिलाडीह बलियापुर रोड स्थित जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ने पूर्वी टुंडी स्थित लटानी में रविवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। अस्पताल के अध्यक्ष प्रदीप मंडल ने कहा कि ग्रामीणों की बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिए आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में लटानी व आसपास के गांवों के सैकड़ों बच्चों,महिलाओं व पुरुषों की विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा स्वास्थ्य की जांच की गयी और उन्हें नि:शुल्क दवाएं दी गयी। कहा कि जागरूकता के अभाव में ग्रामीण अपने स्वास्थ्य की जांच



नहीं करा पाते हैं। इसके लिए अस्पताल की ओर से गठित टीम वैसे जरूरतमंदों का नि:शुल्क इलाज करने की व्यवस्था करती है जेपी अस्पताल के प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने कहा कि ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य जांच अभियान अस्पताल की ओर से निरंतर जारी रहेगा।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## बैदकारो पूर्वी में प्रकंड प्रमुख गिरिजा देवी ने किया शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास

**बैदकारो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बैदकारो पूर्वी पंचायत अंतर्गत गांधीनगर मध्य विद्यालय के समीप खेल मैदान में स्थित सामुदायिक भवन के पास रविवार को बेरमो प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी ने 2.5 लाख रुपये की लागत से बनने वाले शौचालय का शिलान्यास शीलापट का अनावरण करके किया। प्रखंड प्रमुख गिरिजा देवी ने कहा कि पंचायत में सामुदायिक शौचालय निर्माण होने के बाद ग्रामीणों के सहयोग से शौचालय का रखरखाव के साथ पंचायत को स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी। इस मौके पर उप मुखिया गुड़िया रानी, मुखिया प्रतिनिधि टीपू महतो, पूर्व प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र झा, समाजसेवी कार्तिक महतो, विजय यादव, बिगन रजक, उप मुखिया प्रतिनिधि पवन कुमार सिंह और संवेदक आकाश महतो आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## तेनुघाट जेल में कैदियों की जांच के लिए लगा शिविर

**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** तेनुघाट जेल में बंद कैदियों के लिए रविवार को जांच शिविर लगाया गया। जिसमें जिला यक्षमा पदाधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार झा, डॉ शंभू कुमार ने बारी-बारी से बंदियों की जांच की। इस बाबत तेनुघाट के जेलर नीरज कुमार ने बताया कि जेल में वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर हमेशा बंदियों की जांच करायी जाती है, ताकि उनमें किसी भी तरह की बीमारी पाये जाने पर उसका तुरंत इलाज कराया जा सके । इसी के तहत इस दिन तेनुघाट जेल में बंदियों का एचआईवी, टीवी, यौन संक्रमित रोग, हेपेटाइटिस आदि बीमारियों की जांच की गयी। इस दौरान 186 बंदी और जेल कर्मियों की जांच की गयी। हालांकि जांच में किसी में भी कोई बीमारी नहीं पाई गई। सभी स्वस्थ पाए गए। इस मौके पर लैब टेक्नीशियन परमानंद दास, एसटीएलएस अमीर हुसैन, कोऑर्डिनेटर नंदिनी सिंह, कंपाउंडर संजय कुमार मंडल आदि मौजूद थे।

## रक्तदान शिविर में 20 यूनिट रक्त संग्रह

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, शरबत दा भला सेवा सोसाइटी, गुरु सिंह सभा जोड़ाफाटक रोड के संयुक्त




तत्वावधान में रविवार को जोड़ा फाटक छोटा गुरुद्वारा सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 20 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर को सफल बनाने में रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार सिंह, संयुक्त सचिव दिलीप सिंह, कुमार मधुरेंद्र सिंह, नोडल प्रभारी बेनजीर आशीष अग्रवाल, देवेंद्र कुमार, अनिल कुमार भगत आदि के अलावे शरबत दा भला सेवा सोसाइटी धनबाद गुरु सिंह सभा जोड़ाफाटक रोड के पदाधिकारियों का अहम योगदान रहा। शिविर के उद्घाटन के मौके पर कांग्रेस नेता रणविजय सिंह, झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, आजसू जिला अध्यक्ष मंटू महतो, पुराना बाजार चेंबर के पूर्व अध्यक्ष सोहराब खान, वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी, राजेश गुप्ता आदि उपस्थित हुए। वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। लोगों का एक-एक यूनिट रक्तदान कीमती है। इससे जरूरतमंदों की जान बच सकती है। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनी सिंह सरदार, प्रितपाल सिंह, नितिन भट्ट रंजित सिंह, आशीष, ब्रिजेश और निर्भय आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने को बेरमो थाना प्रभारी ने की महिलाओं के साथ बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने फुसरो स्थित ब्लॉक कॉलोनी पहुंचकर महिलाओं के साथ बैठक की। थाना प्रभारी ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि व चोरी रोकने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरा जरूर लगायें। किसी भी तरह की घटना होने पर तुरंत पुलिस को



सूचना दे। सभी मुहल्ले में चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है, जो दिन-रात गश्त लगा रही है। रात में बाइक से पुलिस पेट्रोलिंग करेगी ताकि और चोरी की घटनाएं ना हो। उन्होंने चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए स्थानीय लोगों को भी सतर्क रहने को कहा। बतातें चलें कि विगत दिनों यहां की दर्जनों महिलायें थाना पहुंचकर चीरी की लिखित आवेदन दी थी। इस मौके पर पूर्व नप चेयरमैन सह भाजपा नेता कृष्ण कुमार, प्रशांत सिंह, पिंकू गुप्ता, सुशीला देवी, गीता देवी, नमिता देवी, पिंकी सिंह, सविता देवी, रेणु देवी, संयुक्ता देवी, आशा देवी, रेणु देवी आदि मौजूद थे।

## काली मंदिर बचाने को लेकर प्रदर्शन, ऐना आउटसोर्सिंग का कार्य एक घंटे ठप

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल के ऐना आउटसोर्सिंग में रविवार को आरके आउटसोसिंग का कार्य स्थानीय लोगों ने एक घंटे तक ठप कर दिया। आंदोलन का नेतृत्व पूर्व पार्षद निरंजन कुमार ने किया। लोगों का आरोप था कि आउटसोर्सिंग कार्य तेजी से बढ़ रहा है। आउटसोर्सिंग स्थल से मां काली मंदिर 30 मीटर की दूरी शेष रह गयी है। फिलहाल कार्य नहीं रुका तो प्राचीन काली मंदिर का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा, जो उन्हें बर्दाश्त नहीं है। प्रबंधन इस पर ध्यान नहीं दे रहा। हालांकि कार्य ठप होने के बाद आउटसोर्सिंग के पक्ष में क्षेत्र के कुछ लोग उतर आए। इनलोगों ने पार्षद पर अपने स्वार्थ के चलते बेवजह आंदोलन करने का आरोप लगाया। इस मामले को लेकर पूर्व पार्षद निरंजन कुमार ने घटना की सूचना झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह को फोन पर दी। विधायक ने मामले को संज्ञान में लेते हुए मंदिर का अस्तित्व बचाने की बात कही। इधर, दूसरे पक्ष के लोगों का कहना है कि जमीन में दरार बढ़ने के बाद हमलोगों ने परियोजना का काम ठप कराया था। हमलोगों के दबाव के बाद ही मंदिर का अस्तित्व बचाने को लेकर प्रबंधक दरारे पड़े स्थल पर भराई करने के साथ बेंचनुमा मार्ग बनाया जा रहा है। उधर खबर पाकर झरिया व बोरगढ़ पुलिस के साथ ही सीआईएसएफ जवान भी वहां पहुंच गये। पूर्व पार्षद निरंजन कुमार ने विनोद कुमार के खिलाफ झरिया थाना में शिकायत की है। आरोप लगाया है कि विनोद कुमार नामक व्यक्ति लठैत के साथ उन पर हमला किया और जाति सूचक गाली दी। इस संबंध में झरिया इंस्पेक्टर ने कहा कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## राजकमल सरस्वती शिशु मंदिर में श्री कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** संस्कार भारती की ओर से बाल चेतना को संस्कारिता एवं आत्मविकास की दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से श्री कृष्ण बाल रूप-सज्जा प्रतियोगिता का अशोक नगर स्थित राजकमल सरस्वती



शिशु मंदिर में आयोजन हुआ। जिसमें शहर के कई बच्चों ने भाग लिया और श्री कृष्ण के विभिन्न रूपों का सजीव प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में शामिल असर्फी अस्पताल के सीइओ हरेंद्र सिंह ने बच्चों को प्रेरित किया और उनके आत्मविकास में संस्कारों की महत्ता पर बल दिया। कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में संस्कार और संस्कृति के प्रति जागरूकता उत्पन्न करते हैं, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। वहीं, धनबाद के सहायक श्रमायुक्त प्रवीण कुमार ने भी बच्चों के उत्साह की सराहना की और ऐसे आयोजनों को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया। 1

## चिन्मय विद्यालय में कृष्ण बाल रूप सज्जा व नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

# बच्चों में संस्कार भरने का संस्कार भारती का प्रयास प्रशंसनीय है : बिरंची नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** साहित्य व ललित कलाओं की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की बोकारो जिला इकाई की ओर से चिन्मय विद्यालय सभागार में कृष्ण बाल रूप सज्जा व नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बोकारो विधायक बिरंची नारायण व उनकी पत्नी नीना नारायण, चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा, उप प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार सिंह, संस्कार भारती के क्षेत्र प्रमुख डॉ संजय कुमार चौधरी, बोकारो जिला इकाई अध्यक्ष अमरजी सिन्हा और सचिव स्वरूप शेखर पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान संस्कार भारती की ओर से अतिथियों को तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। चिन्मय विद्यालय के विद्यार्थियों ने लघुनाटक नरसिंह अवतार की सुंदर प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। संस्कार भारती, बोकारो जिला इकाई की रजनी पाढ़ी के



श्रीकृष्ण-राधा रूप धारण किये बाल कलाकार व मौके पर पत्नी सहित उपस्थित विधायक बिरंची नारायण व अन्य।

संयोजन में सफलतापूर्वक आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बालकृष्ण व राधा का रूप धरे प्रतिभागियों ने आकर्षक परिधान से सबका मन मोह लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में डॉ शुभ्रा मुखोपाध्याय, चित्रा चटर्जी व डॉ वर्तिका सिन्हा शामिल थीं। इस अवसर पर विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि संस्कार भारती द्वारा इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में संस्कार भरने का कार्य प्रशंसनीय व अनुकरणीय हैं। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए इस तरह के आयोजन के लिए संस्कार भारती व चिन्मय विद्यालय के योगदान की सराहना की। वहीं, चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने भारतीय सांस्कृतिक विरासत से भावी पीढ़ी को जोड़ने के लिए संस्कार भारती के कार्यों की प्रशंसा की। जबकि डॉ संजय कुमार चौधरी ने अपने संबोधन में सनातन संस्कृति के प्रति बच्चों में अनुराग जगाने के लिए इस तरह के आयोजन को जरूरी बताया। मंच संचालन अभिनव व रजनी पाढ़ी ने किया। इस मौके पर संस्कार भारती के प्रांतीय चित्रकला सह प्रमुख सरोज मिश्रा, बोकारो जिला इकाई कार्यकारिणी के अरुण पाठक, अर्चना चौधरी, रामाशीष सिंह, नागेंद्र सिंह, आशीष कुमार, राजेश चौधरी, अनुराग कुमार, किम्मी कुमारी, रीना सिन्हा, चिन्मय विद्यालय के संगीत शिक्षक शिवेन चक्रवर्ती, रुपक झा आदि उपस्थित थे।

## लिलौरी मंदिर में कौशिक अमावस्या समारोह आज

**कतरास (आजाद सिपाही)।** कौशिक अमावस्या समारोह सोमवार को लिलौरी




मंदिर श्मशान मां तारा मंदिर में आयोजित होगा। जिसकी तैयार को लेकर रविवार को संवाददाता सम्मेलन की गयी। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि साज सज्जा, लाइटिंग के साथ ही जगह-जगह तोरणद्वार बनाया गया है। इस बार भी भव्य कार्यक्रम होगा। अनुमान है कि 40 से 50 हजार भक्त जुटेंगें। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे होगा। इसके बाद 11.30 बजे से भंडारा, शाम सात बजे से महा भोग और 10 बजे हवन होगा। मौके पर अध्यक्ष आकाश डोम, सचिव अरबिंद ठाकुर, कोषाध्यक्ष नमित साव, संरक्षक मनबोध स्वर्णकार, चुन्ना यादव, राजेश स्वर्णकार, अयोध्या ठाकुर, विक्की डोम, संतोष चौहान, चंदन चौहान, धनंजय साहू, प्रकाश यादव, प्रभात मिश्रा, बबलू बर्मन आदि मौजूद थे।

## धनबाद में युवा परिवर्तन यात्रा का आयोजन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मयूर शेखर झा की अगुवाई में रविवार को शहर में युवा परिवर्तन यात्रा का आयोजन किया। यह यात्रा भूली से शुरू हुई और दुर्गा मंदिर होते हुए



वीर कुंवर सिंह चौक तक गई। इसका मुख्य उद्देश्य धनबाद को एक बेहतर और विकसित शहर बनाना है। मयूर शेखर झा ने कहा कि हमारी यात्रा का लक्ष्य धनबाद को एक समृद्ध और आधुनिक शहर बनाना है। इसके लिए हम पूरे शहर में जागरूकता फैलाना चाहते हैं। यात्रा में शामिल लोगों ने शहर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए प्रमुख स्थानों पर रुककर स्थानीय निवासियों को इस पहल के महत्व के बारे में बताया।

# अश्विनी वैष्णव ने वंदे भारत स्लीपर कोच का निरीक्षण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर नयी दिल्ली।** रविवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु में वंदे भारत स्लीपर कोच का निरीक्षण करने के बाद एएनआई से बात करते हुए कहा कि वंदे चेयर कार, वंदे स्लीपर, वंदे मेट्रो और अमृत भारत जैसी चार ट्रेनों को आधुनिक तकनीक से लैस किया गया है। पैसेंजर की सेफ्टी के साथ साथ लोको पायलट और अटेंडेटस की सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया है। इन सभी ट्रेनों को नये तरीके से डिजाइन किया गया है। लोको कैब को बेहतर बनाया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर इन ट्रेनों में कवच प्रीफिटेड है। इन ट्रेनों के ट्रायल में डेढ़ से दो महीने का समय लगेगा। तीन महीने बाद यह ट्रेन यूज में आयेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन मिडिल क्लास की सवारी है। इसलिए उसका किराया भी राजधानी के साथ बेंचमार्क किया जायेगा। अगर आप वर्ल्ड की बेस्ट ट्रेन के साथ वंदे भारत की तुलना करेंगे तो वंदे भारत स्लीपर उस बेंच मार्क के तहत आयेगी।

# चिकिटी में जहरीली शराब से मृतकों की संख्या तीन हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रविवार को गंजाम जिले के चिकिटी में जहरीली शराब कांड में एक और व्यक्ति की मौत हो गई है। इसके साथ ही इस मामले में मृतकों की संख्या बढ़कर तीन हो गयी। मृतक की पहचान चिकिटि ब्लॉक के जनासाही निवासी लक्ष्मण बेहेरा के रूप में हुई है। लक्षण की मौत ब्रह्मपुर के एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान हुई। मिलावटी शराब पीने से बीमार हुए चार अन्य लोग भुबनी सेठी, प्रदीप बेहेरा, बाउरी सेठी और खलिआ सेठी का फिलहाल एमकेसीजी आईसीयू में इलाज चल रहा है।

पुलिस ने शराब से हुई मौतों के मामले में अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आबकारी विभाग ने 7 लोगों को गिरफ्तार किया है. घटना के मुख्य आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

## 2273 करोड़ के जुआ रैकेट के सरगना को गुजरात लाया गया

अहमदाबाद (आजाद सिपाही)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने गुजरात पुलिस और एनसीबी अबू धाबी के साथ एक प्रयास में यूएई में पकड़े गए 2,273 करोड़ रुपये से अधिक के जुआ रैकेट के सरगना को गुजरात वापस लाया गया। आरोपी दीपककुमार धीरजलाल ठक्कर के खिलाफ रेड नोटिस जारी किया गया था। सीबीआई की तरफ से जारी एक बयान में बताया गया कि गुजरात पुलिस ने आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक साजिश, सबूतों को गायब करने और जुआ रोकथाम अधिनियम के तहत अपराधों के मामलों में वांछित आरोपी दीपककुमार ठक्कर के खिलाफ रेड नोटिस जारी किया था।

# एनटीपीसी बोंगाईगांव को मिले तीन प्रतिष्ठित पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** रविवार को एनटीपीसी बोंगाईगांव ने केरल के कोझिकोड में इंडो-कॉन्टिनेंटल ट्रेड एंड एंटरप्रेन्योरशिप प्रमोशन काउंसिल द्वारा आयोजित प्रथम टस्कर नेशनल अवार्ड्स में तीन प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 750 मेगावाट बिजली स्टेशन ने तीन श्रेणियों में सम्मान हासिल किया, जो विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। एनटीपीसी बोंगाईगांव को पर्यावरणीय स्थिरता और जागरूकता के प्रति स्टेशन के समर्पण को प्रदर्शित करने वाली प्रवासी पक्षियों पर अपनी सम्मोहक फिल्म के लिए लघु फिल्म श्रेणी में स्वर्ण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पावर स्टेशन ने युवा लड़कियों के बीच शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में अपने प्रभावशाली प्रयासों को मान्यता देते हुए, अपने गर्ल एम्पावरमेंट मिशन (जीईएम) मेंटरशिप और रोल मॉडल प्रोग्राम 2024 के लिए भी गोल्ड जीता। इसके अतिरिक्त, एनटीपीसी बोंगाईगांव को एनटीपीसी में कॉर्पोरेट संचार पहल में उत्कृष्टता के लिए रजत पुरस्कार मिला, जो इसकी प्रभावी संचार रणनीतियों और हितधारकों की भागीदारी को उजागर करता है।

ओम नारायण सिंह एजीएम (सी एंड एम) ने कोझिकोड में आयोजित समारोह के दौरान डॉ टी विनय कुमार अध्यक्ष और के रवींद्रन निदेशक कॉर्पोरेट भागीदारी और संचार, भारत-महाद्वीपीय व्यापार और उद्यमिता संवर्धन परिषद की उपस्थिति में केरल सरकार के पीडब्ल्यूडी और पर्यटन मंत्री पीए मोहम्मद रियास से एनटीपीसी बोंगाईगांव की ओर से पुरस्कार प्राप्त किए।

## शिवराज सिंह चौहान ने बंगाल की घटना पर ममता बनर्जी और कांग्रेस पर साधा निशाना

# महिला होने के बाद भी ममता के मन में संवेदना नहीं है

- बंगाल में अन्याय की अति और जुर्म की पराकाष्ठा है
- कांग्रेस बंगाल की घटना पर राजनीतिक चश्मा लगाए हुए है
- कांग्रेस बंगाल की घटना पर राजनीतिक चश्मा लगाए हुए है



आजाद सिपाही संवाददाता

**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पश्चिम बंगाल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या के गंभीर मामले में ममका बनर्जी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि, ममता बनर्जी निर्मम हो गई है। इस घटना से पूरा देश आक्रोशित और शर्मसार है। पश्चिम बंगाल सरकार इस मामले को दबाने का प्रयास कर रही है। वहीं चौहान ने कांग्रेस को आड़े हाथो लेते हुए कहा कि, कांग्रेस तो ऐसी घटना पर भी राजनीतिक चश्मा लगाए हुए हैं। अपनी सुविधा जहां जैसी होती है, वैसा बोलते हैं। दुख होता है कि, कांग्रेस ने बंगाल जैसी गंभीर घटना पर एक प्रतिक्रिया तक नहीं दी। साथ ही चौहान ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और जेएमएम पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि, जेएमएम की सरकार ने झारखंड को तबाह और बर्बाद कर दिया है। ये चुनाव झारखंड को बचाने का चुनाव है और इसलिए झारखंड में अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनना तय है।

### ममता बनर्जी संवेदनशून्य हो गयी हैं

पश्चिम बंगाल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई घटना को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा है। श्री चौहान ने कहा कि, सारा देश चिंतित है, सभी दुखी और व्यथित हैं, देश आक्रोशित भी है। महामहिम राष्ट्रपति जी हों, आदरणीय प्रधानमंत्री हों, सम्मानिय सुप्रीम कोर्ट हों या आम जनता हों सभी एक स्वर में इस घटना की न केवल निंदा कर रहें हैं, बल्कि बेटियों की सुरक्षा पर चिंता भी व्यक्त कर रहे हैं, लेकिन ममता निर्मम हो गयी हैं, महिला होने के बावजूद भी ममता बनर्जी के मन में बेटी के लिए कोई संवेदना नहीं है। वह संवेदनशून्य हो गई हैं। ऐसी घटना पर भी वह द्रवित नहीं होती हैं। मामला दबाने की कोशिश की जा रही हैं, अब ट्रेनी डॉक्टर के मामले में ही पहले माता-पिता को फोन कर कहा गया कि, बेटी बीमार है। फिर कह दिया कि, बेटी ने आत्महत्या कर ली। घंटों तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई और एफआईआर दर्ज होने के बाद सबूत मिटाने घटनास्थल पर भीड़ घुस गयी और पुलिस केवल हाथ बांधकर देखती रही। ये अन्याय की अति और जुर्म की पराकाष्ठा है, ये जुर्म पश्चिम बंगाल में लंबे समय तक नहीं चलेगा। पूरा देश आहत है और ममता बनर्जी को पश्चिम बंगाल में इसका परिणाम भूगतना पड़ेगा।

# बड़गड़ गणेश महोत्सव में लालबाग आकार की 57 फीट की गणेश मूर्ति



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रविवार को इस बार बडगड के प्रसिद्ध गणेश पूजा महोत्सव में महाराष्ट्र लालबाग के आकार के 57 फीट ऊंचे गणेश, 12 फीट ऊंचे मूषक वाहन की पूजा की जायेगी। 2018 में 35 फीट ऊंची और 2023 में 55 फीट ऊंची मूर्ति की पूजा की गयी। पूजा के आयोजकों, ब्राइट स्टार यूथ एसोसिएशन और बडगड़ गणेश महोत्सव पूजा समिति ने रविवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस बार पूजा का मुख्य आकर्षण 10 किलोग्राम वजन का चांदी का पैर और 57 किलोग्राम का लड्डु होगा। गणेश महाप्रभु के पहनने के लिए एक कीमती वस्त्र सोनपुर के एक बुनकर श्री विक्रम मेहेर ने बुना है। इन बस्त पर 54 हजार रुपये खर्च किए गए हैं। बुनकरों को इन वस्त्र को तैयार करने में महीनों लग गए हैं। श्री गणेश की मूर्ति में प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जायेगा श्री गणेश महाप्रभु जी की वस्त्र के लिए यह कीमती वस्त्र सोनपुर के बुनकर श्री विक्रम मेहेर द्वारा बुना गया है। इस परिधान वस्त्र पर 54 हजार रुपये खर्च हुए हैं। इस वस्त्र को तैयार करने में एक महीने का समय लगा है। भगवान गणेश की मूर्ति में प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जायेगा। इसके साथ ही यह टाइटैनिक के आकार के लाइट तोरण से भी सुसज्जित होगा। रोज शाम को भक्तों को भगवान गणेश जी का खेचुड़ी प्रसाद वितरित किया जायेगा। इस बार जकजामक में 7 दिनों तक पूजा मनायी जायेगी। पूजा मंडपों में जर्मन हैंगर शेड, मिनी पगोडा बनाए जायेंगे। पूजा मंडप में दिबांग और बुजुर्ग लोगों के लिए व्हीलचेयर की सुविधा है। समिति संपादक संग्राम मार्था की सीधी देखरेख में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में हॉलीवुड स्टार अर्चना पाढ़ी, इरा महांति, कुलदीप पटनायक सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन में कई लोग उपस्थित थे।

## जलभराव के कारण कई ट्रेनें रद्द

# कुछ परिवर्तित मार्ग से गयीं, कुछ आंशिक रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रविवार को भारी बारिश के कारण स्टेशनों और पटरियों पर जलभराव के कारण ट्रेनों को रद्द करना, आंशिक रूप से रद्द करना और ट्रेन का मार्ग परिवर्तन। **रद्दीकरण :** 20810 नांदेड़-संबलपुर एक्सप्रेस 02.09.2024 को नांदेड़ से 18520 एलटीटी-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस 03.09.2024 को एलटीटी से 20833 विशाखापत्तनम-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 02.09.2024 को विशाखापत्तनम से। 20834 सिकंदराबाद-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस 02.09.2024 को सिकंदराबाद से। 20707/20708 सिकंदराबाद-विशाखापत्तनम-सिकंदराबाद 02.09.2024 को दोनों ओर से। **आंशिक रद्दीकरण :** 20809 संबलपुर-नांदेड़ एक्सप्रेस संबलपुर से 01.09.2024 पर विशाखापत्तनम से नांदेड़ के लिए रद्द रहेगी। **ट्रेन का मार्ग परिवर्तन :** 20819 पुरी-ओखा एक्सप्रेस 01.09.2024 को पुरी से खुर्दा रोड, विशाखापत्तनम, विजयनगरम, रायगड़ा, टिटिलागड, रायपुर, नागपुर, वर्धा होते हुए चलेगी। 20805 विशाखापत्तनम-नई दिल्ली एक्सप्रेस विशाखापत्तनम से 01.09.2024 पर विजयनगरम-रायपुर-नागपुर होते हुए जायेगी। भुवनेश्वर से 11020 भुवनेश्वर-मुंबई कोणार्क एक्सप्रेस 01.09.2024 पर बिजयवाड़ा, गुंटूर, सिकंदराबाद होते हुए गुजरेगी। 12803 विशाखापत्तनम-निजामुद्दीन एक्सप्रेस विशाखापत्तनम से 02.09.2024 पर विजयनगरम, रायगढ़ा, टिटिलागढ़, रायपुर-नागपुर होते हुए गुजरेगी। 18520 एलटीटी-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस एलटीटी से 01.09.2024 पर सिकंदराबाद, पगिडीपल्ली, गुंटूर होते हुए गुजरेगी। 12804 निजामुद्दीन - विशाखापत्तनम एक्सप्रेस 01.09.2024 को निजामुद्दीन से नागपुर, रायपुर, टिटिलागढ़, रायगडा, विजयनगरम के रास्ते चलेगी। 11019 मुंबई-भुवनेश्वर कोणार्क एक्सप्रेस मुंबई से 01.09.2024 पर सिकंदराबाद, पगिडीपल्ली, गुंटूर, विजयवाड़ा होते हुए गुजरेगी।

# अमरेली में तेंदुए के हमले में दो वर्षीय बच्चे की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**अमरेली।** गुजरात के अमरेली जिले में एक दो वर्षीय बच्चे को तेंदुए ने मार डाला। वन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना शनिवार शाम गरमली गांव के पास हुई। दाहोद के रहने वाले एक खेतिहर मजदूर का बेटा चिराग खेल रहा था, तभी तेंदुए ने बच्चे पर हमला कर दिया। जानवर ने बच्चे को उठा लिया और कुछ दूर भाग गया और उसके पिता द्वारा पीछा करने पर उसे गिरा दिया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि जिस इलाके में यह घटना हुई, वह गिर इस्ट डिवीजन के जंगल का हिस्सा है और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाये गये हैं।

## युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की साजिश का मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और देश में इस्लामी विचारधारा स्थापित करने की अंतरराष्ट्रीय साजिश में शामिल मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अजीज अहमद उर्फ जलील अहमद को विदेश फरार होने की कोशिश करते समय बंगलूरू एयरपोर्ट से एनआइए ने पकड़ा। एजेंसी ने यह गिरफ्तारी छह लोगों के खिलाफ दर्ज मामले में की है। ये सभी हिज्ब-उत-तहरीर की चरमपंथी विचारधारा से प्रभावित हैं। यह एक अंतरराष्ट्रीय इस्लामी और कट्टरपंथी संगठन है। यह इस्लामी विचारधारा स्थापित करने और अपने संस्थापक तकी अल-दीन अल-नभानी के लिखे गये संविधान को लागू करने के लिए संघर्ष कर रहा है।

## बांग्लादेश के सात घुसपैठिये त्रिपुरा में पकड़े गये



**अगरतला (आजाद सिपाही)।** बिना वैध दस्तावेजों के त्रिपुरा में घुसने वाले पांच बांग्लादेशी और दो रोहिंग्याओं को त्रिपुरा के दो अलग-अलग इलाकों से गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के कर्मियों ने अगरतला स्टेशन से दो लोगों को हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान दोनों लोगों ने स्वीकार किया कि वे पड़ोसी देश के कॉक्स बाजार रोहिंग्या शिविर में रह रहे थे। अगरतला जीआरपी पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी तपस दास ने बताया, रमजान अली और अजीदा बेगम ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पार की और ट्रेन से कोलकाता जाने की योजना बनायी। एक अन्य घटना में, शनिवार को धलाई जिले में पांच बांग्लादेशी घुसपैठियों और दो संदिग्ध भारतीय दलालों को गिरफ्तार किया गया। बीएसएफ के एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किये गये सभी बांग्लादेशी पड़ोसी देश के मौलवीबाजार और सिलहट जिलों के निवासी हैं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**